वर्ष 10 अंक 264
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
2 जुलाई 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in
DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 तृणमूल के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की...
06 चिराग : महत्वाकांक्षा की लौ- ऋषभदेव शर्मा
11 स्मृति मंधाना आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर










# डिजिटल इंडिया ने अंतराल को पाटा, अवसरों को लोकतांत्रिक बनाया: प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई 'डिजिटल इंडिया' पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है।

'लिंक्डइन' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। उन्होंने कहा, ''जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है।''

मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर



केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी दुनिया में सबसे तेजी से लागू हो रहा है, जिसमें केवल दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों और अग्रिम सैन्य चौकियों तक पहुंचता है, जिसमें गल्वान, सियाचिन और लद्दाख शामिल हैं।

मोदी ने कहा कि 2014 में जब उनकी सरकार सत्ता में आई थी, तब इंटरनेट की पहुंच सीमित थी, डिजिटल साक्षरता कम थी और सरकारी सेवाओं तक ऑनलाइन पहुंच बहुत कम थी। उन्होंने कहा कि कई लोगों को संदेह था कि क्या भारत जैसा विशाल और विविधतापूर्ण देश वास्तव में डिजिटल हो सकता है। उन्होंने कहा, ''आज, उस प्रश्न का उत्तर केवल डेटा और डैशबोर्ड में नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के जीवन में मिल रहा है। हम कैसे शासन करते हैं, कैसे सीखते हैं, लेन-देन करते हैं और कैसे निर्माण करते हैं..., डिजिटल इंडिया हर जगह है।'' उन्होंने कहा कि दस साल पहले, भारत ने बड़े दृढ़ विश्वास के साथ एक अज्ञात क्षेत्र में साहसिक यात्रा शुरू की थी।

मोदी ने कहा कि एक दशक बाद, इस यात्रा ने अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ है और सशक्तीकरण के एक नए युग की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि भारत ने 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक संकल्प द्वारा संचालित डिजिटल भुगतान में प्रगति की है। मोदी ने कहा कि 'इंडिया स्टैक' ने यूपीआई जैसे प्लेटफार्म को सक्षम बनाया है, जो अब एक वर्ष में 100 अरब से अधिक लेनदेन को संभालता है। उन्होंने कहा कि लगभग आधे 'रियल टाइम' डिजिटल लेनदेन भारत में होते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से, 44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे नागरिकों को हस्तांतरित की गई, जिससे बिचौलियों को हटाया गया है और 3.48 लाख करोड़ रुपये के 'लीकेज' को रोका गया है। उन्होंने कहा कि 'स्वामित्व' जैसी योजनाओं में 2.4 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्ड जारी किए गए हैं और 6.47 लाख गांवों का मानचित्रण किया गया है, जिससे वर्षों की अनिश्चितता समाप्त हो गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था एमएसएमई और छोटे उद्यमियों को सशक्त बना रही है जैसा पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि ओएनडीसी (डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क) एक क्रांतिकारी मंच है जो खरीदारों और विक्रेताओं के विशाल बाजार के साथ सहज संपर्क प्रदान करके अवसरों की एक नई खिड़की खोलता है। उन्होंने कहा कि जीईएम (सरकारी ई-बाजार) आम आदमी को सरकार के सभी अंगों को सामान और सेवाएं बेचने में सक्षम बनाता है, यह न केवल आम आदमी को एक विशाल बाजार के साथ सशक्त बनाता है बल्कि सरकार के लिए पैसे भी बचाता है। उन्होंने कहा, ''कल्पना कीजिए: आप मुद्रा ऋण के लिए ऑनलाइन आवेदन करते हैं। आपकी ऋण योग्यता का मूल्यांकन एक खाता एग्रीगेटर ढांचे के माध्यम से किया जाता है। आपको अपना ऋण मिलता है और आप अपना उद्यम शुरू करते हैं। आप जीईएम पर पंजीकरण करते हैं, स्कूलों और अस्पतालों को आपूर्ति करते हैं, और फिर ओएनडीसी के माध्यम से आगे बढ़ते हैं।'' उन्होंने कहा कि ओएनडीसी ने हाल में 20 करोड़ लेनदेन के आंकड़े को पार कर लिया है, जिसमें से अंतिम 10 करोड़ केवल छह महीनों में हुए हैं। मोदी ने कहा कि बनारसी बुनकरों से लेकर नगालैंड के बांस कारीगरों तक, विक्रेता अब बिचौलियों या डिजिटल एकाधिकार के बिना देश भर के ग्राहकों तक पहुंच रहे हैं।

## 'खेलो भारत' नीति को कैबिनेट की मंजूरी: मोदी ने ऐतिहासिक बताया




**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को 'खेलो भारत नीति' को अपनी सरकार की ओर से मंजूरी दिए जाने के बाद कहा कि यह भारत के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और देश को खेलों का केंद्र बनाने के प्रयासों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह नीति पांच स्तंभों पर आधारित है: वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता, आर्थिक विकास के लिए खेल, सामाजिक विकास के लिए खेल, लोगों के आंदोलन के रूप में खेल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा के साथ एकीकरण।'' उन्होंने कहा, ''आशा है कि प्रतिभावान भारतीय खिलाड़ी हमेशा फलते-फूलते रहें।''

केंद्रीय मंत्रिमंडल के अन्य प्रमुख निर्णयों पर अपनी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि अनुसंधान विकास एवं नवाचार (आरडीआई) योजना इस क्षेत्र में परिवर्तनकारी साबित होगी। उन्होंने कहा, ''एक लाख करोड़ रुपये की यह योजना उभरते क्षेत्रों पर बड़ा प्रभाव डालेगी। यह अनुसंधान एवं विकास की दुनिया में निजी क्षेत्र की भागीदारी को भी बढ़ावा देगी।'' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर की गई रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करने और पहली बार नौकरी करने वालों को प्रोत्साहन देने से उन्हें लाभ होगा।

मोदी ने कहा कि चार लेन वाले परमकुडी-रामनाथपुरम खंड राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी मिलना तमिलनाडु की प्रगति के लिए ''बहुत अच्छी खबर'' है। उन्होंने कहा कि इससे यातायात की भीड़ कम होगी और आर्थिक विकास व पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का बदलेगा नाम?

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रेल मंत्री को लिखा पत्र, किया महाराजा अग्रसेन के नाम पर नामकरण का अनुरोध

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने भारत सरकार के रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर ऐतिहासिक पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन रखने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन न केवल सामाजिक न्याय और आर्थिक समानता के प्रतीक रहे हैं, बल्कि दिल्ली के सांस्कृतिक और आर्थिक ताने-बाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है।161 वर्ष पुराने इस रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर अग्रसेन जी के नाम पर रखे जाने का यह प्रस्ताव अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा पहले भी फरवरी 2025 में मुख्यमंत्री को सौंपा गया था। इस मांग को स्वीकार करते हुए अब मुख्यमंत्री ने



स्वयं केंद्र सरकार को औपचारिक पत्र भेजा है।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पत्र में लिखा कि, ''महाराजा अग्रसेन एक ऐतिहासिक, आदर्शवादी और राष्ट्रनिर्माता व्यक्तित्व रहे हैं। उनका नाम दिल्ली के एक प्रमुख रेलवे स्टेशन से जुड़ना उनकी विरासत को सम्मानित करने के साथ-साथ युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी बनेगा।''

रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि महाराजा अग्रसेन को समाज सुधार,




आर्थिक नीतियों और जनकल्याण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पूरे देश में अत्यंत आदर के साथ याद किया जाता है। उनके अनुयायी आज भी दिल्ली की सामाजिक और आर्थिक संरचना में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसीलिए, स्टेशन का नाम परिवर्तन एक सार्थक और सम्मानजनक कदम होगा। अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष श्री राजकुमार मित्तल ने मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि, ''रेखा गुप्ता जी ने केवल दिल्ली ही नहीं, बल्कि समस्त अग्रवाल समाज का सम्मान बढ़ाया है।

यह मांग वर्षों से की जा रही थी और अब इसे औपचारिक स्वरूप देना एक ऐतिहासिक निर्णय हो सकता है।''गौरतलब है कि अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने दिसंबर 2024 में अग्रोहा धाम में आयोजित अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया था और दिल्ली सरकार को पत्र भेजकर स्टेशन का नाम भगवान अग्रसेन जी के नाम पर रखने की मांग की थी।अब यह देखना रोचक होगा कि केंद्र सरकार इस ऐतिहासिक मांग पर क्या निर्णय लेती है। अगर यह प्रस्ताव स्वीकृत होता है, तो यह न केवल दिल्ली बल्कि पूरे देश के लिए गौरव और सांस्कृतिक पहचान का एक नया अध्याय होगा।

# स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो 2047 तक विकसित भारत का सपना होगा साकार : राष्ट्रपति मुर्मू

**गोरखपुर,** (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य ही संपदा है और स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो ही 2047 तक विकसित भारत तथा विश्व गुरु बनने का सपना साकार होगा।

राष्ट्रपति ने गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस विश्वविद्यालय को 268 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। एक अन्य कार्यक्रम में मुर्मू ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह एवं पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण एवं महिला छात्रावास का शिलान्यास भी किया।

विश्वविद्यालय के लोकार्पण कार्यक्रम में मुर्मू ने 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा, ''आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को पहचान मिली है। कठिन परिश्रम करने वालों के लिए योग उतना आवश्यक नहीं है, लेकिन जो दफ्तर में काम करते हैं उनके लिए जरूरी है।'' उन्होंने योग और भारत की गौरवमयी परंपरा का जिक्र करते हुए कहा, ''हम भारत के पूर्वजों, मुनियों-ऋषियों की उत्तर पीढ़ी कहलाते हैं तो उनका मान रखना होगा।''

राष्ट्रपति ने कहा, ''आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है तो उसे आगे बढ़ाने के लिए सभी भारतवासियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। स्वास्थ्य ही संपदा है और स्वास्थ्य ठीक रहेगा तो 2047 तक विकसित भारत बनने का सपना साकार होगा और इसके लिए आज से ही प्रयास करना होगा।''



मुर्मू ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि इस विश्वविद्यालय में आयुष पद्धतियों से जुड़े रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा भी दी जाएगी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के विश्व स्तरीय शोध पर विशेष बल दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश के इस प्रथम आयुष विश्वविद्यालय की परिकल्पना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए मुर्मू ने कहा, ''मैं यहां एक बात कहना चाहूंगी कि जनसेवा में कदम बढ़ाने के लिए आपको अथक प्रयास करना है, जनसेवा में थकना मना है।'' उन्होंने विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों का आह्वान किया, ''आप थक नहीं सकते, दिन रात आपको परिश्रम करना पड़ेगा। आपको निद्राजीत बनना पड़ेगा।''

निद्राजीत मतलब नींद पर विजय पाने के संदर्भ को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा, ''डॉक्टर कहते हैं कि आपको छह से आठ घंटे सोना पड़ेगा अन्यथा शरीर साथ नहीं देगा। लेकिन निद्रा को जीतने और स्वस्थ बनने के लिए आपको योग करना होगा, योग करने से आठ घंटे की नींद तीन घंटे में पूरी होगी।'' महायोगी गुरु गोरखनाथ की धरती को नमन करते हुए मुर्मू ने कहा, ''मुझे महायोगी गुरु गोरखनाथ के बारे में कहा गया है कि आदि शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली और महिमा पूर्ण प्रभावशाली पुरुष दोबारा नहीं हुआ।''

राष्ट्रपति ने गोरखपुर के गीता प्रेस की सराहना करते हुए कहा कि इसने लगभग 100 वर्षों से भारत की धर्म व संस्कृति से लोगों को जोड़ने का महान कार्य किया है। उन्होंने कहा, ''गीता प्रेस की पुस्तकें संस्कृत और हिंदी के अलावा कई भाषाओं में उपलब्ध हैं। उड़िया भागवत के नाम से गीता प्रेस की जगन्नाथ दास द्वारा रचित पुस्तक ओडिशा के लोग बड़े भक्ति-भाव से पढ़ते हैं।'' उन्होंने कहा, ''कल शाम गोरखनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने का मौका मिला तो वहां गीता प्रेस द्वारा प्रकाशित प्रतियां भेंट की गयीं। ये पुस्तकें गोरखपुर के अमूल्य सौगात व स्मृति के रूप में सदैव संरक्षित होकर रहेंगी।'' राष्ट्रपति ने पिपरी भटहट में बने इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की सर्वसमावेशी व उपयोगी दृष्टि के आधार पर विदेश में उत्पन्न हुई चिकित्सा पद्धतियों को भी आयुष पद्धतियों में शामिल किया है। आज यूनान तथा मध्य एशिया के देशों में यूनानी चिकित्सा पद्धति का उतना उपयोग नहीं होता, जितना उपयोग भारत में होता है।



# सेठ भामाशाह जयंती पर मनाया गया व्यापारी कल्याण दिवस



**बरेली,** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बरेली द्वारा सेठ भामाशाह की जयंती के अवसर पर खुशलोक अस्पताल के सभागार में "व्यापारी कल्याण दिवस" का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घोषित इस दिवस को पूरे प्रदेश में व्यापारी समुदाय के सम्मान और कल्याण के रूप में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरेली कैंट के विधायक श्री संजीव अग्रवाल ने सेठ भामाशाह के योगदान को याद करते हुए कहा कि भामाशाह जैसा दानवीर ना कभी हुआ है और ना ही कभी होगा। उन्होंने कहा कि आज व्यापारियों की भूमिका देश की अर्थव्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण है, और मुख्यमंत्री द्वारा इस दिन को व्यापारी कल्याण दिवस घोषित करना इस योगदान को सम्मानित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष श्री विकास अग्रवाल ने की, जबकि संयोजन की भूमिका जिला महामंत्री श्री अनुज गुप्ता ने निभाई। विशिष्ट अतिथि के रूप में अस्पताल के चेयरमैन और वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विनोद पागरानी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान बरेली के 10 प्रमुख व्यापारियों को 'भामाशाह सम्मान' से नवाज़ा गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में श्री प्रमोद अग्रवाल, अशोक सिंह, अंशुल अग्रवाल, देवेंद्र पाल सिंह, सूरज गुप्ता, ऋषभ अग्रवाल, रविंद्र गुप्ता और विपिन गुप्ता शामिल रहे।इस अवसर पर व्यापार मंडल से जुड़े कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

इनमें महानगर महामंत्री अजय गुप्ता, शैंकी, राहुल सक्सेना, अभिनव सक्सेना, संजू भारती, भीम सिंह, आकाश कठेरिया और शाश्वत अग्रवाल जैसे नाम प्रमुख रहे।कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष श्री विकास अग्रवाल ने सभी अतिथियों, सम्मानित व्यापारियों और उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि व्यापारी वर्ग के सहयोग से ही समाज और राष्ट्र की उन्नति संभव है।

उन्होंने आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापारियों को सम्मान और सहयोग देने का संकल्प दोहराया।यह आयोजन व्यापारी समुदाय को सम्मानित करने के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनकर सामने आया।

# अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर दिवस पर नोएडा लोक मंच ने छह अस्पतालों को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किया





**नोएडा** अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के अवसर पर नोएडा लोक मंच ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए शहर के छह प्रमुख चिकित्सा संस्थानों को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट स्वरूप प्रदान किए।

यह कार्यक्रम 1 जुलाई २०२५ को सेक्टर-15 स्थित संस्था के कार्यालय से आरंभ हुआ, जिसका उद्देश्य चिकित्सा जगत में निःस्वार्थ सेवा दे रहे डॉक्टरों और अस्पतालों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना था।नोएडा लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना ने इस सेवा कार्य का नेतृत्व करते हुए कहा कि डॉक्टर केवल रोगों का उपचार करने वाले नहीं, बल्कि समाज के असली संरक्षक होते हैं। उनका समर्पण और सेवा भावना हमें लगातार प्रेरित करती है, और यह प्रयास उन सभी चिकित्सकों के सम्मान में है, जो वर्षभर मानवता की सेवा में लगे रहते हैं।इस अवसर पर संस्था के कई सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान छह अलग-अलग अस्पतालों को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर प्रदान किए गए। इन अस्पतालों में कुमार्स क्लिनिक, डॉ. नरेंद्र क्लिनिक एंड हार्ट इंस्टिट्यूट, मानस सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, कैलाश हॉस्पिटल, सत्य हॉस्पिटल और फेलिक्स हॉस्पिटल शामिल हैं।

संबंधित डॉक्टरों ने इस पहल की सराहना करते हुए नोएडा लोक मंच को धन्यवाद दिया और कहा कि ऐसे प्रयास चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत लोगों का मनोबल बढ़ाते हैं।नोएडा लोक मंच पिछले १४ वर्षों से स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में लगातार सक्रिय है।

संस्था द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर दिवस के मौके पर नोएडा लोक मंच की यह पहल एक उदाहरण बनकर सामने आई है, जिससे समाज में चिकित्सा सेवा के प्रति सम्मान और सहयोग की भावना को बल मिला है। संस्था का यह योगदान न केवल सराहनीय है, बल्कि यह एक सशक्त संदेश भी देता है कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की शुरुआत हमेशा एक छोटे से प्रयास से की जा सकती है।

# विनोबा जी के विचार : व्यापक दिमाग ही काफी नहीं है, व्यापक दिल भी चाहिए



बाबा ने बाइबिल में देखा था कि स्वर्ग का राज्य तुम्हारे अंदर है और उसे धरती पर लाना है। तो बाबा ने उससे आशय यह लगाया कि विज्ञान और आत्मज्ञान का मेल होने पर धरती पर स्वर्ग लाया जा सकता है। अगर विज्ञान हिंसा के साथ जुड़ा रहा,तो दोनों मिलकर विश्व का संहार कर देंगे। विज्ञान वह है जो सृष्टि में,प्रकृति में,जो कर्म चलते हैं उनके कानून की शोध करता है।पानी हवा आदि पदार्थों के क्या धर्म हैं, वे किस तरह काम करते हैं, विज्ञान इनकी चर्चा करता है। आत्मज्ञान विज्ञान से भिन्न है।आत्मा क्या है,परमात्मा क्या है,इसका स्वरूप क्या है,सृष्टि की रचना कैसी है,इन सबका परस्पर संबंध क्या है,ईश्वर और जीव का क्या स्वरूप है। ये सारी चर्चा तत्वज्ञान करता है। बाबा इसे संक्षिप्त में बताते हुए कहते है कि क्यों ? को आत्मज्ञान हल करता है और कैसे ? का उत्तर विज्ञान देता है। विज्ञान गति देगा और अध्यात्म दिशा तय करेगा। मोटरकार में दो यंत्र होते हैं_ एक दिशा तय करने वाला, दूसरा गति देने वाला। आत्मज्ञान मार्गदर्शन देता है और विज्ञान गति देता है।सामने नदी है, पुल टूटा है।मार्गदर्शन यंत्र दिशा बदलने में मदद करेगा ,यह है आत्मज्ञान। आत्मज्ञान के मार्गदर्शन में विज्ञान काम करे। विज्ञान बढ़े लेकिन ठीक दिशा में। उसे दिशा दिखाने का काम कौन करेगा ? अग्नि की खोज हुई। उसका उपयोग चूल्हा सुलगाने में कर सकते हैं।और उससे घर भी जला सकते हैं। विज्ञान तय नहीं कर सकता, तय कर सकता है केवल आत्मज्ञान और अध्यात्म। अर्थात विज्ञान की दिशा तय करेगा आत्मज्ञान और अध्यात्म। मशाल किसके हाथ में हो यह तय करना महत्वपूर्ण है। आत्मज्ञान अहिंसा पर आधारित होता है इसी प्रकार विज्ञान को अहिंसा का योग प्राप्त हो जाए,तो उससे मानवजाति का उत्कर्ष होने वाला है। बाबा कहते थे यह सोचना गलत है कि विज्ञान के कारण मनुष्य का जीवन पेंचीदा अधिक कॉम्प्लेक्स जटिल बनता जाएगा। यह पेंचीदा भी बन सकता है और सरल भी बन सकता है। विज्ञान को किस दिशा में ले जाना है इस पर ज्यादा सोचने की जरूरत है।बाबा कहते थे मशाल अग्निहोत्री के हांथ में हो तो ठीक और अगर बंदर के हांथ में हुई तो समस्या होगी। विज्ञान अहिंसा के पक्ष में सदैव सुरक्षित है। अगर यह हिंसा के पक्ष में जाएगी तो मानव को खतरा है और विज्ञान को भी।खतरा है। हमारे चिंतन में विज्ञान की कमी नहीं होनी चाहिए कि छोटे छोटे औज़ार अच्छे है अम्बर चरखे से छोटा चरखा और उससे तकली अच्छी है,उससे उंगलियां अच्छी हैं। बाबा कहते थे।यह सारा गलत चिंतन है। जीवन में विकसित दृष्टि आयेगी,तो मनुष्य का जीवन कुदरत के साथ अधिक मेल जोल वाला बनता जाएगा। हर मनुष्य कुदरत के साथ संबंध रखेगा,उसका जीवन कुदरत मय हो जाएगा। घर बैठे सामने खेत, आसमान सब दिखाई देता हो,जीवन का कुछ अंश सृष्टि की सेवा में रहे,ऐसा जीवन अपने आप बदलता जाएगा। मनुष्य की कोशिश मंगल पर पहुंचने की है और चंद्रमा पर बसने की है।अगर विज्ञान इतना आगे बढ़ गया है, यानी दिमाग इतना बड़ा हो गया है,तब दिल छोटा रहेगा,तो मनुष्य के लिए विसंवाद बना रहेगा। आज जितनी समस्याएं दुनिया में दिखाई पड़ रही हैं वे सब इसी विसंवाद की देन हैं। बुद्धि बड़ी और दिल छोटा दोनों की लड़ाई है। अगर छोटे दिल के साथ दिमाग भी छोटा होता तो विशेष झंझट नहीं होती।उसे आज खाने को मिल गया पानी पीने को मिल गया वह संतुष्ट हो जाता। कल की बात कल देखी जाएगी। भारत के शेरों को यह नहीं मालूम कि यूरोप में कितने शेर हैं या सारी दुनिया में कितने शेर हैं। उसका दिल भी छोटा और दिमाग भी छोटा ,उसको क्या कष्ट है ? लेकिन दुनिया में यह परेशानी है कि मनुष्य का दिमाग इतना व्यापक बन गया है कि न्यूटन जैसे महामुनि और व्यास जैसे भगवान भी छोटे पड़ गए हैं। उनको जितना ज्ञान था उससे कही ज्यादा आज हमारे पास हो गया है। अकबर के दरबार में। एक अंग्रेज वकील आ पहुंचा।उसने कहा कि मैं विक्टोरिया रानी की तरफ से आया हूं। तब अकबर को पता चला कि इंग्लैंड नाम का कोई देश दुनिया में है और वहां कोई रानी भी है।लेकिन आज तीन चार साल के बच्चे को अकबर से ज्यादा भूगोल का ज्ञान है। आज दिमाग बड़ा और दिल अभी उतना ही छोटा कि अभी भी हमसे कोई पूंछे कि आप क्या हैं तो हम बताते हम हरिजन या भूमिहार या सिक्ख या ब्राम्हण हैं।इस पार्टी के हैं उस पार्टी के हैं।सभी जाति पंथ धर्म भाषा पक्ष में बंटे हुए हैं। यह सब समाप्ति पर ही सर्वोदय होगा। हम छोटी और मामूली बात में हमारा चित उलझा रहता है। जमाना बहुत आगे बढ़ गया है और हमारा दिल छोटा ही रह गया है। बाबा कहते थे कि या तो हम अपना दिमाग छोटा करें,यानी विज्ञान को पीछे हटाएं। लेकिन यह हो नहीं सकता। विज्ञान को आप पीछे नहीं ले जा सकते,वह तो और व्यापक और विशाल होता जा रहा है।अब सिवा इसके और कोई चारा नहीं है कि हम अपने दिल को बड़ा बनाएं।व्यापक दिमाग के साथ भाई व्यापक दिल भी।चाहिए। ऐसे विशाल दिल के साथ ही हम विज्ञान युग में जीने के लायक बन सकेंगे।

## पाकिस्तान ने जुलाई महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली

**इस्लामाबाद, (भाषा)** पाकिस्तान ने मंगलवार को कहा कि उसने कानून और बहुपक्षवाद के सम्मान को बढ़ावा देने के लिए ''उद्देश्य, विनम्रता और दृढ़ विश्वास'' के साथ जुलाई महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाल ली है। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के दो साल के कार्यकाल का हिस्सा है। पाकिस्तान जनवरी 2025 में दो साल के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया था। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में भारी समर्थन के साथ सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया और उसे 193 में से 182 वोट मिले थे।

# डाक ही नहीं, बैंकिंग व आधार सेवाएं भी उपलब्ध करा रहा डाकिया

## चिट्ठी-पत्री बाँटने वाला डाकिया हुआ स्मार्ट, हाथ में स्मार्ट फोन व बैग में डिजिटल डिवाइस के साथ नई भूमिका: कृष्ण कुमार यादव



विश्व भर में डाक सेवाओं में आमूल चूल परिवर्तन आये हैं। फिजिकल मेल से डिजिटल मेल के इस दौर में डाक सेवाओं में विविधता के साथ कई नए आयाम जुड़े हैं। डाककर्मी सरकारों और आमजन के बीच सेवाओं को प्रदान करने वाले एक अहम कड़ी के रूप में उभरे हैं। ऐसे में 1 जुलाई को पूरी दुनिया में 'नेशनल पोस्टल वर्कर्स डे' के दिन डाककर्मियों का आभार व्यक्त करने का प्रचलन उभरा है। उत्तर गुजरात सह सौराष्ट्र एवं कच्छ परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि 'नेशनल पोस्टल वर्कर डे' की अवधारणा अमेरिका से आई, जहाँ वाशिंगटन राज्य के सीऐटल शहर में वर्ष 1997 में कर्मचारियों के सम्मान में इस विशेष दिवस की शुरुआत की गई। धीरे-धीरे इसे भारत सहित अन्य देशों में भी मनाया जाने लगा। यह दिन दुनिया भर में डाककर्मियों द्वारा की जाने वाली सेवा के सम्मान में मनाया जाता है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाककर्मियों की भूमिका में तमाम परिवर्तन आए हैं। 'डाकिया डाक लाया' के साथ 'डाकिया बैंक लाया' भी अब उतना ही महत्वपूर्ण है। पत्रों व पार्सल के साथ-साथ आधुनिक दौर में लोगों के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण चीजें पोस्टमैन ही घर-घर वितरित करता है। आधार कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक चेक बुक, एटीएम जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों के साथ-साथ विभिन्न मंदिरों के प्रसाद, दवाईयां और रक्षाबंधन पर्व पर राखियाँ भी डाकियों द्वारा ही पहुँचायी जा रही हैं। गुजरात डाक परिमंडल में 4,500 से ज्यादा पोस्टमैन और 8,000 से ज्यादा ग्रामीण डाक सेवक लोगों के दरवाजे पर हर रोज दस्तक लगाते हैं, जिनके द्वारा औसतन प्रति माह 53 लाख स्पीड पोस्ट, पंजीकृत पत्र व पार्सल और 1.5 करोड़ से ज्यादा साधारण पत्रों का वितरण किया जा रहा है। ई-कामर्स को बढ़ावा देने हेतु कैश ऑन डिलीवरी, लेटर बाक्स से नियमित डाक निकालने हेतु नन्यथा मोबाईल एप एवं डाकियों द्वारा एण्ड्रोयड बेस्ड स्मार्ट फोन आधारित डिलीवरी और वित्तीय सेवाएं प्रदान करना जैसे तमाम कदम डाक विभाग की अभिनव पहल हैं।भारतीय डाक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग का सबसे मुखर चेहरा डाकिया है। डाकिया की पहचान चिट्ठी-पत्री और मनीऑर्डर बाँटने वाली रही है, पर अब डाकिए के हाथ में स्मार्ट फोन और बैग में डिजिटल डिवाइस भी है। डाकिया आज डिजिटल डिवाइस से राशन कार्ड धारकों का ई-केवाईसी कर रहा है। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक समावेशन के तहत पोस्टमैन चलते-फिरते एटीएम के रूप में नई भूमिका निभा रहे हैं और जन सुरक्षा योजनाओं से लेकर आधार, डीबीटी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ई-श्रम कार्ड, वाहन बीमा, डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट तक की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। आईपीपीबी के अंतर्गत डाकियों द्वारा घर बैठे 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार बनाने, आधार में मोबाइल नंबर अपडेट करने के तहत प्रति माह 16,000 लोगों का आधार नामांकन/अद्यतनीकरण का कार्य किया जा रहा है, वहीं लोगों को आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से घर बैठे उनके विभिन्न बैंक खातों से नगदी उपलब्ध करायी जा रही है। आज भी डाककर्मी जाड़ा, गर्मी, बरसात की परवाह किये बिना सुदूर क्षेत्रों तक डाक सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं।

## बिजनेस एक्सप्रेस

# छत्तीसगढ़ को मिले 1.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव




**रायपुर, (भाषा)** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मंगलवार को आयोजित हुए उद्योग संवाद-दो में राज्य को 1.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रायपुर के एक होटल में आज 'उद्योग संवाद-दो' का आयोजन किया गया। इस दौरान निवेशकों ने राज्य में 1.25 लाख करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया।

उन्होंने बताया कि यह निवेश अब पारंपरिक खनन क्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि आईटी, सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य सेवा, हरित ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स जैसे भविष्य के क्षेत्रों में केंद्रित है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ संभावनाओं की भूमि है तथा राज्य सरकार बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में ला रही है। साय ने कहा, ''छत्तीसगढ़ अब सिर्फ खनिजों की धरती नहीं, संभावनाओं की भूमि है। हम बस्तर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा में ला रहे हैं। आज निवेशकों को स्थायित्व, सुरक्षा और तेज फैसले मिल रहे हैं। यही वजह है कि निवेशकों का रुझान न केवल शहरी क्षेत्रों, बल्कि बस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी अंचलों की ओर भी बढ़ा है।'' उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे तेजी से उभरते औद्योगिक गंतव्यों में शामिल हो चुका है। बीते डेढ़ साल में राज्य को जहां 5.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, वहीं आज रायपुर में आयोजित कार्यक्रम से यह यह साफ हो गया है कि छत्तीसगढ़ निवेशकों का नया भरोसेमंद ठिकाना बन गया है।

साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लागू नई औद्योगिक नीति-2025 ने छत्तीसगढ़ को निवेश का स्वाभाविक गंतव्य बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। नीति में एकल खिड़की प्रणाली 2.0, 350 से अधिक सुधार, तेजी से जमीन का आवंटन, स्वतः मंजूरी प्रक्रिया, थर्ड जेंडर, पुनर्वासित नक्सली, महिला और एससी-एसटी उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन जैसे प्रावधान शामिल हैं। इन सुधारों से राज्य में 'कारोबार सुगमता को तेजी से कारोबार' में बदल दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि नई औद्योगिक नीति-2025 के अंतर्गत, छत्तीसगढ़ सरकार ने हाल ही में रायपुर के नजदीक राज्य का पहला विशेष आर्थिक क्षेत्र घोषित किया है, जो आईटी, फार्मास्युटिकल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण जैसे क्षेत्रों में विशेष ध्यान देगा। यह क्षेत्र कारोबार शुरू करने के लिए तैयार बुनियादी ढांचे, रियायती दरों पर भूमि, और तेज प्रशासनिक अनुमति प्रणाली से सुसज्जित होगा। इसके माध्यम से विदेशी निवेश को भी आकर्षित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो राज्य के निर्यात आधारित औद्योगिक मॉडल को मजबूत करेगा।

उन्होंने बताया कि नवा रायपुर में शुरू हुई 11 हजार करोड़ की सेमीकंडक्टर इकाई और एआई आधारित डेटा केंद्र पार्क इस बदलाव की स्पष्ट मिसाल हैं। पॉलीमैटेक इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा स्थापित यह इकाई 2030 तक हर साल 10 अरब चिप का उत्पादन करेगी। साथ ही रैकबैंक द्वारा 150 मेगावाट क्षमता का डेटा सेंटर भी बन रहा है, जिससे दो हजार से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। राज्य का लक्ष्य अब सिर्फ रोजगार सृजन नहीं, बल्कि युवाओं को तकनीकी कौशल से लैस कर चौथी औद्योगिक क्रांति के लिए तैयार करना है।

## जीएसटी का कारोबार सुगमता बढ़ाने पर जोर

**नयी दिल्ली, (भाषा)** वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि आठ साल पूरे कर चुके माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का जोर अब कारोबार को सुगम बनाने, मजबूत अनुपालन सुनिश्चित करने और व्यापक आर्थिक समावेश को बढ़ावा देने पर होगा।

कुल 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है।

वित्त मंत्रालय ने 'जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड' जारी करते हुए कहा, ''माल एवं सेवा कर अपने नौवें साल में प्रवेश कर रहा है। यह कारोबार को सरल बनाने के साथ मजबूत अनुपालन और व्यापक आर्थिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए विकसित हो रहा है। इससे भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका मजबूत हो रही है।''

संचालन के पहले वर्ष में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।

# सरकार ने रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को दी मंजूरी, 1.07 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे




**नयी दिल्ली, (भाषा)** सरकार ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (ईएलआई) को मंगलवार को मंजूरी दे दी। इसका मकसद सेवानिवृत्ति निधि निकाय कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से अगले दो वर्ष में 3.5 करोड़ नौकरियों का सृजन करना है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका मकसद सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता में वृद्धि और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसमें विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस योजना का उद्देश्य दो साल में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहन देना है। इसके अलावा यह योजना पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन देगी।इस योजना के तहत पहली बार नौकरी पर रखे गए कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा। वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को और दो साल के लिए बढ़ा दिया जाएगा।

ईएलआई योजना की घोषणा केंद्रीय बजट 2024-25 में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल एवं अन्य अवसरों की सुविधा के लिए पांच योजनाओं के पैकेज के हिस्से के रूप में की गई थी। इसका कुल बजट परिव्यय दो लाख करोड़ रुपये था।

ईएलआई योजना का उद्देश्य दो वर्ष की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है। इनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार कार्यबल में शामिल होने वाले होंगे। इस योजना का लाभ एक अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित नौकरियों पर लागू होगा।

योजना में दो भाग हैं, भाग 'ए' पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों पर केंद्रित है तथा भाग 'बी' नियोक्ताओं पर केंद्रित है। ईपीएफओ के साथ पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को लक्ष्य करते हुए इस भाग 'ए' के तहत दो किस्तों में एक महीने का वेतन 15,000 रुपये तक दिया जाएगा। एक लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे।

पहली किस्त छह महीने की सेवा के बाद दी जाएगी और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद दी जाएगी।

## औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2 प्रतिशत पर

**नयी दिल्ली, (भाषा)** विनिर्माण, खनन और बिजली क्षेत्रों के कमजोर प्रदर्शन से देश में औद्योगिक उत्पादन वृद्धि मई में नौ महीने के निचले स्तर 1.2 प्रतिशत पर रही है। सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के जरिये मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर बीते वर्ष 2024 के मई माह में 6.3 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने अप्रैल के लिए औद्योगिक उत्पादन वृद्धि को भी संशोधित कर 2.6 प्रतिशत कर दिया है, जबकि पहले इसके 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया था।

# मारुति सुजुकी की बिक्री जून में छह प्रतिशत घटकर 1.68 लाख इकाई पर




**नयी दिल्ली, (भाषा)** घरेलू वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की कुल बिक्री जून महीने में सालाना आधार पर छह प्रतिशत घटकर 1,67,993 इकाई रही। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने बीते साल जून में कुल 1,79,228 वाहन बेचे थे।

मारुति सुजुकी इंडिया ने मंगलवार को बयान में कहा कि डीलर को भेजे गये कुल घरेलू यात्री वाहन पिछले महीने 13 प्रतिशत घटकर 1,18,906 इकाई रहे, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह आंकड़ा 1,37,160 इकाई था।

कंपनी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी राहुल भारती ने कहा, ''यात्री वाहनों की बिक्री में नरमी का कारण काफी हद तक छोटे आकार की कारों की मांग में भारी गिरावट है। ऐतिहासिक रूप से, यात्री वाहनों की बिक्री जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि के 1.5 गुना की दर से बढ़ती थी। लेकिन अब, 6.5 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि के बाद भी, कार बाजार लगभग स्थिर है।'' उन्होंने कहा कि इसका कारण छोटी कारों की हिस्सेदारी का लगातार कम होना है जबकि कभी इनकी हिस्सेदारी काफी अधिक होती थी। भारती ने कहा, ''यह स्पष्ट रूप से गाड़ियों की खरीद लागत का मामला है।'' 2019 के बाद से, उद्योग में शुरुआती स्तर की कीमत में 70 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इसका कारण काफी हद तक सख्त नियमों का क्रियान्वयन है। छोटी कारों की बिक्री में 70 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई है।

छोटी श्रेणी की कारों में ऑल्टो और एस-प्रेसो की बिक्री सालाना आधार पर घटकर 6,414 इकाई रही जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 9,395 इकाई थी। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसे कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री भी जून में घटकर 54,177 यूनिट रही जबकि बीते वर्ष इसी महीने में यह संख्या 64,049 इकाई थी।

**कारोबार के दौरान एक समय यह 267.83 अंक तक चढ़ गया था**

# रिलायंस, एचडीएफसी बैंक में लिवाली से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 91 अंक चढ़ा

**मुंबई, (भाषा)** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार सीमित दायरे में रहा और रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा एचडीएफसी बैंक में लिवाली से दोनों मानक सूचकांक बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 91 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 25 अंक की तेजी रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 90.83 अंक यानी 0.11 प्रतिशत बढ़कर 83,697.29 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 13 शेयर बढ़त में और 17 नुकसान में बंद हुए। कारोबार के दौरान एक समय यह 267.83 अंक तक चढ़ गया था।

पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 24.75 अंक यानी 0.10 प्रतिशत के लाभ के साथ 25,541.80 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में सर्वाधिक 2.51 प्रतिशत की तेजी आई। कंपनी के 528 करोड़ रुपये का ऑर्डर हासिल करने के ऐलान के बाद शेयर में तेजी आई। इसके अलावा, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.84 प्रतिशत चढ़ा। विश्लेषकों के सौर विनिर्माण केंद्र शुरू करने की संभावना जताये जाने के बाद कंपनी का शेयर चढ़ा।

इसके अलावा, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एक्सिस बैंक, ट्रेंट, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) और टेक महिंद्रा शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, ''सोमवार की गिरावट के बाद बाजार में सुस्ती रही और यह लगभग अपरिवर्तित बंद हुआ। शुरुआती तेजी के बाद निफ्टी सीमित दायरे में रहा और अंततः 25,541.80 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजारों-खासकर अमेरिका-में तेजी के साथ-साथ स्थिर घरेलू संकेतों से पता चलता है कि मौजूदा रुझान जारी रहने की संभावना है।''

# तृणमूल के प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग से मुलाकात की, मतदाता सूची समीक्षा का मुद्दा उठा

नयी दिल्ली, (भाषा) तृणमूल कांग्रेस के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) की पूर्ण पीठ से मुलाकात की और सुझाव दिया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए 2024 को आधार वर्ष माना जाना चाहिए।




अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले राज्य में मतदाता सूची की समीक्षा की इस कवायद को किया जा सकता है। आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने राजनीतिक दलों के साथ अपने संपर्क के तहत तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और उनके सुझाव प्राप्त किए। मई 2025 से अब तक निर्वाचन आयोग ने छह राष्ट्रीय दलों में से पांच के प्रतिनिधियों से मुलाकात की है और केवल कांग्रेस बाकी है।

तृणमूल कांग्रेस पहली राज्य स्तरीय पार्टी है जिसके साथ आयोग ने नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद राजनीतिक दलों से संपर्क के तहत मुलाकात की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त के साथ बैठक में, तृणमूल नेताओं ने दोहरे मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) कार्ड और मतदाता सूची के एसआईआर सहित अन्य मुद्दे उठाए।

बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि उन्होंने एसआईआर सहित कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बनर्जी ने कहा, ''आयोग ने कहा कि एसआईआर के पीछे उनका उद्देश्य यह है कि कोई भी मतदाता छूट नहीं जाए। लेकिन हाल में जारी कुछ परिपत्रों के आधार पर, दृष्टिकोण पहले पात्रता और बाद में समावेश का प्रतीत होता है।''

तृणमूल नेताओं ने सुझाव दिया कि एसआईआर के लिए 2024 को आधार वर्ष बनाया जाना चाहिए। बनर्जी ने कहा, ''सशोधित मतदाता सूची के बारे में, हमने बताया कि यद्यपि आप संशोधन के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन यह भ्रम पैदा कर रहा है। कानून के तहत, संशोधन 2024 पर आधारित होना चाहिए, जो कि आधार स्तर है। इसका मतलब है कि 2024 तक नामांकित मतदाता किसी भी स्थिति के बावजूद बने रहने चाहिए।'' उन्होंने कहा कि आयोग ने इस पर ध्यान दिया और कहा कि वे इस पर विचार करेंगे। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मुख्य चिंता 'जन्म प्रमाण पत्र' की आवश्यकता है, जिस पर निर्वाचन आयोग ने कहा कि जो मतदाता हैं वे मतदाता बने रहेंगे।

उन्होंने कहा, ''उन्होंने कहा कि जो पहले से मतदाता हैं, वे मतदाता बने रहेंगे। अगर इसके बाद कोई भी नाम जोड़ा जाता है, तो वह सबूतों के आधार पर होगा।''

तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने चुनाव से पहले कथित तौर पर बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम जोड़ने पर भी चिंता जताई और हरियाणा और दिल्ली का उदाहरण दिया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि चुनाव से पहले केवल 18 से 21 वर्ष की आयु के नए मतदाताओं को ही जोड़ा जाना चाहिए।

बनर्जी ने कहा, ''लेकिन 50-60 वर्ष की आयु के लोग अचानक बड़ी संख्या में मतदाता सूची का हिस्सा कैसे बन सकते हैं और नए जोड़े गए लोगों की संख्या 40,000 कैसे हो सकती है?''

तृणमूल नेताओं ने मतदान के आंकड़ों को देर से जारी किए जाने का मुद्दा भी उठाया।

पश्चिम बंगाल के विधायक और राज्य के मंत्री फरहाद हाकिम ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय बलों के बूथों में घुसने और कुछ जगहों पर मतदाताओं को प्रभावित करने का मुद्दा भी उठाया। हाकिम ने कहा, ''हमने उन्हें प्रस्ताव दिया कि अगर केंद्रीय बल हैं, तो राज्य पुलिस को भी बूथ के अंदर होना चाहिए। मतदान वाले क्षेत्र में कोई भी बल बूथ के अंदर प्रवेश नहीं करना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी लोकतंत्र में दो चीजों का सम्मान करती हैं - निर्वाचन आयोग और उच्चतम न्यायालय। हमारा मानना है कि निर्वाचन आयोग निष्पक्ष रहेगा।'' प्रतिनिधिमंडल में हाकिम और बनर्जी के अलावा तृणमूल कांग्रेस विधायक और मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, अरूप बिस्वास और राज्यसभा सदस्य प्रकाश चिक बराइक शामिल थे।

## निर्वाचन आयोग ने विपक्षी दलों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक स्थगित की

नयी दिल्ली, (भाषा) निर्वाचन आयोग ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस की मांग पर विपक्षी दलों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बुलाई गई बैठक को 'स्थगित' कर दिया है, क्योंकि अब तक किसी भी दल ने अपनी उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि 30 जून को भेजे गए एक ई-मेल में कांग्रेस ने मतदाता सूची संशोधन कवायद के संबंध में कई राजनीतिक दलों की ओर से दो जुलाई को निर्वाचन आयोग के साथ तत्काल बैठक की मांग की थी।

सूत्रों के अनुसार ई-मेल में दावा किया कि वे एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तथा उन्होंने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल लगभग सभी दलों के नाम लिए।

सूत्रों ने बताया कि आयोग ने इन दलों से बैठक के लिए पुष्टि करने को कहा था, लेकिन अब तक उसे दलों से पुष्टि नहीं मिली है। इसलिए बैठक को 'स्थगित' कर दिया गया है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने नाबालिग से बलात्कार के दोषी की सजा बरकरार रखी

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने नाबालिग से बलात्कार के मामले में अपराध की गंभीरता को रेखांकित करते हुए एक व्यक्ति को दी गयी 10 साल की सजा को बरकरार रखा।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने निचली अदालत के फैसले से सहमति जताई कि 20 वर्षीय युवक और 15 वर्षीय पीड़िता के बीच यौन संबंध सहमति से बने प्रतीत होते हैं, लेकिन मामला बलात्कार की श्रेणी में आएगा, क्योंकि घटना के समय वह (पीड़िता) नाबालिग थी।

निचली अदालत के 2023 के फैसले को बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति महाजन ने व्यक्ति की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपनी दोषसिद्धि और 10 साल की जेल की सजा को चुनौती दी थी।

उच्च न्यायालय ने 25 जून के फैसले में कहा कि व्यक्ति ने पीड़िता की उम्र पर कोई आपत्ति नहीं जताई।

सजा के बिंदु पर उच्च न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत ने अपीलकर्ता के पक्ष में कमजोर करने वाली परिस्थितियों- कम उम्र और पहली बार अपराध करने- पर पहले ही विचार कर लिया है, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि ₹अपराध की गंभीरता₹ को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता।




न्यायमूर्ति अमित महाजन ने निचली अदालत के फैसले से सहमति जताई कि २० वर्षीय युवक और 15 वर्षीय पीड़िता के बीच यौन संबंध सहमति से बने प्रतीत होते हैं, लेकिन मामला बलात्कार की श्रेणी में आएगा, क्योंकि घटना के समय वह (पीड़िता) नाबालिग थी।

अदालत ने कहा कि 10 वर्ष की जेल की अवधि कानून में अपराध के लिए निर्धारित न्यूनतम अवधि है, तथा सुनाई गयी सजा इस घृणित अपराध के अनुरूप है।

प्रारंभ में लड़की के पिता की शिकायत पर 2017 में समयपुर बादली पुलिस स्टेशन में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें कहा गया था कि वह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी और तब से लापता है। करीब एक महीने बाद उसे हरियाणा के बल्लभगढ़ से आरोपियों के पास से बरामद किया गया।

उसने आरोप लगाया कि वह स्कूल गई थी, जहां उसकी मुलाकात आरोपी व्यक्ति से हुई, जो उसका रिश्तेदार था, और वह उसे कालकाजी मंदिर ले गया तथा आश्वासन दिया कि वे दोपहर तक वापस आ जाएंगे।

हालांकि, पीड़िता ने आरोप लगाया था कि वह घर लौटने में देरी करता रहा और फिर उसे अपने घर ले गया, जहां उसने उसे नशीली दवा मिली कोल्ड ड्रिंक दी, जिससे वह बेहोश हो गई तथा जगने पर खुद को निर्वस्त्र पाया।

व्यक्ति ने आरोपों से इनकार करते हुए मामले में अपनी बेगुनाही का दावा किया।

# दिल्ली में लापता 168 लोगों को ढूंढकर उनके परिवारों से मिलाया गया : दिल्ली पुलिस

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने पिछले महीने अपने ऑपरेशन मिलाप के तहत 53 बच्चों और 115 वयस्कों सहित 168 लापता लोगों का पता लगाकर उन्हें उनके परिवारों से मिलाया। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।




पुलिस ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने समन्वित अभियान चलाया।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ''एक जून से 30 जून तक ऐसे 13 अभियान चलाए गए। इस अभियान में कापसहेड़ा, सागरपुर, पालम गांव, वसंत कुंज दक्षिण, किशनगढ़ और अन्य थानों की टीम शामिल थीं।''

पुलिस की कई टीम ने इस ऑपरेशन के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले, स्थानीय लोगों से पूछताछ की, परिवहन केंद्रों पर बस चालकों, परिचालकों, विक्रेताओं और स्थानीय मुखबिरों से जानकारी ली। अधिकारी ने बताया, ''कापसहेड़ा पुलिस ने लापता हुए पांच बच्चों और 28 वयस्कों को ढूंढ लिया जबकि, सागरपुर पुलिस ने 10 बच्चे और 20 वयस्क तथा पालम गांव पुलिस ने चार बच्चे और 20 वयस्कों को ढूंढ लिया।'' अधिकारी द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार वसंत कुंज दक्षिण ने तीन लड़कियां और 10 वयस्क, किशनगढ़ पुलिस ने आठ बच्चे और तीन वयस्क तथा सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस ने एक लड़के और 10 वयस्कों को ढूंढ लिया।

दिल्ली पुलिस की मानव तस्करी रोधी इकाई (एएचटीयू) ने लापता हुए 11 बच्चों का पता लगाया, वसंत विहार पुलिस ने छह नाबालिग लड़कियों और तीन महिलाओं का पता लगाया तथा आरके पुरम पुलिस ने लापता नौ लोगों का पता लगाया। दिल्ली कैंट पुलिस ने दो नाबालिग लड़कियों और चार वयस्कों को, वसंत कुंज उत्तर पुलिस ने एक लड़की और चार अन्य को, सरोजिनी नगर पुलिस ने एक लड़की और तीन वयस्कों को तथा साउथ कैंपस पुलिस ने एक महिला का पता लगाया। अधिकारी ने बताया, ''इस साल एक जनवरी से अब तक दक्षिण-पश्चिम जिले में लापता कुल 521 लोगों (149 बच्चों और 372 वयस्क) का पता लगाया गया है।''

## एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले के नाम पर रखा गया

नयी दिल्ली, (भाषा) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया है।

सोमवार को जारी एक राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 की धारा 12 और 12ए के अनुसार नाम परिवर्तन 19 जून से प्रभावी हो गया।

इस कदम को 19वीं सदी की समाज सुधारक, शिक्षिका और भारत में महिला अधिकारों की प्रमुख पैरोकार सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है।

सावित्रीबाई फुले को देश की पहली महिला शिक्षिका और एक क्रांतिकारी के रूप में देखा जाता है, जिन्होंने जाति और लिंग संबंधी बाधाओं को चुनौती दी।

# फिटनेस व प्रदूषण जांच में खरी उतरी गाड़ियों को 20 साल चलने की अनुमति मिले: डॉ. नरेश कुमार

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने पुरानी गाड़ियों को जब्त कर कबाड़ करने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की नीति को 'अन्यायपूर्ण' बताते हुए मंगलवार को मांग की कि जो वाहन प्रदूषण और फिटनेस जांच में खरे उतरते हैं, उन्हें कम से कम 20 साल तक सड़कों पर चलने की इजाजत दी जाए।





दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच 10 साल पुरानी डीजल और 15 साल पुरानी पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। इसके तहत अपनी उम्र पूरी कर चुकी गाड़ियों को आज से राष्ट्रीय राजधानी में ईंधन नहीं मिलेगा।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने एक बयान में इस प्रतिबंध को 'जनता के हितों के खिलाफ साजिश' और वाहन निर्माता कंपनियों के साथ सरकार की 'साफ-साफ सांठगांठ' बताया। उन्होंने सरकार से यह नीति वापस लेने की मांग की और ऐसा न करने पर सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दी।

बयान के मुताबिक, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की केंद्र और दिल्ली सरकारें पूरी तरह फिट और प्रदूषण-मुक्त पुरानी गाड़ियों को जबरन कबाड़ करवाकर नई गाड़ियों की बिक्री को बढ़ावा देना चाहती हैं।

उनका दावा है कि यह एक सोची-समझी रणनीति है जिससे गाड़ी निर्माता कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने कहा, " बीएस-2 (भारत स्टेज) से लेकर बीएस-6 तक के कड़े उत्सर्जन मानकों के बावजूद, सरकार 10 या 15 साल में गाड़ियों को कबाड़ में तब्दील करवा रही है। यह नीति तर्कसंगत नहीं, बल्कि अन्यायपूर्ण है।"

कांग्रेस नेता ने मांग की कि यदि कोई गाड़ी फिटनेस और प्रदूषण जांच (पीयूसी) पास करती है, तो उसे न्यूनतम 20 वर्षों तक सड़कों पर चलने की अनुमति दी जाए।

कुमार ने मांग की कि जिन लोगों की गाड़ियां पहले ही कबाड़ की जा चुकी हैं, उन्हें उचित मुआवज़ा और कर में छूट दी जाए।

साल 2018 में उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में दिल्ली में 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के 2014 के एक आदेश में भी सार्वजनिक स्थानों पर 15 साल से पुराने वाहनों की पार्किंग पर रोक लगाई गई थी।

# विधानसभाध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने दलाई लामा से मुलाकात की, दिल्ली विधानसभा आने का निमंत्रण दिया

नयी दिल्ली, एक जुलाई (भाषा) दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मुलाकात की और उन्हें विधानसभा आने का निमंत्रण दिया।



विधानसभा अध्यक्ष वर्तमान में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए धर्मशाला में हैं। दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने एक बयान में कहा कि गुप्ता ने दलाई लामा से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया। बयान के मुताबिक, बातचीत के दौरान गुप्ता ने शांति, करुणा और सार्वभौमिक भाईचारे के दलाई लामा के शाश्वत संदेश के प्रति गहरी श्रद्धा व्यक्त की और उन्हें अपनी सुविधानुसार दिल्ली विधानसभा आने का निमंत्रण दिया। गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि दलाई लामा की बुद्धिमत्ता और प्रेरणादायक उपस्थिति से विधानसभा के सदस्यों और दिल्ली के लोगों को लाभ होगा।

# नए दत्तक ग्रहण नियमों के तहत आदेश की डिजिटल प्रमाणित प्रति वैध: कारा

नयी दिल्ली, (भाषा) केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) ने स्पष्ट किया है कि बच्चों को गोद लेने वाले माता-पिता को दत्तक ग्रहण आदेशों की हार्ड कॉपी की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि ई-मेल के माध्यम से भेजे गए डिजिटल रूप से प्रमाणित संस्करण कानूनी रूप से वैध और वर्तमान नियमों के तहत पर्याप्त हैं।

सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसियों (एसएए) और जिला बाल संरक्षण इकाइयों (डीसीपीयू) को जारी पत्र में, कारा ने दत्तक ग्रहण विनियमन, 2022 के विनियमन 13(8) के बारे में भ्रम पर ध्यान केंद्रित किया, जो दत्तक ग्रहण करने वाले परिवारों को संबंधित आदेश देने की प्रक्रिया को रेखांकित करता है।

यह स्पष्टीकरण इन खबरों के बीच आया है कि कुछ दत्तक ग्रहण एजेंसियां और संरक्षण इकाइयां ई-मेल से भेजे गए आदेशों की वैधता के बारे में अनिश्चित थीं, जिससे गोद लेने की प्रक्रियाओं को अंतिम रूप देने में देरी और गलतफहमी हुई। विनियमन में अनिवार्य है कि दत्तक ग्रहण आदेश की प्रमाणित प्रति जिसे जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय द्वारा सत्यापित किया गया हो, एसएए द्वारा डीसीपीयू के माध्यम से प्राप्त की जानी चाहिए।

फिर इस प्रति को गोद लेने वाले माता-पिता को 10 दिन के भीतर ई-मेल के माध्यम से भेजा जाना चाहिए और डाउनलोड के लिए निर्दिष्ट पोर्टल पर अपलोड किया जाना चाहिए।

'प्रमाणित प्रति' शब्द को स्पष्ट करते हुए कारा ने कहा कि इसका तात्पर्य आधिकारिक सत्यापन वाले डिजिटल रूप से प्रमाणित संस्करण से है, न कि भौतिक मूल या हार्ड कॉपी से।

पत्र में कहा गया है कि ''प्रमाणित डिजिटल/ई-मेल की प्रतियों, जिन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित किया गया हो, को विनियमन के अनुरूप माना जाएगा।''

कारा ने सभी एजेंसियों से जिला स्तर पर समन्वय करने का भी आग्रह किया ताकि प्रमाणित प्रतियों को सुरक्षित करने या अग्रेषित करने में आने वाली प्रक्रियागत बाधाओं को दूर किया जा सके। इस परामर्श का उद्देश्य पूरे देश में गोद लेने की प्रक्रियाओं का एक समान कार्यान्वयन सुनिश्चित करना और गोद लेने वाले परिवारों के लिए प्रक्रिया सहज बनाना है।

# 'दिल्ली को चिकित्सा केन्द्र बनाने में दें साथ': मुख्यमंत्री

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी को चिकित्सा केंद्र बनाने के लिए चिकित्सकों से सहयोग की अपील की।



गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में चिकित्सकों से बातचीत की।

उन्होंने कहा, "दिल्ली में चिकित्सा सुविधाएं बेदम हैं। मैं चिकित्सकों से अपील करती हूं कि वे दिल्ली सरकार का सहयोग करें ताकि हम मिलकर दिल्ली को चिकित्सा केन्द्र में बदल सकें, जहां न केवल दिल्ली के निवासियों को, बल्कि बाहर से आने वाले लोगों को भी बेहतर इलाज मिल सके। हमारे पास कुशल चिकित्सक मौजूद हैं।"

इससे पहले मुख्यमंत्री ने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

गुप्ता ने कहा, "इस वर्ष की थीम है, 'मुखौटे के पीछेः कौन करता है उपचार करने वालों का उपचार?' यह विषय अत्यंत प्रासंगिक है।" उन्होंने जोर देकर कहा कि चिकित्सकों को एक उपयुक्त कार्य वातावरण की आवश्यकता होती है, जिसमें तकनीकी सहायक, नर्स और पैरामेडिकल कर्मचारी का सहयोग जरूरी है। उन्होंने कहा, "इसके बिना चिकित्सक प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकते। दिल्ली के अस्पतालों पर हर दिन ओपीडी, आईसीयू में क्षमता से अधिक मरीजों के इलाज का दबाव होता है।"

## संबंध विच्छेद

मेरा पुत्र सुभाष, उसकी पत्नी विमला व उनके पुत्र आए दिन मुझे व मेरे पति घसीटा सिंह के साथ गाली-गलौच कर मानसिक परेशान करते हैं, एवं खाने पीने का कोई सामान नहीं देते। जिनसे में (तुलसा देवी) मेरे पति घसीटा सिंह पूर्ण रूप से संबंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं।

**-तुलसा देवी पत्नी घसीटा सिंह प्रजापति उम्र 80, वर्ष, निवासी मौहल्ला कटरा शिवपुरी धनौरा, तहसील धनौरा, जनपद अमरोहा।**

# यूएसएआईडी को दी जाने वाली धनराशि में कटौती के कारण दुनिया भर में हो सकती हैं 1.4 करोड़ से अधिक मौतें

नयी दिल्ली, एक जुलाई (भाषा) अमेरिका की सहायता एजेंसी यूएसएआईडी को दी जाने वाली धनराशि में भारी कटौती के परिणामस्वरूप 2030 तक दुनियाभर में 1.4 करोड़ से अधिक मौतें हो सकती हैं, जिन्हें प्रभावी कार्यक्रमों से रोका जा सकता है। शोध पत्रिका 'लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन में यह जानकारी दी गई है।




अध्ययन के अनुसार, मरने वालों में से एक तिहाई संख्या पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की हो सकती हैं।

अध्ययन में कहा गया है कि कोष में कटौती से दशकों की प्रगति उलट सकती है और कई निम्न और मध्यम आय वाले देशों के लिए, अंजाम ₹वैश्विक महामारी₹ या ₹बड़े सशस्त्र संघर्ष₹ के पैमाने के बराबर होगा।

मार्च में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने मानवीय और विकास सहायता के लिए दुनिया की सबसे बड़ी वित्तपोषण एजेंसी यूएसएआईडी के 83 प्रतिशत कार्यक्रमों को रद्द कर दिया है।

स्पेन में बार्सिलोना इंस्टीट्यूट फॉर ग्लोबल हेल्थ (आईएसग्लोबल) के शोध प्रोफेसर और अध्ययन समन्वयक डेविड रसेला ने कहा कि कोष में कटौती से ₹कमजोर आबादी के बीच स्वास्थ्य के क्षेत्र में दो दशकों की प्रगति के अचानक रुकने- या यहां तक कि उलट जाने का खतरा है।₹

शोधकर्ताओं का यह भी अनुमान है कि 2001 से 2021 के बीच, यूएसएआईडी समर्थित कार्यक्रमों के कारण निम्न और मध्यम आय वाले देशों में नौ करोड़ से अधिक मौतें रोकी गईं। इनमें से लगभग एक तिहाई संख्या बच्चों की थी।

ब्राजील की 'फेडरल यूनिवर्सिटी ऑफ बाहिया' की पोस्टडॉक्टरल शोधकर्ता डेनिएला कैवलकैंटी ने कहा, ₹हमारा विश्लेषण दर्शाता है कि पिछले दो दशकों में दुनिया के कुछ सबसे कमजोर क्षेत्रों में जीवन बचाने और स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने में यूएसएआईडी का वित्तपोषण एक आवश्यक साधन रहा है।''

शोधकर्ताओं ने कहा है, ₹वित्त पोषण में मौजूदा जबरदस्त कटौती के परिणामस्वरूप 2030 तक सभी आयु वर्गों में 1,40,51,750 से अधिक अतिरिक्त मौतें हो सकती हैं, जिनमें पांच वर्ष से कम आयु के 45,37,157 बच्चे शामिल होंगे।₹

अध्ययन में यह भी पाया गया कि यूएसएआईडी समर्थित कार्यक्रमों से सभी कारणों से होने वाली मृत्यु दर में 15 प्रतिशत की कमी आई तथा पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु दर में 32 प्रतिशत की कमी आई।

# यूएनडीपी भारत ने एसडीजी के समर्थन में युवाओं को जोड़ने के लिये प्रतिभा प्रबंधन एजेंसी से साझेदारी की

नयी दिल्ली, (भाषा) यूएनडीपी भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को आगे बढ़ाने में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक प्रतिभा प्रबंधन एजेंसी के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है।

यूएनडीपी भारत ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 'कलेक्टिव आर्टिस्ट नेटवर्क, इंडिया' के साथ सहयोग का उद्देश्य मीडिया, मनोरंजन, डिजिटल मंच और युवा-संचालित संस्कृति के प्रभाव का उपयोग करना है, ताकि जलवायु कार्रवाई और लैंगिक समानता से लेकर गरीबी उन्मूलन और समावेशी विकास जैसे महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर प्रभावशाली बातचीत को बढ़ावा दिया जा सके।

बयान में कहा गया है कि युवा सामग्री निर्माताओं, संगीतकारों, अभिनेताओं, खिलाड़ियों और कलाकारों की आवाज को संगठित करके, इस पहल का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के समर्थन में एक शक्तिशाली युवा-नेतृत्व वाले आंदोलन का निर्माण करना है - जो 2030 तक अधिक न्यायसंगत, टिकाऊ और शांतिपूर्ण दुनिया के लिए वैश्विक खाका है। यूएनडीपी भारत की स्थायी प्रतिनिधि डॉ. एंजेला लुसिगी ने कहा, "भारत के युवा केवल बदलाव का सपना नहीं देख रहे हैं - वे इसे आगे भी ले जा रहे हैं। जलवायु समाधानों को आगे बढ़ाने से लेकर समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने तक, उनका नेतृत्व हमारे भविष्य को आकार दे रहा है।" उन्होंने कहा, "कलेक्टिव आर्टिस्ट नेटवर्क के साथ यह साझेदारी इन प्रयासों को आगे बढ़ाती है, परिवर्तनकर्ताओं को संगठित करती है और सभी के लिए सतत विकास को वास्तविकता बनाने के लिए पूरे देश में कार्रवाई को प्रेरित करती है।" इस पहल के तहत पहला सहयोग भारत के सबसे बड़े छात्र समुदायों में से एक 'अंडर 25' के साथ मिलकर तैयार की गई तीन-भाग की डिजिटल वृत्तचित्र श्रृंखला थी।



# प्रॉपर्टी के लिए सौतेले बेटे ने पिता और भाई को मौत के घाट उतारा

## मोटरसाईकिल से जा रहे सौतेले पिता और भाई को गाड़ी से रौंदा, गाड़ी छोड़कर मौके से फरार

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली (फरीदपुर)।जमीन के विवाद में सौतेले बेटे ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। अलगनी गांव निवासी 65 वर्षीय नन्हे खां और उनके बेटे मिश्रयार खां की मंगलवार को ईको कार से कुचलकर हत्या कर दी गई। आरोपी सौतेला बेटा मकसूद वारदात के बाद कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, नन्हे खां ने दो शादियां की थीं। पहली पत्नी से उनका बेटा मिश्रयार खां था, वहीं दूसरी पत्नी से मकसूद। बीस साल पहले दूसरी पत्नी घर छोड़कर चली गई थी। नन्हे खां अपने बेटे मिश्रयार के साथ रहते थे। मकसूद पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करना चाहता था,





जिसका नन्हे ने विरोध किया। तभी से दोनों के बीच रंजिश चल रही थी। मंगलवार को नन्हे और मिश्रयार बाइक से फरीदपुर जा रहे थे। रास्ते में रजपुरिया गांव के पास मकसूद ने पीछे से टक्कर मार दी। बाइक गिरने पर उसने पिता-पुत्र को कार से कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर सीओ संदीप सिंह और इंस्पेक्टर राधेश्याम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त ईको कार को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आरोपी की तलाश में कॉम्बिंग की गई, लेकिन अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। घटना के बाद गांव में तनाव और परिजनों में कोहराम मचा है।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर समाजवादियों ने लिया संकल्प

**सपा का संकल्प**

बरेली की 9 सीटें जीतकर 2027 में अखिलेश भैया को बनाएंगे उत्तर प्रदेश का सीएम

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपा कार्यकताओं और नेताओं ने जिले भर में केक काटकर, भोजन वितरण कर और पौधरोपण कर उन्हें याद किया। साथ ही इस अवसर पर एकजुट होकर बरेली की नौ विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज करने और अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया।

समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेताओं ने बेदी, भोजीपुरा, नवाबगंज समेत अन्य विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी की स्थिति मजबूत करने के लिए व्यापक रणनीति पर चर्चा की। नेताओं ने कहा कि हमारा लक्ष्य बरेली की सभी 9 सीटों पर सपा प्रत्याशियों को जिताकर विधानसभा में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना है।नेताओं ने यह भी बताया कि आंवला क्षेत्र में सपा ने 25 वर्षों बाद जीत दर्ज की है, जो विकास और जनहित के कार्यों पर जनता के भरोसे को दशार्ता है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ₹भाजपा सिर्फ जुमलों की राजनीति करती है, जमीन पर कोई ठोस विकास नहीं हुआ। जनता अब जागरूक हो चुकी है और सच्चाई को समझ चुकी है। सपा नेताओं ने कहा कि पार्टी हर वर्ग, खासकर दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों की आवाज बन चुकी है। भाजपा की योजनाएं सिर्फ दिखावा हैं – पंचायतों और टछड चुनावों में ढऊअ (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठबंधन का समर्थन सपा को पहले स्थान पर लेकर आया। इटावा की हालिया घटना पर सपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। सपा नेताओं ने कहा कि यह घटना निदनीय है और इसमें दोनों पक्षों की गलती है, लेकिन प्रशासन की विफलता भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदार है।

2027 के चुनाव में सपा बरेली की सभी 9 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग हमारे साथ है। जनता को भाजपा के खोखले वादों की सच्चाई अब समझ आ गई है।सपा जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप ने कहा

भाजपा शासन में विकास ठप है। निधियों में कटौती कर जनहित के काम रोके जा रहे हैं। सपा सरकार में ही आम जनता को राहत मिलती थी।

**लगातार बारिश के बाद गरीबों के आशियानों पर मौत का संकट**

# बारिश में गिरी कच्ची दीवार, किशोर की मौत

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली (फरीदपुर)। लगातार हो रही बारिश के बाद इसके परिणाम आने शुरू हो गए है जिसके अंतर्गत जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र के नवादिया कल्याणपुर अहीर गोटिया गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को दहला दिया। लगातार बारिश के चलते एक पुराना कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिर गया, जिसकी चपेट में आकर 15 वर्षीय मोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका फुफेरा भाई गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गया।

आपको बताते चले मृतक मोहित के रिश्तेदारों ने बताया कि उनका परिवार बीते कई वर्षों से गंगा किनारे कच्चे मकान में रह रहा था। घर में पिता देवेंद्र (40) मां पिशा देवी (35) और चार बेटे रहते हैं। हादसे के वक्त मोहित और गोविंद साथ ही



बैठे हुए थे, जब अचानक से पुरानी दीवार गिर गई।

दीवार गिरने की आवाज सुनकर गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू करते हुए गोविंद को मलबे से बाहर निकाला और इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जबकि मोहित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही फरीदपुर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मृतक मोहित अपने चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मां पिशा देवी बेसुध हैं और बार-बार अपने बेटे को पुकार रही हैं। परिवार पहले से ही दर्दनाक घटनाओं से जूझता आया है।करीब दो साल पहले गंगा किनारे ही उनकी एक बेटी की सर्पदंश से मौत हो गई थी।

इस घटना ने न सिर्फ एक परिवार की खुशियां छीन लीं, बल्कि गांव में भी गम का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आवास और आर्थिक सहायता तत्काल मुहैया कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी दोबारा न हो।

# मौलाना बोले- कथावाचक, मौलवी वक्ता, और शायर तीनों एक ही कैटेगरी

## अखिलेश पहली बार बोले सच, इसलिए समर्थन, कथावाचक और मौलवी वक्ता प्रोफेशनल लोग इन सभी का होना चाहिए बायकॉट

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। इटावा मे कथावाचक के साथ हुई घटना चर्चा का विषय बनी हुई है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर अखिलेश यादव तक अलग-अलग मंचों पर अपने राजनीतिक हितों को साधते हुए बयान दे रहे है। इसी दरमियान मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने भी एक बड़ा बयान दे डाला, मौलाना ने इन दोनों लोगों से आगे बढ़कर हिंदू कथावाचको और मौलवी वक्ताओं और शायरो को भी लपेटे में ले लिया, और खुब खरी खोटी सुनाई।

आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने प्रेस को जारी किये गये बयान मे कहा कि मौजूदा समय मे गरीब आदमी को कोई धार्मिक आयोजन कराना बहुत मुश्किल और महंगा पड़ता है। हिंदुओं के कार्यक्रम को सम्बोधित करने के लिए



कथावाचको को बुलाया जाता है, बिल्कुल इसी तरह मुसलमानो के कार्यक्रम मे तकरीर करने के लिए मौलवी को बुलाया जाता है,शहरो मे सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए मुशायरे आयोजित होते है, उसमें हिंदू शायर और मुस्लिम शायर बुलाये जाते हैं। ये तीन कैटेगरी के लोग होते है, जिसमे कथावाचक और मौलवी धर्म का टाईटल लगाये हुए होते हैं और अदब के नाम पर शायर मंचों पर गला बाजी की कला दिखाते हैं। इन तीनों ग्रुपों की हालत यह है कि आयोजकों से पहले अपना पैसा तय करते हैं फिर उसके बाद अपना समय देते हैं, कार्यक्रम में पहुंचने से पहले अपने अकाउंट मे पहले पैसा डलवाते हैं फिर कही बाद में कार्यक्रम में पहुंचते है। इन तीनों कैटगरी के लोगों ने अपना धंधा पानी सेट करने के लिए एक निजी सचिव रखा होता है, वो व्यक्ति इन लोगों के मोलभाव तय करता है, मोटी रकम लेने के बाद सारे मामलात तय हो जाते हैं। मौलाना ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कथावाचकों के बारे मे जो कुछ कहा, वह उनकी बात सौ फीसद दुरुस्त है, मै इनका समर्थक नहीं हुँ मगर उन्होंने आज जो सच्ची बात कही है वो दिल और दिमाग से कही है, वो सच्ची बात है और समाज को आईना दिखाने वाली बात है। इसलिए मैं उनके बयान का समर्थन करता हूं। मौलाना ने कहा कि यह लोग धर्म के नाम पर दुनिया दारी कर रहे हैं, अपने चहरे और लिबास पर धर्म का टाईटल लगा रखा है, और धर्म की आड़ में न जाने कौन कौन से दुनिया दारी के काम अंजाम दे रहे हैं। इनका दावा है कि हम धर्म का प्रचार प्रसाण और सेवा कर रहे है, इनका दावा खोखला और समाज को धोखा देने वाला और भ्रमित करने वाला है। ये लोग धर्म के सेवक नही बल्कि धर्म कि आड़ में अपने परिवार कि सेवा में लगे हुए हैं।मौलाना ने हिंदू और मुस्लिम जनता से आह्वान करते हुए कहा कि ऐसे कथावाचको, मौलवियों और शायरों को अपने कार्यक्रमों में न बुलाए, बल्कि इनका बायकॉट करें।

# बैंक रिकवरी की आड़ में चोरी की गाड़ियों का खेला



**फर्जी नंबर प्लेट से चोरी की महंगी गाड़ियां चला रहा था बैंक का रिकवरी एजेंट, दो गाड़ियां बरामद, आरोपी गिरफ्तार**

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। हाफिजगंज पुलिस ने वाहन फजीर्वाड़े के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो विटारा ब्रेजा कारों के साथ एक शातिर को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोबीन खान नामक युवक दो कारों पर एक ही नंबर प्लेट लगाकर अलग-अलग जिलों में चला रहा था। हैरान करने वाली बात यह है कि मोबीन एक बैंक की वसूली टीम में काम करता है और पुलिस को गुमराह करने के लिए उसने अपने पते में भी हेराफेरी की थी।

चौकी रिठौरा प्रभारी वैभव गुप्ता की टीम ने सोमवार रात मुखबिर की सूचना पर नहर किनारे घेराबंदी कर एक सफेद ब्रेजा कार को रोका। चालक भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में उसकी पहचान मोबीन खान पुत्र तोफीक खान निवासी मुलापुर, थाना हाफिजगंज के रूप में हुई। हालांकि, दस्तावेजों में उसने अपना पता चांदपुर थाना क्षेत्र के सराई गांव, बिजनौर दर्शा रखा था।पुलिस को उसकी कार की जांच में बड़ा झोल मिला। नंबर प्लेट पर वढ14उ 4203 लिखा था, लेकिन चैचिस और इंजन नंबर अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग पाए गए, जिनमें से कुछ घिसे हुए थे। मोबीन की निशानदेही पर पुलिस ने खेत से एक और विटारा ब्रेजा बरामद की। यानी आरोपी दो गाड़ियां एक ही नंबर प्लेट से चला रहा था, एक बरेली में और दूसरी बिजनौर में। मोबीन ने बताया कि उसने यह फजीर्वाड़ा बिजनौर के नसीम अहमद नामक व्यक्ति के साथ मिलकर किया था। इनमें से एक गाड़ी को वह बिजनौर में बैंक की रिकवरी टीम के लिए इस्तेमाल करता था, जबकि दूसरी गाड़ी को बरेली में खेत में छिपाकर रखा गया था।

**गोरखपुर के युवक की गाड़ी का पड़ा था चैचिस नंबर**

हैरत की बात यह रही कि गाड़ी पर जो चैचिस नंबर था, वह गोरखपुर निवासी अरुण कुमार गुप्ता की गाड़ी से मेल खाता था। जब पुलिस ने अरुण से संपर्क किया तो उन्होंने साफ बताया कि उनकी गाड़ी तो उनके पास सुरक्षित खड़ी है। इससे साफ हो गया कि मोबीन ने फर्जी आरसी और गाड़ी की पहचान छिपाने के लिए किसी और की गाड़ी के दस्तावेजों की नकल की थी। पुलिस द्वारा असली गाड़ी मालिक की पहचान की जा रही है। पुलिस ने मोबीन के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही नसीम अहमद को भी मामले में नामजद किया गया है, जिसकी तलाश में बिजनौर में दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों गाड़ियों के इंजन और चैचिस नंबरों की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी, ताकि असली मालिक की पहचान की जा सके।

# पुलिस उपाधीक्षक अंजलि कटारिया ने संभाला चार्ज

नेशनल एक्सप्रेस/ओमपाल सिंह



**कावड़ यात्रा: सकुशल संपन्न कराने के लिए श्रद्धालुओ को दी जाएगी बेहतर सुरक्षा, अपराध नियंत्रण करना मुख्य प्राथमिकता में रहेगा शामिल**

धनौरा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने तथा अपराध को नियंत्रित करने और अपराधियो पर पैनी नजर बनाए रखने के लिए दो क्षेत्राधिकारियो के कार्यों में फेर बादल किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मंडी धनौरा के सीओ श्वेताभ भास्कर का स्थानांतरण कर जन शिकायत साइबर क्राइम यू पी 112 का क्षेत्राधिकारी बनाया है।उनके स्थान पर तेज तर्रार महिला सी ओ का जन शिकायत, साइबर क्राइम,यू पी 112 से स्थानांतरण कर मंडी धनौरा का क्षेत्राधिकारी बनाया है।उनके क्षेत्राधिकार में थाना मंडी धनौरा, थाना बछरायूं व थाना गजरौला रहेंगे।जन शिकायत,साइबर क्राइम,यू पी 112 से स्थानांतरण होने के बाद पुलिस अधीक्षक अमरोहा के आदेश व निर्देश का पालन करते हुए बीते रविवार को उन्होंने मंडी धनौरा सर्किल का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने प्राथमिकता के तौर पर बताया कि उनके सर्किल में कानून व्यवस्था को सुदृढ़, सुव्यवस्थित बनाने तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अपराधियो पर कड़ी कार्यवाही करते हुए अपराधो को नियंत्रित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि पीड़ितो व फरियादियो की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।खासकर महिला सशक्तिकरण पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर महिलाओ को परिपक्व बनाया जाएगा।पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के लिए बीट पुलिसिंग को मजबूत किया जाएगा। विशेष तौर पर नवांगतुक पुलिस उपाधीक्षक अंजलि कटारिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी त्यौहार कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे ताकि आम यात्रीयो,कावड़ यात्रियों व श्रद्धालुओ को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें जिससे समय रहते हुए कार्यवाही अमल में लाई जा सके।कानून व शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालो को किसी भी कीमत पर बख्सा नहीं जाएगा।आम जनता की सुरक्षा के लिए पुलिस हर समय अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद है।

# प्रदेश की जनता सपा सरकार के विकास कार्यों को कर रही याद: परवेज अली



**सदर विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री महबूब अली के आवास पर केक काट कर मनाया गया सपा मुखिया अखिलेश यादव का जन्मदिन**

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन सपाईयों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। केक काटकर उनके दीघार्यु होने की कामना की। मंगलवार को पूर्व एमएलसी परवेज अली ने अपने कैम्प कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन सपाईयों संग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ केक काट कर मनाया। उनके दीघार्यु होने की कामना की। इस अवसर पर श्री अली ने कहा कि समाजवादी पाट्री के विकास कार्य एवं लोक लुभावन कार्य पद्धति के कारण जनता समाजवादी सरकार को याद कर रही हैं।

समाजवादी सरकार में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे का निर्माण, लखनऊ में एकाना अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का निर्माण कराया, मैट्रो ट्रैन का लखनऊ में उदघाटन चारबाग तक, त्वरित गति से न्याय दिलाने हेतु डायल 100 पुलिस सेवा प्रारम्भ, लाखो छात्र छात्राओ को लैपटाप वितरण, मजदूरो को मुफ्त साईकिल वितरण, लखनऊ में जनेश्वर मिश्र पार्क का निर्माण कार्य, आदि प्रमुख कार्य किये। इस मौके पर जाहिद हुसैन, बॉबी भगत सिंह, साजिद अली, शशीकांत गोयल, वीरभान सिंह यादव, सर्वेश सैनी, इकरार मैम्बर, दानिश इजि०, राजकुमार यादव, लता सागर, पप्पन खॉ, सरताज आलम मैम्बर, शमीमूददीन मैम्बर, वहाब सैफी, आदि सैकड़ो की सख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश में बनेगी सपा सरकार: भूपेंद्र सिंह

**सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन**

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गजरौला। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया। उनकी दीघार्यु होने की कामना की। पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ.भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिवस पर हम सबको प्रण लेना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता चौधरी, डॉ.जितेन्द्र यादव, अशोक चौधरी, नगराध्यक्ष कामिल मंसूरी, अनिल चौधरी, रवि चौहान, आशीष अग्रवाल, सुरेन्द्र चौहान, अमन सिरोही, अरुण चौधरी, योगेन्द्र उपाध्याय, चंद्रपाल यादव, कुलदीप देवल, सचिन यादव, अरुण यादव, विजय शर्मा, नन्हें शर्मा, रविन्द्र प्रधान, फरमान सिद्दीकी, नमन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने हरी झंड़ी दिखा संचारी रोग अभियान का किया शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस



धनौरा। नगर के मौहल्ला सुभाषनगर में संचारी रोग और दस्तक अभियान की शुरूआत नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर की।

इस दौरान अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि अभियान के अंर्तगत आमजन को संचारी रोग से बचाव, स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा और प्रतिदिन हर वार्ड में संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि संचारी और दस्तक रोग अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक हर वार्ड में चलाया जाएगा और हर वार्ड में एंटी लार्वा स्प्रे और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया जाएगा। इस मौके पर सभासद गुरुचरण, सभासद राजेन्द्र सिंह, सतीश, विशाल शर्मा, निशान्त, महेंद्र सिंह, राजकुमार, मनोज आदि मौजूद रहे।

# केदारनाथ से लौट रहा श्रद्धालु घर की सीमा में हुआ मौत का शिकार

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। थाना सुभाष नगर क्षेत्र के सिधौली मणिनाथ निवासी 24 वर्षीय राहुल चौधरी की रविवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह अपने दोस्त अनुराग के साथ बाइक से केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन कर घर लौट रहे थे। रास्ते में मीरगंज के पास सिधौली चौराहे पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहा अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि पीछे बैठे राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल अनुराग को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहुल की पहचान उसके मोबाइल फोन और जेब में मिले कागजों से की गई, जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां सावित्री का रो-रोकर बुरा हाल है। राहुल परिवार में सबसे छोटा था। वह स्नातक का छात्र था और एक निजी कंपनी में नौकरी करता था।फिलहाल पुलिस में टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

# भारतीय किसान यूनियन महिला शक्ति की बैठक का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



अमरोहा। भारतीय किसान यूनियन महिला शक्ति की बैठक का एक आयोजन किया गया। यूनियन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीना रानी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज तक भारत में पुरुष प्रधान भारतीय किसान यूनियन का ही निर्माण हुआ है। कोई भी यूनियन महिला प्रधान नहीं है।पहली बार किसी महिला ने साहस किया और किसानो और महिलाओ की आवाज उठाने के लिए भारतीय किसान यूनियन महिला शक्ति का गठन किया गया है। किसी भी महिला का शोषण न हो प्रत्येक महिला को उसका अधिकार मिले।हमारे देश की सरकार के नारे नारी सशक्तिकरण को अमली जामा पहनाने का प्रयास किया जाएगा तथा किसानो की हर समस्या को शासन प्रशासन के सहयोग से हल किया जाएगा।भारतीय किसान यूनियन महिला शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्षा ने बैठक में उपस्थित सभी महिलाओ को भरोसा दिलाया और कहा कि सभी महिलाएं मिलकर अमरोहा जिले में बंपर वृक्षारोपण करें।राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर मनोनीत होने के बाद गुड्डो चौहान ने कहा कि मैं संगठन के साथ मिलकर दिन रात महिला और किसानो की समस्या का निवारण करूंगी। संगठन की रीढ़ बनकर संगठन को पूरे देश में एक उज्जवल संगठन का मुकाम दिलाने का भरोसा दिलाती हूं।

# बारात के दौरान डीजे पर हुआ बवाल, पुलिस पर पथराव और मारपीट

## डीजे पर डांस बना जंग का मैदान

### चार पुलिसकर्मी सहित कई लोग घायल बिना दुल्हन के बारात हुई वापस पुलिस ने 22 लोगों को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय

संभल/धनारी। धनारी थाना क्षेत्र के गांव डरौली में एक शादी समारोह के दौरान बारात में डीजे पर नाचने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि यह पुलिस और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प में तब्दील हो गया। इस घटना में चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, वहीं दूल्हा बिना शादी किए और बिना दुल्हन को लिए बारात लेकर वापस लौट गया। मौके से पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।





## दूल्हे के तिलक कार्यक्रम में पहुंचा विवाद, पुलिस पर हमला

जैसे ही दूल्हा बग्गी पर सवार होकर लड़की के दरवाजे पर तिलक कार्यक्रम के लिए पहुंचा, तभी उक्त युवकों और लड़की पक्ष के बीच कहासुनी और मारपीट फिर से शुरू हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची धनारी पुलिस ने भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन अचानक से भीड़ उग्र हो गई और पुलिस पर पथराव और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। स्थिति को काबू में लाने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें दोनों पक्षों को चोटें आईं। पुलिस कर्मियों पर हुए इस हमले में भकरौली चौकी प्रभारी बसंत यादव और उप निरीक्षक अंकित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। कांस्टेबल पवन कुमार ढाका और कांस्टेबल अक्षय सिरोही को भी चोटें आई हैं।

**डीजे पर झूमते बाराती और कीचड़ से शुरू हुआ बवाल:** गांव डरौली निवासी जसवंत पुत्र मंगली की बेटी मंजू की शादी हरदासपुर थाना रजपुरा क्षेत्र निवासी अंकित पुत्र सोपाली के साथ तय हुई थी। बारात सोमवार रात गांव डरौली पहुंची, जहां परंपरागत रूप से डीजे पर नाचते-गाते बारात गांव में चढ़ रही थी। इस दौरान किसी व्यक्ति का पैर कीचड़ में फिसल गया और पास में खड़े दो होमगार्ड सूरजपाल और शीशुपाल निवासी मझोला फतेहपुर के ऊपर कीचड़ उछल गया। बात इतनी छोटी थी, लेकिन इसी को लेकर कहासुनी हो गई। स्थानीय लोगों के समझाने पर विवाद शांत हुआ, लेकिन कुछ समय बाद हालात फिर बिगड़ गए। लड़की पक्ष का आरोप है कि दोनों होमगार्ड अपने साथ हिरदेश, पंकज, विनोद पुत्र वीर सिंह सभी निवासी मझोला फतेहपुर और तीन अन्य लोग सुमित, वीरू और अजय को लेकर वापस लौटे और शादी स्थल पर फिर से विवाद शुरू कर दिया।

**लड़की पक्ष के गंभीर आरोप:** पीड़ित दुल्हन की बहन रेशमा पत्नी हेमसिंह, चचेरी बहन अंशु पुत्री हरि सिंह, और बहन संतोष पुत्री जसवंत ने आरोप लगाया है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने न तो किसी से पूछताछ की और न ही सही जानकारी लेने की कोशिश की।

उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने सीधे लाठीचार्ज शुरू कर दिया, जिसमें खुद दुल्हन की मां, बहन और दूल्हे के पांच रिश्तेदार घायल हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और इस पूरी घटना में थाना धनारी में तैनात भकरोली चौकी प्रभारी बसंत यादव, उप निरीक्षक अंकित कुमार गंभीर रूप से घायल हुए हैं वहीं कांस्टेबल पवन कुमार ढाका तथा अक्षय सिरोही को भी चोटे आई हैं।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव डरौली मैं एक साड़ी समझ में डीजे पर पथराव के दौरान डायल 112 को सूचना मिली मौके पर पहुंची प्यार भी ने मामले को शांत करने की कोशिश की जब मामला शांत नहीं हुआ तो डायल 112 पीआरबी ने जिसकी सूचना थाना धनारी पुलिस को दी वही मौके पर पहुंची तो पुलिस पर पथराव तथा लाठी डंडों से हमला कर दिया गया धनारी पुलिस पर हुआ हमला बेहद गंभीर मामला है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पूरी घटना की गहन जांच की जा रही है और 22 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

-कृष्ण कुमार बिश्नोई
पुलिस अधीक्षक सम्भल।

### बिना दुल्हन के बारात लौटी नहीं हुई शादी

इस हिंसक घटना के बाद न तो जयमाला हो सकी और न ही फेरे। मामला इतना बिगड़ गया कि दूल्हा और उसके परिजन बिना शादी किए और बिना लड़की को विदा कराए गांव से बारात लेकर वापस लौट गए।घटनास्थल पर उत्तर प्रदेश पुलिस की एक टोपी, एक ब्रांच, और एक कांस्टेबल की नाम प्लेट बरामद हुई है। कई मकानों के दरवाजे टूटे मिले हैं और गलियों में पत्थर बिखरे पड़े थे। पुलिस ने इस दौरान इस्तेमाल किए गए कई मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं, जिनसे वीडियो फुटेज और कॉल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

# डीएम ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

● जिलाधिकारी ने सभी आशाओं एवं ए एनएम को दिलायी शपथ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल बहजोई। मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के द्वारा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर किया गया। शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलाया जाना है।उन्होंने यह भी बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत विभिन्न विभागों यथा-नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन विभाग, बालविकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, औषधि एवं खाद्य प्रशासन इत्यादि के अन्तर्विभागीय समन्वय से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संचालन किया जाना है। उन्होंने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत दिमागी बुखार, आई0एल0आई0, क्षयरोग के लक्षण युक्त व्यक्तियों, कुष्ठ रोग, फाइलेरिया, कालाजार, मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया, कुपोषित बच्चों की पहचान, दस्त रोग के लक्षणयुक्त बच्चों की पहचान करते हुए उन्हे ओ0आर0एस0 पैकेट एवं जिंक टैबलेट उपलब्ध कराया जायेगा। इसी के साथ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य एवं पेय पदार्थो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा अधोमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री विशेष कर खुल हुए खाद्य पदार्थ जैसे- बेकार, सड़े हुए सब्जी एवं फल, असुरक्षित तरीके से तैयार किये जा रहे ताजा फलों एवं गन्ने के जूस इत्यादि पर नियंत्रण का कार्य सम्पादित किया जायेगा।इस दौरान स्टॉप डायरिया कैंपेन भी चलाया जाएगा,जिसमें डायरिया से बचाव एवं रोकथाम के बारे में बताया जायेगा, आशाओं के द्वारा घर घर जाकर डफ्र एवं जिंक बांटा जाएगा।डफ्र कॉर्नर भी बनाए जाएंगे और जिलाधिकारी ने संचारी रोग से संबंधित सभी आशाओं एवं ए एन एम को शपथ दिलाई।



# 12 वर्षीय बालक मुंबई से बरामद, परिजनों को सौंपा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल। थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव बिचेटा निवासी 12 वर्षीय सुनील पुत्र अर्जुन आठ माह पूर्व अचानक घर से लापता हो गया था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग पाया था। इस बीच वह किसी तरह मुंबई पहुंच गया, जहां वह रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध अवस्था में मुंबई पुलिस को मिला।पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान जब उसने अपना नाम, गांव व पिता का नाम बताया तो तुरंत बाल संरक्षण कानूनों के तहत उसे बालगृह में भेज दिया गया। पिछले आठ माह से वह मुंबई के एक बालगृह में रह रहा था। बातचीत के दौरान पता चला कि बच्चा सम्भल जिले का है तो मुम्बई पुलिस ने बाल कल्याण समिति सम्भल से सम्पर्क किया,बाल कल्याण समिति के अथक प्रयास के बाद जब उसकी पहचान पूरी तरह से सुनिश्चित हो गई, तो मुंबई पुलिस उसे लेकर बाल कल्याण समिति सम्भल पहुंची।बाल कल्याण समिति संभल में औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बच्चे को सकुशल उसके पिता के हवाले कर दिया। पूर्व में भी ये बच्चा दो बार घर से भाग चुका है। परिजन भी उसकी इस आदत से बेहद चिंतित हैं।ऐसे में बाल कल्याण समिति ने उसके पिता को सलाह दी कि वे बच्चों के साथ संवाद बनाए रखें, उनकी समस्याओं को समझें और उन्हें अकेलापन महसूस न होने दें।यदि कोई बच्चा बार-बार घर से भागता है, तो उसे केवल डांटने के बजाय विशेषज्ञ मनोवैज्ञानिकों से परामर्श अवश्य लें। बाल कल्याण समिति की सक्रियता से बच्चा सुरक्षित अपने घर पहुंच गया, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली है।



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय मानव कल्याण समिति ने मनाया राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस

नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह/चंदौसी। विनायक मार्ग स्थित समिति कार्यालय पर राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर समिति प्रबंधक डॉ टीएस पाल को उनकी सामाजिक एवम स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।भाजपा नगर महामंत्री तरुण नीरज ने कहा निस्वार्थ सेवा भाव से कार्य करना ही हर चिकित्सक का लक्ष्य होना चाहिए।सामाजिक कार्यकर्ता शुभम अग्रवाल ने मानवीय जीवन में वर्तमान स्थिति को देखते हुए चिकित्सक की अहम भूमिका है हमें चिकित्सकों का हर संभव सहयोग करना चाहिए। इस दौरान सुशील कुमार भोलेनाथ, सभासद अमन कोरी, दिनेश चंद्र गुप्ता,राजेश पाल,आकाश कुमार शर्मा,अनुज वार्ष्णेय अन्नू,भावना गुप्ता,विक्रम सिंह,ओमप्रकाश गुप्ता,विपिन बालाजी आदि उपस्थित रहे।



### डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों को किया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गुन्नौर ' मंगलवार को नगर बबराला स्थित भानु आई केयर सेंटर में डॉक्टर्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टरों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान डॉक्टर कैलाश वार्ष्णेय ने डॉक्टरों की समझ व डाक्टरों की मेहनत पर प्रकाश डाला।डॉक्टरों को भी अपने स्वस्थ रहने की सुझाव दिए। इस अवसर पर संचालक डॉ राहुल यादव एवं एडवोकेट चिंताहरण सिंह द्वारा डॉक्टरों को माल्यार्पण एवं पौधा वितरण कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से डॉक्टर सुधीर शर्मा ,डॉक्टर बी एस यादव, डॉक्टर रिजवान अहमद ,डॉक्टर रमेश, डॉक्टर प्रदीप रघुवंशी ,डॉक्टर एमपी यादव ,डॉक्टर राहुल यादव एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर राहुल यादव द्वारा किया गया।



### गंगाघाट पर क्षेत्रीय वनाधिकारी ने किया पौधारोपण

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/ गुन्नौर ' मंगलवार गंगाघाट राजघाट में वन महोत्सव सप्ताह (1-7 जुलाई 2025) का आयोजन किया गया।जिसमें पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत बबराला अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय, क्षेत्रीय वनाधिकारी ब्रजमोहन, ग्रामीण व वन स्टॉफ ने शांति उपवन राजघाट में आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि हषवर्धन वार्ष्णेय द्वारा पौधारोपण कर वन महोत्सव के बारे में 'ग्रामीणों को जानकारी दी गई। वन महोत्सव सप्ताह के बारे में बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए सभी को प्रेरित किया।



उन्होंने कहा कि पेड़-पौधो का मानव-जीवन में अति महत्वपूर्ण योगदान है।हम जितना अधिक पेड़- पौधे लगाएंगे उतनी ही अधिक और स्वच्छ आक्सीजन हमें प्राप्त होयी। क्षेत्रीय वनाधिकारी ब्रजमोहन ने कहा कि इस वर्ष 2025 में वन विभाग 30 प्र0 द्वारा एक अनूठी पहल की गई। जिसके अंतर्गत वन महोत्सव सप्ताह (1 से 7 जुलाई 2025) के दौरान जन्म लेने वाले शिशुओं के माता-पिता व अभिभावकों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट व एक पौधा भेंट किया जायेगा।इस दौरान उप क्षेत्रीय वनाधिकारी विशेष कुमार, वन एसआई,सुरेश कुमार,पीतमराम,दीपक,राजकुमार व ग्रामीण मौजूद रहे।

### ना डरे हैं ना डरेंगे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमरनाथ यात्रा करेंगे

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। मंगलवार को अपनी 9वी अमरनाथ यात्रा के लिए चंदौसी नगरी से जाने वाले श्रद्धालुओं का वैश्य एकता मंच द्वारा स्वागत कार्यक्रम मिनी वृंदावन नगरी चंदौसी से श्री मूछो वाले बाबा का आशीर्वाद लेकर एक जत्था शाम को रवाना हुआ ।ग्रुप के सदस्य तुषार क्रिस्टल ने बताया हम लोग लगातार अमरनाथ यात्रा पर जाते है इस वर्ष ये मेरी 9वी यात्रा होगी इस यात्रा में 4 पुरुष और एक महिला भक्त सामिल है। बाबा के दर्शन करके माँ वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जाएँगे महिला भक्त पूनम वार्ष्णेय ने कहा मैं पहली बार अपने पति के साथ अमरनाथ यात्रा पर जा रही हूँ जत्था रवाना होने से पूर्व वैश्य एकता मंच के पदाधिकारियों द्वारा भोले भक्तों का पटका पहनाकर स्वागत किया और भगवान भोलेनाथ की पूजा की और उनसे प्रार्थना की यात्रा सफल हो और अमरनाथ जी के जयकारो के साथ जत्था रवाना हुआ।



# उपभोक्ता आयोग का आदेश ना मानना रेलवे को पड़ा भारी, गिरफ्तारी के आदेश

● युवा अधिवक्ता पारस वार्ष्णेय पीड़ितों को दिला रहे हैं न्याय

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। -देरी से चल रही ट्रेन के संबंध में रेलवे ने गलत जानकारी दी,14 घंटे देरी से चल रही ट्रेन टिकट की धनराशि वापस भी नहीं की । यात्री को ट्रेन के स्थान पर हवाई मार्ग से दिल्ली आना पड़ा परेशान यात्री ने जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद योजित किया परिवाद निर्णीत हुआ लेकिन आदेश का पालन नहीं हुआ जिस पर जिला उपभोक्ता आयोग ने भारत सरकार के रेल सचिव,स्टेशन मास्टर मनमाड़ महाराष्ट्र के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर गिरफ्तारी के आदेश दिए अधिवक्ता पारस वार्ष्णेय के अनुसार संभल सरायतरीन के बाजार गंज निवासी परमानंद वार्ष्णेय पुत्र ओमप्रकाश ने दिनांक 14 सितंबर 2023 को ऑनलाइन एक टिकट खरीदी जिसमें उन्हें अपने परिवार के साथ दिनांक 3 जनवरी,2024 को मनमाड़ से मथुरा जाना था मनमाड़ से ट्रेन को मध्यरात्रि 12 बजकर 10 मिनट पर चलना था यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए दिनांक 2 जनवरी 2024 को रात्रि 10 बजे मनमाड़ रेलवे स्टेशन पर आ गया लेकिन 3 घंटे के इंतजार के बाद ट्रेन नहीं आई रेलवे द्वारा कोई सूचना भी नहीं दी गई यात्री को रात भर ट्रेन का इंतजार करना पड़ा दिनांक 3 जनवरी को प्रातः 7 बजकर 50 मिनट पर बताया गया गया कि ट्रेन आने वाली है लेकिन ट्रेन नहीं आई जिस पर यात्री द्वारा ट्रेन टिकट कैंसिल वापस करने का अनुरोध किया लेकिन रेलवे की ओर से टिकट की धनराशि वापस नहीं की गई जिससे यात्री को हवाई मार्ग से वापस दिल्ली आना पड़ा यात्री ने रेलवे की लापरवाही को जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष उठाया जिसमें आयोग ने 29 अगस्त 2024 को रेलवे मंडल वाणिज्य प्रबंधक भुसावल को आदेश दिया था कि वह टिकट की धनराशि 2,257 व हवाई जहाज किराया राशि रुपए 18,912/- कुल धनराशि 21,169/ दो माह के अंदर वापस करे साथ ही रेल सचिव व स्टेशन मास्टर मनमाड़ को 5 हजार वाद व्यय व 5 हजार आर्थिक हानि अदा करने के भी आदेश दिए लेकिन रेलवे व उसके अधिकारियों ने उपभोक्ता आयोग के आदेश का पालन नहीं किया अधिवक्ता पारस वार्ष्णेय ने बताया कि जिला आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए भारत सरकार के रेल सचिव,स्टेशन मास्टर मनमाड़, व वाणिज्य प्रबंधक भुसावल के विरुद्ध वारंट जारी का गिरफ्तारी के आदेश दे दिए है।



# सपाइयों ने धूमधाम से मनाया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

गुन्नौर ' मंगलवार को सपा के कार्यकताओं नें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया सभी कार्यकताओं नें उनके फोटो के आगे केक को काटा और मिष्ठान वितरित किया।

इसके बाद सभी कार्यकताओं नें वृक्षारोपण भी किया सपा नेता अमित यादव नें कहा कि हम आज उनके जन्मदिन को संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं हम संकल्प लेते हैं कि PDA के सम्मान के द्वारा हम उत्तर प्रदेश में 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे जिससे उत्तर प्रदेश का विकास हो सके मजदूरों किसानों नौजवानों महिलाओं पीड़ितों छात्रों को उनका हक मिल सके इस अवसर पर अमित यादव, देवपाल सिंह, रूपेश यादव ,लकी उस्मानी ,सौरभ यादव ,शमीम अहमद, शरद यादव ,बबलू यादव, मोहित यादव ,वीरपाल यादव ,वीर सिंह ,विभोर अग्रवाल सत्यप्रकाश यादव ,राजेश यादव के0वी0 यादव ,आदि मौजूद रहे।

# वन महोत्सव सप्ताह व राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर विशेष आयोजन



● जिलाधिकारी व वन क्षेत्राधिकारी ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। भगत जी इंटरनेशनल स्कूल, में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक ₹वन महोत्सव सप्ताह₹ का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष सम्भल वन विभाग के सौजन्य से यह आयोजन ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ थीम के अंतर्गत सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों ने मिलकर पौधे लगाए और उन्हें अपनी माताओं के नाम समर्पित किया, जिससे भावनात्मक जुड़ाव के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश पूरे समाज में प्रसारित हुआ।कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर सम्भल के जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वन क्षेत्राधिकारी प्रीति यादव विशिष्ठ अतिथि रही व उन्होंने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजेश शंकर राजू भी उपस्थित रहे। सम्भल वन विभाग के संयुक्त प्रभागीय वनाधिकारी (उड) प्रभात कुमार ने कार्यक्रम में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता दर्शाई। सभी अतिथियों ने वृक्षारोपण कर छात्रों को प्रकृति से जुड़ने और उसका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया।इस प्रकार भगत जी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित वन महोत्सव सप्ताह एवं राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का कार्यक्रम पर्यावरण और समाज सेवा के उत्कृष्ट समन्वय का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया।

# रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चन्दौसी ' मंगलवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस राष्ट्रीय सी.ए. दिवस पर महाजन मोहल्ला स्थित लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाई स्कूल में रोटरी क्लब चंदौसी अमन के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जनरल फिजीशियन डॉ सागर गुप्ता एवम नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ ओमेंद्र वार्ष्णेय ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करके दवा प्रदान की। शिविर का शुभारंभ नगर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ नरेंद्र कुमार गुप्ता एवं समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने फीता काटकर एवम दीप प्रज्वलित करके किया। क्लब के अध्यक्ष दीपेश गुप्ता ने बताया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवम चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस दोनों है ।इसलिए क्लब के पदाधिकारियों एवम सदस्यों ने डॉ नरेंद्र कुमार गुप्ता, डॉ सागर मल्होत्रा, डॉ टीएस पाल, डॉ ओमेंद्र वार्ष्णेय तथा सीए कपिल वार्ष्णेय एवम सीए आलोक अग्रवाल,सीए अनुभव गुप्ता को प्रमाणपत्र, फूलमाला एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ नरेंद्र कुमार गुप्ता ने कहा कि जब शरीर स्वस्थ होगा तभी पढ़ाई में मन लगेगा, इसीलिए पौष्टिक आहार का सेवन करें।अपने खान-पान पर विशेष ध्यान दें और फास्ट फूड लेने से बचें। तथा डॉक्टर डे पर सभी चिकित्सकों को शुभकामनाएं प्रेषित की। विशिष्ट अतिथि एवम अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने कहा आज रोटरी क्लब द्वारा जो सेवा कार्य किये जा रहे हैं,वह सराहनीय हैं एवं इन बच्चों को अच्छे डॉक्टर्स का परामर्श प्राप्त हुआ। सामाजिक सेवा भी ईश्वर सेवा के समान होती हैं।अंत मे प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह राजपूत ने सभी अतिथियो एवम मीडिया के बंधुओ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष दीपेश गुप्ता ने इं.लोकेश कुमार वार्ष्णेय ने की इस अवसर पर रोटरी के रीजनल डायरेक्टर भुवनेश वार्ष्णेय, एजी. निखिल अग्रवाल,सचिव राहुल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अविनाश गोयल, प्रदीप वार्ष्णेय,अमित अप्पू, अतुल गुप्ता ,भूपेन्द्र गुप्ता , कमल किशोर,विनय अग्रवाल, मोहित अग्रवाल,हैप्पी आर्या, नितिन रहोली,टीटेश काका , पवन साड़ी,विकास मेंथा,गिरीश हीरो,सपना गुप्ता,कुलदीप वार्ष्णेय,अनुज रमन,शुभ्रा अग्रवाल,श्वेता अग्रवाल,पूजा किशोर,अर्पिता वार्ष्णेय,हृदेश यादव,साधना गुप्ता,शिखा रमन शर्मा,वीना वार्ष्णेय,हरेंद्र कोहली,गीता आर्या, शुभा अग्रवाल,गिरीश अंजली,डॉ कृतिका वार्ष्णेय,रचना, आईपीएस चौहान आदि मौजूद रहे।



# समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मनाया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन

नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी

चंदौसी। मंगलवार को पूर्व वर्षों की भाँति इस वर्ष भी जननायक अखिलेश यादव का 52वाँ जन्मदिवस ढऊअ के तत्वावधान में सुभाष वाल्मीकि के निवास / कैंप कार्यालय नेता मुलायम सिंह यादव पुस्तकालय पावरहाउस नई कॉलोनी चन्दौसी में मनाया गया इस अवसर पर ढऊअ (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) गठबंधन के कार्यकताओं, युवाओं, बुजुर्गों और समाजवादी विचारधारा के समर्थकों ने एकत्र होकर उनके दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना की।कार्यक्रम की शुरूआत नेता मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने अखिलेश यादव के नेतृत्व को एक समावेशी, प्रगतिशील और जनहितैषी राजनीति का प्रतीक बताया। इस मौके पर पार्टी की उपलब्धियों और समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ केक काटा गया और केक , मिठाई वितरण किए गए ।



## संपादकीय

### बरसात और विकास की जटिल जुगलबंदी

हिमाचल की धरती इन दिनों प्रकृति और विकास की दो विपरीत धारणाओं के बीच फंसी नजर आती है। बरसात जहां अपने प्राकृतिक चक्र में संतुलन साधने निकली है, वहीं विकास की बेतरतीब कोशिशें इस संतुलन को तोड़ती जा रही हैं। हर बरसात एक चेतावनी बनकर आती है और पहाड़ों की छाती चीरती है। मौसम का एक हल्का अलर्ट भी यहां विकराल रूप ले सकता है। इस पर तुर्रा यह कि सोशल मीडिया पर ज्ञान की ऐसी बाढ़ आ जाती है, जो अक्सर बिना साक्ष्य के ही भारी-भरकम निष्कर्षों तक पहुंच जाती है।हाल के दिनों में कई स्कूलों को बरसात के कारण बंद करना पड़ा। यह कदम सतर्कता और सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, न कि कोई बाधा। लेकिन हर जगह ऐसा विवेक नहीं दिखता। खासतौर पर जब बात प्रतियोगी परीक्षाओं की हो। बारिश के बीच कई बार परीक्षाएं ऐसे आयोजित होती हैं, जैसे छात्रों के जीवन में मौसमी आपदाओं का कोई महत्व ही न हो। हाल ही में रविवार को हुई एक प्रशासनिक परीक्षा में कई युवा समय पर परीक्षा केंद्र नहीं पहुंच सके, और इस असफलता की वजह बना बरसात से टूटा रास्ता, भूस्खलन या फिर नदी-नालों का उफान।परीक्षा केंद्रों का बेतरतीब बिखराव भी समस्या को और गंभीर बनाता है। छोटी परीक्षाओं के लिए भी जब अभ्यर्थियों को दूर-दराज के इलाकों में भेजा जाता है, तो आपदा की स्थिति में इसका असर सबसे अधिक उन्हीं पर पड़ता है। ऐसे में एक संगठित योजना की जरूरत है, जिसमें सभी सरकारी विश्वविद्यालयों और शिक्षा बोर्ड के परिसर को स्थायी और सुरक्षित परीक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। इन केंद्रों की अवस्थिति मौसम के रुझानों को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए, ताकि कोई भी आपदा शिक्षा या करियर के रास्ते में रोड़ा न बने।दरअसल, बरसात अब सिर्फ एक मौसम नहीं रही, यह हिमाचल की विकास योजनाओं की पोल खोलने वाला दर्पण बन चुकी है। हर साल जैसे-जैसे बादल बरसते हैं, वैसे-वैसे हमारी नीतिगत नाकामियां सामने आती हैं। जमीन की मांग ने हमें खाई, नाले और नदी की तराई में भी निर्माण करने को मजबूर कर दिया है। जल निकासी के स्वाभाविक मार्ग अवरुद्ध कर दिए गए हैं। पहाड़ को बचाने की बातें तो साल भर होती हैं, लेकिन असल में हम हर दिन उसे खोखला करते जा रहे हैं।शहरीकरण की प्रक्रिया में जब भूमि बैंक तैयार किए जाते हैं, तो उनमें संवेदनशील स्थानों का तटीकरण और वैज्ञानिक ढंग से उपयोग जरूरी होता है। लेकिन हमारे यहां दीर्घकालिक सोच की जगह सत्ता-केन्द्रित, अल्पकालिक योजनाएं बनाई जाती हैं। जैसे ही कोई नया राजनैतिक दल सत्ता में आता है, विकास की दिशा और प्राथमिकताएं पूरी तरह से बदल जाती हैं। आधे-अधूरे निर्माण कार्य यूं ही छोड़ दिए जाते हैं, जो बाद में बरसात के समय त्रासदी का कारण बनते हैं।विकास कार्यों में एक और बड़ी समस्या यह है कि वे सटीक रणनीति, स्पष्ट शर्तों और तय समय-सीमा के बिना शुरू कर दिए जाते हैं। सड़क निर्माण इसका जीवंत उदाहरण है। एक ही क्षेत्र में बार-बार खुदाई कर दी जाती है। जब एक विभाग सुरंग बनाता है, तो दूसरा वहीं हाइड्रोप्रोजेक्ट के लिए नदियों का रुख मोड़ देता है। नतीजा यह होता है कि जल और विद्युत विभाग की आपसी तालमेल की कमी पूरे क्षेत्र को संकट में डाल देती है। बारिश में बहती पाइपलाइनें और झुकते बिजली के खंभे अब आम दृश्य बन चुके हैं।शिमला, मकलोडगंज, कुल्लू-मनाली जैसे क्षेत्र हर साल रिसते विकास के उदाहरण बन चुके हैं। फोरलेन और अन्य बड़ी सड़क परियोजनाएं जरूरी तो हैं, लेकिन इन्हें स्थानीय भूगोल और पर्यावरण के साथ समन्वय में ही क्रियान्वित किया जाना चाहिए। विकास के नाम पर जब बाजार खोदे जाते हैं या लोगों के मकानों को अधूरा अधिग्रहण कर ऊंचाई पर टांग दिया जाता है, तो न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ती है, बल्कि समाज का विश्वास भी डगमगा जाता है।भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया में जब मकानों और जमीनों को अधूरा छोड़ा जाता है, तो बचे हुए ढांचे मौसम की पहली मार में ढहने लगते हैं। इसीलिए विकास के साथ-साथ लैंड बैंक और सुरक्षित आवासीय नीतियों का निर्माण जरूरी है।

# अतीत का गौरव और गिरती साख को बचाने की कवायद जारी है



बृज खंडेलवाल

कभी ज्ञान और शोध का केंद्र रहा यह विश्वविद्यालय आज अपनी साख बचाने की जद्दोजहद में है। मेरठ, झाँसी, बरेली, जौनपुर और कानपुर जैसे शहरों में इसके प्रभाव से नए संस्थान उभरे, पर इसका अपना स्तर गिरता गया।

भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था विराट तो है, पर इसकी नींव कमजोर है। शिक्षा के लिए सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का मात्र 3% हिस्सा आवंटित होने से विश्वविद्यालय संसाधनों की कमी और भीड़भाड़ से जूझ रहे हैं। रट्टामार पद्धति और परीक्षा-केंद्रित शिक्षा ने रचनात्मकता को कुंद कर दिया है, जिससे शिक्षा अंकों की दौड़ तक सिमट गई। परिणामस्वरूप, छात्रों में तनाव और आत्महत्या की घटनाएँ बढ़ रही हैं। जहाँ वैश्विक विश्वविद्यालय कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित व्यक्तिगत शिक्षा और उद्योग-उन्मुख कौशल पर जोर दे रहे हैं, वहीं भारत के विश्वविद्यालय नौकरशाही और जड़ता में फँसे हैं, जो बेरोजगार डिग्रीधारकों की भीड़ पैदा कर रहे हैं।

रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. देव वेंकटेश कहते हैं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 ने सुधारों का वादा किया था, पर इसका कार्यान्वयन धीमा है। डिजिटल असमानता ग्रामीण छात्रों को पीछे छोड़ रही है, और निजी संस्थानों की लाभ-केंद्रित प्रवृत्ति व भ्रष्ट नियामक तंत्र ने 'डिग्री मंडी' को बढ़ावा दिया है।₹ भारतीय विश्वविद्यालय बदलती वैश्विक माँगों के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे। इसी विफलता का प्रतीक बन चुका है आगरा का डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, जिसकी स्थापना 1927 में हुई थी। कभी यह संस्थान राष्ट्रपतियों (रामनाथ कोविंद, शंकर दयाल शर्मा), प्रधानमंत्रियों (अटल बिहारी वाजपेयी, गुलज़ारीलाल नंदा, चौधरी चरण सिंह), मुख्यमंत्रियों (कल्याण सिंह, मुलायम सिंह यादव) और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल जैसे दिग्गजों का गौरवशाली केंद्र रहा। आज वही विश्वविद्यालय बदहाली, भ्रष्टाचार और अकादमिक ठहराव का शिकार है। हालाँकि प्रशासन कुछ उपलब्धियों का दावा करता है, ग्रेडिंग में सुधार, बेहतर शैक्षिक माहौल, शिकायतों का त्वरित निपटान, समय से रिजल्ट आदि। वर्तमान कुलपति ने मेहनत और कठोरता से काफी सुधार किया है, लेकिन सच्चाई यह है कि इसे आमूल-चूल सुधारों की सख्त ज़रूरत अभी भी है, और सफर लंबा है। पिछले चार दशकों में आगरा विश्वविद्यालय की साख गिरी है। सुधार प्रक्रिया को धार देने के लिए स्थानीय शिक्षाविदों और जनप्रतिनिधियों ने इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की माँग की है। दो वर्ष पूर्व लोकसभा में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने जोर देकर कहा था कि डॉ. अंबेडकर की विरासत के सम्मान में इसे केंद्रीय दर्जा मिलना चाहिए। इससे वित्तीय सहायता, स्वायत्तता और जवाबदेही बढ़ेगी, जिससे संस्थान अपनी खोई प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त कर सकता है। लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण यह माँग अधूरी है। कभी ज्ञान और शोध का केंद्र रहा यह विश्वविद्यालय आज अपनी साख बचाने की जद्दोजहद में है। मेरठ, झाँसी, बरेली, जौनपुर और कानपुर जैसे शहरों में इसके प्रभाव से नए संस्थान उभरे, पर इसका अपना स्तर गिरता गया। 1,000 से अधिक संबद्ध कॉलेज और तीन लाख से ज्यादा छात्रों का बोझ इसे प्रशासनिक रूप से जटिल बना चुका है। राष्ट्रीय रैंकिंग में यह शीर्ष संस्थानों से कोसों दूर है। शोध का स्तर भी कमजोर है, और भर्ती में अनियमितताएँ, फर्जी डिग्रियाँ, परीक्षा में देरी और अव्यवस्था ने छात्रों का भरोसा तोड़ा है। एक पूर्व छात्र ने निराशा भरे स्वर में कहा, ₹यहाँ शिकायतों का ग्राफ कभी नीचे नहीं आता।₹ विश्वविद्यालय का विशाल ढाँचा इसकी सबसे बड़ी कमजोरी है। शिक्षाविदों ने इसे तीन या चार छोटे विश्वविद्यालयों में विभाजित करने का सुझाव दिया है। उदाहरण के लिए, राजा बलवंत सिंह कॉलेज को स्वतंत्र कृषि विश्वविद्यालय बनाया जा सकता है। आगरा कॉलेज (1823) और सेंट जॉन्स कॉलेज (1850) को 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा देकर उनके ऐतिहासिक गौरव को संरक्षित किया जा सकता है। SN मेडिकल कॉलेज को स्वतंत्र मेडिकल विश्वविद्यालय बनाने की क्षमता है। कुछ उत्कृष्ट कॉलेजों को स्वायत्त कर 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जा सकता है। 2023 की UGC रिपोर्ट के अनुसार, विश्वविद्यालय के केवल 15% पाठ्यक्रम राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों पर खरे उतरते हैं, जबकि JNU जैसे केंद्रीय विश्वविद्यालयों में यह आँकड़ा 60% है।



पिछले पाँच वर्षों में छात्र नामांकन में कमी आई है, और शोध पत्रों का प्रकाशन भी घटा है। स्थानीय उद्योगों और व्यवसायों से विश्वविद्यालय का कोई जुड़ाव नहीं है, जिससे छात्रों को व्यावहारिक कौशल नहीं मिल पा रहे। यदि अब भी साहसिक कदम नहीं उठाए गए, तो यह ऐतिहासिक संस्थान इतिहास बनकर रह जाएगा। केंद्रीय दर्जा, ढाँचागत पुनर्गठन और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण ही इसे डूबने से बचा सकते हैं। आधे-अधूरे उपाय अपर्याप्त हैं; केवल संपूर्ण सुधार ही इस विश्वविद्यालय को उसके गौरवशाली अतीत की ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं।

## संतो-कथावाचकों को जातियों में बांटने की शर्मनाक कौशिश!

डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट

देश मे इन दिनों संतो व कथावाचकों को जातियों में बांटकर उनके विरुद्ध अमर्यादित व्यवहार करने का शर्मनाक प्रयास किया जा रहा है।यादव जाति से आने वाले मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव ने अपने ब्राह्मण यजमान पर जाति के आधार पर मारपीट कर अपमानित करने का आरोप लगाया है।इसके बाद से देश में यह बहस तेज हो गई है कि कथा वाचन करने का अधिकार किस जाति का है। काशी विद्वत परिषद का कहना है कि भागवत कथा करने का अधिकार सभी हिंदुओं को है,वहीं शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना किसी भी जाति का व्यक्ति अपनी जाति के लोगों को भगवत कथा सुना सकता है, लेकिन सभी जातियों को भगवत कथा सुनाने का अधिकार केवल ब्राह्मणों के पास है।देश में इस समय हजारों की संख्या में कथावाचक कथा सुनाने का काम कर रहे हैं।अनिरुद्धाचार्य जिनका असली नाम अनिरुद्ध राम तिवारी है,ब्राह्मण जाति से है।

देवकीनंदन ठाकुर उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के रहने वाले हैं,उनका जन्म भी एक ब्राह्मण परिवार में हुआ। मध्य प्रदेश के छतरपुर में पैदा हुए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री बागेश्वर धाम सरकार के नाम से मशहूर हैं,उनका जन्म भी एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था।संत रामपाल हरियाणा के सोनीपत जिले के धनाना गांव के एक किसान परिवार में पैदा हुए संत रामपाल जाट जाति से हैं।भोले बाबा उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ सूरजपाल का असली नाम सूरज पाल है,ये एक दलित परिवार से है।बाबा रामदेव का असली नाम रामकिशन यादव है, जो जाति से यादव है। मोरारी बापू युवावस्था से ही राम कथा कह रहे हैं,वे अब तक आठ सौ से अधिक जगह राम कथा कह चुके हैं, मोरारी बापू अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं।जया किशोरी का जन्म राजस्थान के सुजानगढ़ के ब्राह्मण परिवार में हुआ था,वे धार्मिक कथाओ के लिए प्रसिद्ध हैं।

वही हरिद्वार के चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार कौशल सिखौला का कहना है कि शास्त्रों के अनुसार पण्डिताई , पुरोहिताई और ज्योतिष का अधिकार तो सचमुच ब्राह्मणों का है पंडितों का है ।मंदिरों में पुजारी भी पंडित होंगे , सोलह संस्कार कराने और ज्योतिष बचाने वाले भी पंडित होंगे ।

## दो जुलाई : अंतिम स्वतंत्र नवाब की हत्या, अंग्रेजी शासन की नींव पड़ी

भारत और विश्व इतिहास में 2 जुलाई की तारीख कई दृष्टियों से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह वह दिन है जब भारत के बंगाल क्षेत्र के अंतिम स्वतंत्र नवाब सिराजुद्दौला की हत्या हुई थी, जो ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की नींव रखे जाने की शुरुआत मानी जाती है। 1757 में प्लासी की ऐतिहासिक लड़ाई में सिराजुद्दौला को अंग्रेजों के खिलाफ निर्णायक मोर्चे पर हार का सामना करना पड़ा। इस हार के पीछे सबसे बड़ा कारण था उनके सेनापति मीर जाफर द्वारा किया गया विश्वासघात। मीर जाफर ने अंग्रेजों के साथ गुप्त संधि कर नवाब को असहाय छोड़ दिया।23 जून 1757 की पराजय के बाद सिराजुद्दौला को 2 जुलाई को पकड़ लिया गया और मीर जाफर के निर्देश पर मोहम्मद अली बेग ने उनकी हत्या कर दी। यह हत्या केवल एक शासक के अंत की नहीं, बल्कि भारतीय स्वाधीनता के एक पूरे अध्याय के विराम की घटना थी। सिराज की कब्र आज पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के खुशबाग में स्थित है और यह स्थल आज भी उस ऐतिहासिक अन्याय की मौन गवाही देता है।इतिहास में 2 जुलाई के दिन कई अन्य घटनाएँ भी दर्ज हैं जिन्होंने दुनिया की दिशा और सोच को प्रभावित किया। अमेरिका का वरमोंट राज्य 1777 में दास प्रथा को समाप्त करने वाला पहला क्षेत्र बना। 1897 में



इतालवी वैज्ञानिक गुगलेल्मो मारकोनी को लंदन में रेडियो का पेटेंट प्राप्त हुआ, जिससे संचार क्रांति की शुरुआत हुई। 1937 में विश्व की पहली महिला पायलटों में से एक एमेलिया इयरहार्ट प्रशांत महासागर के ऊपर लापता हो गईं। 1940 में कोलकाता में ब्रिटिश सरकार ने सुभाष चंद्र बोस को गिरफ्तार किया। वहीं, 1972 में भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो ने शिमला समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो बांग्लादेश युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच शांति स्थापना का प्रयास था।2 जुलाई के दिन आधुनिक भारत में भी कई महत्वपूर्ण घटनाएँ हुईं। 1983 में भारत में परमाणु ऊर्जा पर आधारित पहला स्वदेशी बिजली केंद्र कलपक्कम में शुरू किया गया। 2004 में मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्टेशन को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया। वर्ष 2020 में भारत में कोविड-19 के मामले 6 लाख के पार पहुँचे, जिससे यह दिन महामारी की गंभीरता की याद भी दिलाता है।सबसे हाल की दुखद घटना वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई, जहाँ एक धार्मिक सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 116 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई। यह घटना हमें भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर विचार करने को मजबूर करती है।इतिहास केवल तिथियों का संकलन नहीं, बल्कि अनुभवों, चेतावनियों और प्रेरणाओं का संग्रह है। सिराजुद्दौला की शहादत से हमें यह सीख मिलती है कि सत्ता के खेल में विश्वासघात राष्ट्र को कितना पीछे धकेल सकता है। वहीं आज के हादसे हमें बताते हैं कि आधुनिक भारत में भी सतर्कता और जवाबदेही कितनी आवश्यक है।2 जुलाई की घटनाएँ हमें अतीत की गहराइयों में झांकने, वर्तमान की चुनौतियों को समझने और भविष्य की राह को और अधिक सजगता से चुनने की प्रेरणा देती हैं। यह दिन भारत के इतिहास में एक दर्पण की तरह है, जिसमें हमने जो खोया और जो पाया, दोनों को साफ-साफ देखा जा सकता है।

## समसामयिक

## चिराग : महत्वाकांक्षा की लौ



ऋषभ देव शर्मा

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार विधानसभा चुनाव २०२५ में उतरने की इच्छा जाहिर कर सियासी हलचल तेज कर दी है। उनकी यह घोषणा कि वह बिहार की जनता के लिए और बिहार को प्रथम बनाने के लिए चुनाव लड़ेंगे, न केवल उनकी महत्वाकांक्षा को दर्शाती है, बल्कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भीतर नई चुनौतियाँ और संभावनाएँ भी सामने लाती है। विशेष रूप से, उनका यह बयान बिहार की सियासत में नए समीकरणों को जन्म देता है कि इसका निर्णय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नहीं करेगी। कहा जा रहा है कि चिराग पासवान का बिहार विधानसभा चुनाव में उतरने का निर्णय उनकी 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' की सोच को मजबूती देने का प्रयास है। उनकी युवा छवि और दलित समुदाय (विशेषकर पासवान वोटरों) के बीच उनकी स्वीकार्यता उन्हें एक मजबूत नेता के रूप में स्थापित करती है। उनकी पार्टी ने सभी २४३ सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है, और स्वयं चिराग सामान्य सीट से चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं। स्पष्ट है कि वे केवल दलितों तक सीमित नहीं रहना चाहते, सभी वर्गों के नेता के रूप में उभरना चाहते हैं।सयाने कयास लगा रहे हैं कि चिराग का यह कहना कि उनके चुनाव लड़ने के बारे में फैसला भाजपा नहीं करेगी, एनडीए गठबंधन के भीतर तनाव की ओर इशारा करता है। बिहार में एनडीए का नेतृत्व जनता दल (यूनाइटेड) के नीतीश कुमार और भाजपा संयुक्त रूप से करते हैं। चिराग की यह टिप्पणी न केवल गठबंधन की एकता पर सवाल उठाती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि वे अपनी सियासी जमीन को मजबूत करने के लिए स्वतंत्र रुख अपनाने को तैयार हैं। यह असमंजस इसलिए भी बढ़ता है, क्योंकि २०२० के विधानसभा चुनाव में चिराग ने एनडीए से अलग होकर चुनाव लड़ा था, जिससे जद(यू) को नुकसान हुआ था। क्या चिराग इस बार भी वैसा ही जोखिम उठाएंगे, या वे गठबंधन के भीतर अपनी शर्तों पर समझौता करेंगे? यह सवाल बिहार की सियासत को गर्माए हुए है। कहना न होगा कि चिराग की महत्वाकांक्षा और उनकी पार्टी की ३५-४० सीटों की माँग एनडीए के भीतर सीट बँटवारे को जटिल बना रही है। हो न हो, चिराग का यह रुख उनकी सौदेबाजी की शक्ति को बढ़ाने का प्रयास भी हो सकता है, ताकि वे अधिक सीटें हासिल कर सकें।इसके अलावा, चिराग की नजर बिहार में नए नेतृत्व की स्थापना पर है। उनकी 'बहुजन संकल्प समागम' जैसी सभाएँ और दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ा वर्ग और बहुजन समुदायों तक पहुँचने की रणनीति उनकी दीर्घकालिक योजना को दर्शाती है। वैसे उन्हें इस सच का अहसास तो होगा ही कि वे अभी अपने पिता रामविलास पासवान जैसी व्यापक स्वीकार्यता हासिल नहीं कर सके हैं। यह सच उनकी राह में चुनौती भी बन सकता है न !चिराग की इस घोषणा से उत्पन्न असमंजस का एक अन्य पहलू यह है कि क्या वे मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल होना चाहते हैं? विपक्षी नेता तेजस्वी यादव ने इस ओर इशारा किया है, जिसे चिराग ने स्पष्ट रूप से खारिज नहीं किया है। यह स्थिति एनडीए के भीतर नीतीश कुमार के नेतृत्व को चुनौती दे सकती है। दूसरी ओर, चिराग का यह कदम विपक्षी महागठबंधन को भी नई रणनीति बनाने पर मजबूर कर सकता है, क्योंकि उनकी सक्रियता दलित और पिछड़े वोटरों को प्रभावित कर सकती है।कुल मिलाकर, चिराग की महत्वाकांक्षा की लौ बिहार की सियासत को नया रंग दे सकती है। यदि वे एनडीए के साथ समझौता करते हैं और मजबूत प्रदर्शन करते हैं, तो उनकी पार्टी बिहार में तीसरे बड़े खिलाड़ी के रूप में उभर सकती है। लेकिन यदि गठबंधन में बात नहीं बनी, तो उनका प्रशांत किशोर की जन सुराज की ओर झुकाव भी संभव है! यह बिहार की सियासत को और रोचक बना सकता है।

# हिन्दी को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनायें

ललित गर्ग

दक्षिण भारत के विभिन्न राज्यों में हिन्दी विरोध की राजनीति अब महाराष्ट्र में भी उग्र से उग्रत्तर हो गयी, इसी के कारण त्रिभाषा नीति को महाराष्ट्र में लगा झटका दुखद और अफसोसजनक है। आखिरकार राजनीतिक दबाव, लंबी रस्साकशी और कशमकश के बाद महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने स्कूलों में हिंदी की पढ़ाई से जुड़े मुद्दे पर यू-टर्न लेते हुए अपने कदम पीछे खींच लिए। विदित हो कि केंद्र सरकार की नीति के तहत महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाया जाना था। राजनीतिक आग्रहों एवं दुराग्रहों के चलते अब ऐसा नहीं हो पाएगा। मतलब, महाराष्ट्र को तीसरी भाषा के रूप में भी हिंदी मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में हिंदी का संकट वास्तव में एक गहरे सामाजिक-राजनीतिक विमर्श का हिस्सा है। यह केवल भाषाई नहीं, बल्कि अस्मिता, पहचान और सह-अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। जबकि भाषा को संघर्ष का नहीं, सेतु का माध्यम बनाना चाहिए। क्योंकि जब मराठी और हिंदी एक-दूसरे की सहयोगी बनेंगी, तभी महाराष्ट्र और भारत दोनों का भविष्य उज्ज्वल होगा और तभी महाराष्ट्र राष्ट्रीयता से जुड़ते हुए समग्र विकास की ओर अग्रसर हो सकेगा।

हिन्दी को हथियार बनाकर उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी समर्थक राजनीति को इस तरह से गरमा दिया था कि सरकारी प्रयासों के हाथ-पांव फूलने लगे और अपने फैसलों पर पुनर्विचार करना पड़ा। ठाकरे बंधुओं का हिन्दी विरोधी आंदोलन दिनोंदिन उग्र होता जा रहा था। यह सच है, हर राज्य के लिए भाषा की राजनीति मायने रखती है और कोई भी पार्टी स्थानीय स्तर पर अपनी क्षेत्रीय भाषा से मुंह नहीं मोड़ सकती। यह सर्वविदित है कि महाराष्ट्र में पूर्व में एक समिति ने जब हिंदी पढ़ाने की सिफारिश की थी, तब उद्धव ठाकरे ही राज्य के मुख्यमंत्री थे। तब हिंदी का मामला बड़ा नहीं था, पर आज जब ठाकरे विपक्ष में हैं, तब यही मुद्दा सबसे अहम हो गया है। शायद यह शर्म की बात है कि जिस राज्य की राजधानी में पूरा हिंदी फिल्म उद्योग बसता है, समूचे देश की आर्थिक राजधानी होने का गौरव जिसे मिला हुआ है, जहां समूचे देश के लोगों बसे है, जिसे सांझा-संस्कृति का गौरव प्राप्त है, उस राज्य की राजनीति अब हिंदी से परहेज करती दिख रही है। आज उद्धव ठाकरे बोल रहे हैं कि देवेंद्र फडणवीस सरकार मराठी मानुष की शक्ति से हार गई, पर वे इस बात को छिपा रहे हैं कि हारी सरकार नहीं, बल्कि राष्ट्र-भाषा हिंदी हारी है, जिसने मुंबई को सपनों का शहर बनाए रखा है।

भारत विविधताओं का देश है, यहां भाषाएं न केवल संवाद का माध्यम हैं, बल्कि सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी हैं। परंतु जब भाषाएं टकराव का विषय बन जाएं, तो वह केवल भाषाई संकट नहीं रह जाता, बल्कि एक सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मुद्दा बन जाता है। ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है, जहां हिंदी भाषा को लेकर एक अनकहा-अनचाहा-सा संघर्ष चल रहा है। महाराष्ट्र में मराठी भाषा केवल एक भाषा नहीं, बल्कि मराठी अस्मिता का प्रतीक है। कई मराठी संगठनों और राजनीतिक दलों का यह मानना है कि हिंदी भाषा का बढ़ता वर्चस्व मराठी संस्कृति के लिए खतरा बन सकता है।

फडणवीस सरकार की ताजा घोषणा यह दर्शा रही है कि हिंदी का मुद्दा राज्य में विपक्षी दलों के हाथों का एक ताकतवर राजनीतिक हथियार बनता जा रहा था। न केवल विपक्ष के सभी दल इस मसले पर एकजुट और विधानसभा के मॉनसून सत्र को हंगामेदार बनाने पर आमादा थे, बल्कि ठाकरे बंधुओं को भी हिंदी विरोध की राजनीति की अपनी जानी-पहचानी जमीन वापस मिलती दिख रही थी। क्योंकि शिवसेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे के शुरुआती दौर में पार्टी खास तौर पर हिंदीभाषियों के विरोध के लिए जानी जाती थी। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदीभाषियों की निरंतर बढ़ती आबादी को शिवसेना मराठी अस्मिता के लिए खतरे के रूप में देखती थी। हालांकि बाद के दौर में, खासकर नब्बे के दशक से भाजपा के गठबंधन में शिवसेना की राजनीति भी हिंदी से हिंदू की ओर मुड़ती गई। ऐसे में निश्चित ही मराठा राजनीति से हिन्दी विरोध की उम्मीद नहीं थी। अब तक तमिलनाडु को ही हिंदी विरोध के लिए जाना जाता था, पर इधर तीखे हिंदी विरोध में कर्नाटक के साथ ही, महाराष्ट्र भी शामिल हो गया है। दुनिया की सर्वाधिक तीसरी बोली जाने वाली हिन्दी भाषा अपने ही देश में उपेक्षा एवं राजनीति की शिकार है। अब केन्द्र सरकार के साथ-साथ हिंदी समाज को ज्यादा सजग होना पड़ेगा। हिन्दी भाषी प्रांतों को अपनी राजनीतिक व आर्थिक शक्ति को इतना बल देना पड़ेगा कि कम से कम तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अहिंदीभाषी राज्यों में स्वीकार किया जाए। क्या हिंदी प्रदेश के नेता इससे सबक लेंगे? हालांकि, जिस तरह की त्रासद भाषा-राजनीति महाराष्ट्र में हो रही है, उससे यही लगता है कि इसके लिये बनी समितियों में बैठने वाले विशेषज्ञों की राय को किनारे कर दिया जाएग और राष्ट्रीयता पर क्षेत्रीयता की जीत हासिल हो जाएगी।

महाराष्ट्र में बढ़ते हिन्दीभाषियों के अनुपात को देखते हुए देर-सबेर हिन्दी को अपनाना ही लोकतांत्रिक दृष्टिकोण है। चाहे मुंबई हो या महाराष्ट्र, कुल आबादी में हिंदीभाषियों का बढ़ता अनुपात हिन्दी के पक्ष में है। 2001 की जनगणना के मुताबिक हिंदीभाषियों की संख्या मुंबई में 25.9 प्रतिशत और मराठीभाषियों की 42.9 प्रतिशत थी जो 2011 में क्रमशः 30.2 प्रतिशत और 41 प्रतिशत हो गई। महाराष्ट्र में इसी अवधि में जहां मराठीभाषी आबादी 76 प्रतिशत से 73.4 प्रतिशत पर आ गई, वहीं हिंदीभाषियों का अनुपात 7.3 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गया। इसीलिये हिंदी लादने के इस फैसले ने न केवल उद्धव और राज ठाकरे को आक्रामक रूप में सामने ले आई बल्कि 20 साल बाद उद्धव और राज ठाकरे के एक मंच पर आने की खबर ने महाराष्ट्र की सियासत में हलचल मचा दी। 5 जुलाई को होने वाली हिन्दी विजय रैली पर महाराष्ट्र के लोगों की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि मराठी भाषा और संस्कृति के मुद्दे पर सुर में सुर मिलाने वाले उद्धव और राज ठाकरे को सियासी हौसला मिल गया है। जिसे महाराष्ट्र की सियासत में एक नया मोड़ माना जा रहा, लेकिन साथ ही सवाल है कि उद्धव और राज ठाकरे की सियासी केमिस्ट्री कब तक बरकरार रहेगी।

हिंदी बनाम मराठी विवाद को कई बार राजनीतिक रंग भी दिया गया है। कुछ स्थानीय दलों ने हिंदी भाषी प्रवासियों, विशेषकर उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों को निशाने पर लेकर हिंदी भाषा पर परोक्ष रूप से प्रहार किया है। इससे न केवल भाषा के नाम पर लोगों में दूरी बढ़ी है, बल्कि महाराष्ट्र की समावेशी छवि को भी आघात पहुंचा है। महाराष्ट्र के कई क्षेत्रों, विशेषकर मुंबई, ठाणे, पुणे, और नासिक में बड़ी संख्या में हिंदीभाषी समुदाय निवास करता है। ये लोग महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था, व्यापार, निर्माण और सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परंतु जब इनकी भाषा को दोयम दर्जे का माना जाता है, या उनके साथ भेदभाव किया जाता है, तो यह संविधान की आत्मा 'एकता में अनेकता' के विपरीत है। भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी और मराठी दोनों को मान्यता प्राप्त है। हिंदी भारत की राजभाषा है और मराठी महाराष्ट्र की राजभाषा।

खबरें फटाफट

## डॉक्टर्स डे" पर आई.एम.ए. ने रक्तदान शिविर लगाया




डाक्टर्स डे पर आईएमए द्वारा 'रक्तदान शिविर का आयेजन किया गया। जिसका उद्घाटन, आई.एम.ए. कानपुर की अध्यक्ष, डॉ. नंदिनी रस्तोगी, द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक न केवल जीवन रक्षक होते हैं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले भी हैं। रक्तदान उनके द्वारा दिए जाने वाले उपहारों में से एक अहम प्रेरणा है। इस अवसर पर, आई.एम.ए. दानशील रक्त केंद्र के सह-अध्यक्ष डॉ. बृजेन्द्र शुक्ला, आई.एम.ए. दानशील रक्त केंद्र के संयोजक डॉ. शशिकांत मिश्रा एवं तिरंगा अगरबत्ती के निदेशक, पंडित नरेंद्र शर्मा और उनकी टीम ने रक्तदान कर अन्य लोगों को प्रोत्साहित किया। शिविर में बड़ी संख्या में डॉक्टर, मेडिकल छात्र, समाजसेवी व आम नागरिकों ने भाग लिया और कुल 114 यूनिट रक्त एकत्र किया गया।

# शॉर्ट जुलाई के लास्ट महीने में लखनऊ कानपुर कई शो में शूटिंग करेंगे: एक्ट्रेस मधुरिमा तुली

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



aaकानपुर,पीएफसी फिल्म के बैनर तले आयोजित होने वाला विंस्टन मॉडलिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कलाकरो को सम्मानित करने और उनका हौसला बढ़ाने के लिए मुंबई से कानपुर आई बॉलीवुड एक्ट्रेस मधुरिमा तुली दीप होटल आई वही उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया वो प्रतियोगिता में शामिल होकर काफी उत्साहित दिखाई पड़ी। कार्यक्रम में लोगों का उत्साह देखकर उन्होंने कहा की कानपुर आकर मुझे बहुत अच्छा लग रहा है पीएफसी प्रोडक्शन हाउस के डायरेक्ट प्रोड्यूसर प्रमोद गुप्ता की बहुत सराहनीय कम कर रहे है और कानपुर में कई बड़े एक्टर एंड एक्ट्रेस आ चुके हैं मुस्ताक खान शाहबाज खान यह बहुत अच्छा पीएफसी प्रोडक्शन हाउस काम कर रहा है जो नए कलाकारों को और लोगों को अच्छा प्लेटफॉर्म मिला है आपको बता दे कि पीएफसी प्रोडक्शन हाउस कई बड़े-बड़े फिल्म व इवेंट्स करती है। नीरज कुमार ने बताया कि जल्द ही हम लोग शॉर्ट जुलाई के लास्ट महीने में लखनऊ कानपुर कई शो में शूटिंग करेंगे। वही एक्ट्रेस मधुरिमा तुली ने बताया कि कानपुर के लोग काफी ऊर्जावान और खुशमिजाज हैं। और मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मैं राजू श्रीवास्तव जी के शहर में हूं जिन्होंने पूरी दुनिया को हंसाया। यहां पर ठग्गू के लड्डू जैसी खाने पीने की चीजें भी बहुत मशहूर है जिनकी चर्चा मुझे मुंबई में भी सुनाई पड़ती थी। अगर मुझे समय मिला तो यहां की कुछ चीजों को जरूर खा कर जाऊंगी। यहां के कलाकारों की प्रतिभा देखकर मैं प्रभावित हूं और मैं उनके सुंदर भविष्य की कामना करती हूं। प्रोड्यूसर डायरेक्टर प्रमोद गुप्ता ने बताया की पीएफसी फिल्म इसके पहले अपने कार्यक्रमों में बॉलीवुड एक्टर शाहबाज खान और मुस्ताक खान को बुला चुके है। इस बार क्योंकि लड़कियों का मॉडलिंग शो था इसलिए लेडी बॉलीवुड एक्ट्रेस को बुलाया गया है। पूर्व की भांति इस बार भी कानपुर वासियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर अपना हिस्सा लिया। अभिनय के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बन चुके मशहूर एक्टर अजय त्रिपाठी ने बताया की मधुरिमा तुली के द्वारा सम्मानित होकर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और प्रमोद गुप्ता को धन्यवाद देता हूं कि वह इस तरह के बड़े कार्यक्रमों का आयोजन करके कानपुर की प्रतिभाओं को मौका दे रहे हैं।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल जेंडर रिसोर्स सेंटर का भव्य उद्घाटन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,के एल सी कॉम्प्लेक्स उन्नाव में जेंडर रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन मनोज मित्तल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के करकमलों द्वारा किया गया। यह केंद्र सोलिडारिडाड नेटवर्क नामक संस्था द्वारा स्थापित किया गया है, जो उन्नाव जिले में 250 से अधिक महिलाओं को लेदर उत्पाद निर्माण में प्रशिक्षण एवं प्रमाण पत्र प्रदान करेगा। इस केंद्र की विशेषता यह है कि इसमें उच्च गुणवत्ता की आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं, जो महिलाओं को लेदर प्रोडक्ट्स बनाने के पूरे कौशल प्रशिक्षण के लिए सक्षम बनाएंगी।

प्रशिक्षित महिलाएं अपनी स्वयं की कंपनी के माध्यम से तैयार उत्पादों को बाजार में बेचने में सक्षम होंगी, जिससे उनके आत्मनिर्भर बनने का मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में यू.पी. सिंह, आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व सचिव – वस्त्र मंत्रालय एवं जल शक्ति मंत्रालय, असद कमाल इराक़ी, चेयरमैन, सीएलई (काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स)मध्य क्षेत्र, (काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स), और सिडबी की लखनऊ और कानपुर की टीम की गरिमामयी उपस्थिति रही सिडबी के जीएम राजीव कुमार जी द्वारा योजना बताई।

## श्री जगन्नाथ स्वामी के महाप्रसाद एवं भजन संध्या का हुआ आयोजन



कानपुर। श्री जगन्नाथ जी भक्त परिवार द्वारा किदवई नगर स्थित वृंदावन लान में प्रभु श्री जगन्नाथ जी स्वामी के महाप्रसाद, झांकी एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमे कार्यक्रम में मुख्यअतिथि एवं श्री जगन्नाथ जी भक्त प्रहार संस्था के संरक्षक माल्यार्पण कर किया गया इसके पश्चात सेठ मुरारी लाल अग्रवाल द्वारा प्रभु जगन्नाथ स्वामी की आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत कार्यक्रम में भजन संध्या एवं महाप्रसाद का शुभारंभ हुआ गायकों द्वारा मनोरम भजनों की प्रस्तुति दी गई ह्लसांवरे को दिल में बसा कर तो देखो बांके बिहारी लाल गोपाल जैसे भक्ति गीतों पर सेठ मुरारी लाल अग्रवाल सहित मौजूदा भक्तों ने गीतों का जमकर आनंद लिया इसके पश्चात प्रभु जगन्नाथ स्वामी को छप्पन भोग का थाल सजाकर भोग लगाकर भक्तजनों को महाप्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में bसेठ मुरारी लाल अग्रवाल ने कार्यक्रम आयोजनों की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित रूप से प्रभु जगन्नाथ स्वामी का यह भव्य और विशाल कार्यक्रम प्रशंसा योग्य है जिसकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है ।

## चुनाव अधिकारियो ने 8 जून को संम्पन हुए चुनाव मे विजयी प्रत्याशियों को वितरित किए निर्वाचन प्रमाण पत्र



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर,आयरन एंड हार्डवेयर मर्चेंट एसोसिएशन के तत्वाधान मे पूर्व पदाधिकारियों व कार्यकारणी द्वारा चयनित चुनाव अधिकारियो ने 8 जून 2025 को संम्पन हुए चुनाव मे विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरित किए। जिसमें अध्यक्ष नवीन तुलसानी, उपाध्यक्ष विशाल अग्रवाल प्रथम स्थान पर व हरीश तुलसानी दूसरे स्थान पर व अमन घई (बाहरी), (महामंत्री) विवेक मिश्रा,(कोषाध्यक्ष) नरेश गुप्ता, (मंत्री) तरुण जाखोदिया व प्रवीण ओमर (बाहरी),संयुक्त मंत्री सुरेंद्र अरोड़ा,संगठन मंत्री अतिन आग्रहरी,प्रचार मंत्री शिव कुमार गुप्ता,ऑडिटर पंकज गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्यो मे रवि कांत शुक्ला,अंकुर अग्रवाल,मयंक अग्रवाल,श्रीकांत जायसवाल, राम सिंह,सचिन चौरसिया व मनोज तुलसानी निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी विवेक जाखोदिया,ऋषि कुमार ओमर व विनोद कुमार मिश्रा को सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यो ने माल्यार्पण कर पटका पहनाकर स्वागत किया व शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन करने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के चेयरमैन मेघराज अरोड़ा भी मौजूद रहे। चुनाव अधिकारी विवेक जाखोदिया व ऋषि कुमार ओमर ने बताया कि इस बार चुनाव मे 275 मे से 264 मतदान हुए। जो कि एसोसिएशन के इतिहास मे रिकॉर्ड है।

## रोटरी अभिनंदन 2024 -25 एवं म्यूजिकल नाइट का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर,रोटरी क्लब कानपुर द्वारा रोटरी सत्र 2024-25 में वर्ष पर्यंत सदस्यों से मिले प्यार, सहयोग के प्रति आभार प्रकट करते हुए रोटरी अभिनंदन 2024 -25 एवं म्यूजिकल नाइट दि इंपिरियल होटल एंड कन्वेंशन सेंटर दादा नगर में आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय कपूर चेयरमैन को-ऑपरेटिव स्टेट दादा नगर एवं मनोज अग्रवाल व्यवसायी वरिष्ठ समाजसेवी पधारे। वही अध्यक्ष रोटेरियन राजीव अग्रवाल ने पधारे सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा वर्ष भर मिले प्यार, सहयोग के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए वर्ष 2024- 25 के आय-व्यय का बयौरा देते हुए बताया की डिस्ट्रिक्ट अवार्ड कार्यकम मे क्लब को डायमंड क्लब,रोटरी भूषण प्रेसिडेंट,रोटरी भूषण सेक्रेटरी,चारों कम्युनिटी में सर्विस के लिए चारों पुरस्कार, आरोग्यम पुरस्कार,न्यू मेंबर ग्रोथ अवार्ड,पांच से अधिक बेबी वार्मर के लिए अवार्ड,रो. अनुराग जैन, रो. गौरव अग्रवाल, रो.राजीव टंडन, रो. तौफीक अहमद को पुरस्कृत किया गया को अन्य कई अवार्ड क्लब को मिले। सचिव रोटेरियन दीपक अग्रवाल ने कहाँ वर्ष 2024 -25 को इतना भव्य बना पाना हमारे अकेले के लिए संभव नहीं था हम सभी साथियों को हृदय से धन्यवाद देते हैं जिन्होंने पूरे वर्ष अपना अमूल्य समय मार्गदर्शन एवं क्लब के कार्यों को उत्कृष्ट बनाने के लिए सहयोग किया। क्लब ट्रेनर रो. सुशील चक ने अध्यक्ष सचिव द्वारा किए गए कार्यों के प्रशंसा करते हुए बताया कि इस वर्ष क्लब ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है यह क्लब का स्वर्णिम वर्ष हैं। कार्यक्रम में वर्ष 2024 -25 में जिन सदस्यों ने अपना अतुलनीय सहयोग प्रदान किया उन सभी सदस्यों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। बेस्ट रोटेरियन ऑफ द ईयर का अवार्ड रो. जिम्मी भाटिया और फीमेल रो. डॉ. रोनल कुमार को मिला। क्लब अध्यक्ष राजीव अग्रवाल द्वारा अतिथियों को शाल माला एवं पौधा प्रदान कर आभार व्यक्त किया।

## ट्रैफिक नियमों का पालन करें

कानपुर ट्रैफिक पुलिस पूरे शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने में निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में टीएसआई समीर कुमार मिश्र, हेडकांस्टेबल सुशील विश्नोई एवं अन्य ट्रैफिक पुलिसकर्मी बड़ा चौराहा व आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय रूप से अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर रहे हैं। आप सभी शहरवासियों से विनम्र अनुरोध है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। वर्षा के दौरान वाहन धीमी गति से चलाएं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का पालन करें।फिसलन वाली सड़कों पर विशेष सावधानी बरतें।आपका सहयोग न केवल आपकी स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि पूरे शहर में यातायात व्यवस्था को भी सुचारु बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा।

## एबीवीपी कानपुर प्रांत की सदस्यता कार्यशाला हुई संपन्न




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत की सदस्यता कार्यशाला का शुभारंभ प्रमिला सभागार में विद्या की देवी मां शारदे व युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पार्पण के साथ किया गया कार्यशाला में कानपुर प्रांत के 21 संगठनात्मक जिलों से लगभग 120 छात्र-छात्राएं व शिक्षक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में प्रांत उपाध्यक्ष डॉ. अजय आर्य ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सदस्यता अभियान की रूपरेखा व सदस्यता के महत्व पर चर्चा की। क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि अभाविप अपने स्थापना काल से ही प्रत्येक वर्ष सदस्यता अभियान चलाती है जिसे कार्यकर्ता एक पर्व की तरह मनाते हैं, उन्होंने बताया कि संगठन में नए सदस्यों को जोड़ना अत्यंत आवश्यक है तभी संगठन कार्य आगे बढ़ता है। प्रांत मंत्री शिवा राजे बुंदेला ने संबोधित करते हुए बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो लगातार 76 वर्षों से छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के हित में कार्य करता है साथ ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रवादी विचारधारा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी संचालित करता है। प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय ने अपने उद्बोधन में सभी को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को जोड़ने का कार्य अभाविप कानपुर प्रांत द्वारा किया जाएगा, उन्होंने बताया कि ऐसे सभी विद्यार्थियों का संगठन में स्वागत है जो राष्ट्र को सर्वोपरि मानकर समाजहित में व छात्रहित में कार्य करना चाहते हैं।




मेष : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

वृष : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

मिथुन : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

कर्क : किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

सिंह : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

कन्या : संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है अतःधैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

तुला : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

वृश्चिक : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

धनु : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

मकर : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्घि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

कुम्भ : जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

मीन : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्घ होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

## भगवान श्री जगन्नाथ नगर भ्रमण में झूमे भक्तगण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर,भगवान श्री जगन्नाथ नगर भ्रमण पर रथ पर सवार होकर रथ यात्रा का आयोजन हुआ आपको बता दें कि कानपुर के दो सौ पचास साल पुराने श्री जगन्नाथ जी के मंदिर की कहानी भी किसी चमत्कारी घटना से कम नहीं है जगन्नाथ पुरी से लाई गई मूर्ति एक वृद्ध महिला के द्वारा यहां रख दी गई और उसके बाद लाख कोशिश के बाद भी वह मूर्ति उस स्थान से नहीं हिली। इसके बाद इसी स्थान पर श्री जगन्नाथ जी का बाई जी के मंदिर के नाम से मंदिर बनाया गया। कानपुर के जनरलगंज स्थित श्री जगन्नाथ जी का बाई जी के नाम से मंदिर है। यह मंदिर ढाई सौ साल पहले बनाया गया था। मंदिर से जुड़े लोग बताते हैं की जैसा उनके बुजुर्गों ने बताया है की वर्षों पहले एक वृद्ध महिला जिनका नाम बाई जी था वह राजस्थान से जगन्नाथपुरी दर्शन करने गई थी और वहां से भगवान जगन्नाथ जी की मूर्ति लेकर अपने घर वापस राजस्थान जा रही थी। रास्ते में जगह-जगह विश्राम करते हुए वृद्ध महिला राजस्थान जा रही थी। तभी एक रात वह विश्राम के लिए जनरल गंज के इलाके में रुकी उस वक्त यहां पर घना जंगल हुआ करता था। रात्रि विश्राम के बाद जब वह सुबह उठी और फिर से अपने घर जाने के लिए यात्रा शुरू करनी चाहिए तो उन्होंने श्री भगवान जगन्नाथ जी की मूर्ति को उठाया लेकिन मूर्ति नहीं उठा सकी। वह काफी परेशान हुई प्रयास करती रही की मूर्ति को वह अपने घर ले जा सके। लेकिन ऐसा नहीं हो सका और वह फिर वहीं रुक गई। रात्रि के समय उन्हें स्वप्न आया और भगवान ने उनसे इस स्थान पर मंदिर बनवाने को कहा इसके बाद इसी स्थान पर वृद्ध महिला बाई जी ने मंदिर का निर्माण करवाया। इसीलिए इस मंदिर का नाम बाई जी श्री जगन्नाथ मंदिर पड़ गया। यह शोभा यात्रा में सभी भक्तों का स्वागत अभिनंदन करते जगन्नाथ भगवान की शोभा यात्रा में सुनील कुमार श्रीवास्तव नवीन वर्मा विशाल गुप्ता विक्की चौखानी पिपलेश्वर धाम के अध्यक्ष गिरजा शंकर,विजय सिंह,शिव किशोर टंडन,कन्हैया अग्रवाल,सुरेंद्र पांडे,राहुल जैन, राजीव मल्होत्रा,हरि गुप्ता,संजय बाजपेई,राजू,तरुण जैन,मनीष अग्रवाल,शरद,डब्बू पाण्डेय, मनीष अरोड़ा,निश्चय अग्रवाल आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

# माननीय विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की बैठक संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर देहात उत्तर प्रदेश विधान परिषद की ३दैवीय आपदा प्रबन्धन जाँच समिति३ की एक महत्वपूर्ण बैठक आज कलेक्ट्रेट कानपुर नगर, नवीन सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के मा0 सभापति इंजी. अवनीश कुमार सिंह ने की, जिसमें माननीय सदस्य श्री अरुण कुमार पाठक, श्री अंगद कुमार और श्री रामसूरत राजभर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद कानपुर देहात तथा जनपद औरैया में आई प्राकृतिक आपदा के पश्चात किए गए राहत कार्यों और शासन द्वारा अनुमन्य सहायता राशि के वितरण की गहन समीक्षा करना तथा भविष्य में राहत आपदा का कार्य और सुगमता व सटीकता से हो सके यह सुनिश्चित करना था। बैठक में राजस्व विभाग से वित्तीय वर्ष 2021 से 2025 तक वित्तीय वर्ष वार अग्निकांड, अतिवृष्टि, सर्पदंश, डूबने आदि प्राकृतिक आपदाओं से हुई घटनाओं में जनहानि तथा उसके सापेक्ष 24 घंटों में दिए गए आपदा राहत की गहन समीक्षा की गई, जिसमें उन्होंने कहा कि चिकित्सा, पुलिस आदि से समन्वय कर एसी घटनाओं के संबंध में भी रिपोर्ट प्रेषित की जाए, जिसमें जनहानि होती हैं और वह आपदा प्रबंधन में नहीं हैं, जिससे समय समय पर संशोधन किया जा सके। माननीय सभापति ने जनपद सोनभद्र का उदाहरण देते हुए बताया कि जनपद में संचालित पाइप पेयजल योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन पानी की टंकियों पर लाइटनिंग अरेस्टर्स अधिक क्षमता के लगाए जाएं, जिससे आकाशीय बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आ सके। मा0 सभापति ने स्पष्ट किया कि माननीय मुख्यमंत्री जी का प्रमुख उद्देश्य न्यूनतम जनहानि है और यदि प्राकृतिक आपदा से कोई जनहानि होती है तो उस परिवार को समय से शासन द्वारा अनुमन्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दैवीय आपदा की स्थिति में पीड़ित परिवारों को समयबद्ध राहत प्रदान किए जाने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शासन के प्रावधानों के अनुसार यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु आकाशीय बिजली, बाढ़, अतिवृष्टि, तूफान, डूबने, सर्पदंश, गैस रिसाव, सीवर की सफाई, बोअरवेल में गिरने अथवा अन्य घोषित दैवीय आपदाओं के कारण होती है, तो उनके परिजनों को 4 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। यह राहत राशि 24 से 48 घंटे के भीतर पीड़ित परिजन के खाते में अंतरित किए जाने का प्रावधान है। a तदोपरान्त उन्होंने पुलिस विभाग को ब्लैकस्पोट्स चिन्हित कर प्रशासन के सहयोग से जरूरी आवश्यक रोकथाम कार्य नियमानुसार कराने के निर्देश दिए। उन्होंनें स्वास्थ्य विभाग को आपदा की स्थिति में क्विक रिस्पांस टीम गठित कर सतर्कता से कार्य करने व जनहानि को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को आपदा के तुरंत बाद विद्युत व्यवस्था शीघ्र बहाल करने तथा लोक निर्माण विभाग को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए, जिलाधिकारी के मध्य से केंद्रीय स्तर पर एन0डी0एम0ए0 को तत्काल सूचित करने के निर्देश दिये जिससे टीम द्वारा नुकसान का आंकलन कर राज्य को केंद्र द्वारा क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी तथा राज्य आपदा कोष का प्रयोग अन्य आवश्यक स्थानों पर बचाव कार्य हेतु किया जा सकेगा।



# कम्बाइंड ब्रॉस फरनेस फैसिलिटी सेंटर के संबंध में ब्रॉस कार्यों से जुड़े कारीगरों एवं निर्यातकों के साथ बैठक सम्पन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




मुरादाबाद। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अन्तर्गत संचालित कम्बाइंड ब्रॉस फरनेस फैसेलिटी सेन्टर परियोजना के सम्बन्ध में निर्यातकों एवं कारीगरों के सुझाव हेतु मंडलायुक्त अध्यक्ष मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्यातकों के साथ साथ विभिन्न ब्रास कार्यों से जुड़े एसोसिएशन के विभिन्न पदाधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मंडलायुक्त ने निर्यातकों एवं कारीगरों से कहा कि जो भी कारीगर अपनी घरेलू भट्टियों का उपयोग करते हैं, उससे न सिर्फ उन्हें प्रदूषण का खतरा है, बल्कि उनके सम्पर्क में रहने वाले अन्य लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए कम्बाइंड ब्रॉस फरनेस फैसेलिटी सेन्टर परियोजना के अन्तर्गत पीएनजी आधारित भट्टियां स्थापित की गई हैं जिससे प्रदूषण का स्तर नगण्य रहेगा। इससे कारीगरों एवं साथ में रह रहे लोगों को भी शारीरिक एवं मानसिक रूप से राहत मिलेगी। इसके साथ ही निजी भट्टियों की तुलना में स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित भट्टियों में व्यय भी अपेक्षाकृत कम रहेगा। कम्बाइंड ब्रॉस फरनेस फैसेलिटी सेन्टर परियोजना के अनुसार निर्मित जो भट्टियां संचालित की जायेगी वो पीएनजी गैस से कनेक्टेड होगी, जिससे प्रदूषण होने का खतरा न के बराबर रहेगा एवं परिवार के सदस्यों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से भी राहत मिलेगी। प्राईवेट भट्ठी की अपेक्षा मुरादाबाद स्मार्ट सिटी द्वारा निर्मित भट्ठी में व्यय भी कम आयेगा एवं समय भी अपेक्षाकृत कम लगेगा। बैठक में उपस्थित एडिशनल सीईओ, मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने बताया कि यह प्लांट 24 घंटे संचालन की क्षमता से युक्त है। हालांकि,कारीगरों की सुविधा एवं आवश्यकतानुसार ही संचालन की समयावधि निर्धारित की जाएगी।

मंडलायुक्त ने यह भी बताया कि मुरादाबाद शहर की आवश्यकतानुसार प्रत्येक भट्टी का उपयोग सुनिश्चित किए जाने के उपरांत ही अन्य भट्टियों की स्थापना की जाएगी। साथ ही समय-समय पर कारीगरों की मांग के अनुरूप विभिन्न भार क्षमता की भट्टियाँ उपलब्ध कराई जाएंगी। बैठक में उपस्थित निर्यातकों एवं कारीगरों द्वारा परियोजना के संबंध में अपने अपने सुझाव एवं जिज्ञासाएं भी व्यक्त की गईं।

जिस पर मंडलायुक्त ने कहा कि सभी निर्यातक एवं कारीगर एक बार निर्मित भवन का निरीक्षण कर लें, ताकि उनकी शंकाओं का समाधान हो सके।

# एसपी देहात ने फरियादियों की सुनी समस्याएं दिए निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं। प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं,शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई,महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित,शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

## ठेकेदार के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन मकान के नीचे नाला निकालने का आरोप

मुरादाबाद। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ठेकदार पर पैसे लेकर मकान के नीचे से नाला निकालने का आरोप लगाया मंगलवार को मुरादाबाद की ग्राम पंचायत हृदयपुर का मामला सामने आया है। जहां ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए आरोप लगाया है कि पीडब्ल्यूडी के द्वारा पंडित नगला से लेकर मूंढ़ापांडे तक सैकड़ों गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग का कार्य प्रगति पर है। रोड के दोनों साइड से नाले का निर्माण किया जा रहा है,ग्रामीणों ने बताया कि सब जगह से 6 मीटर जगह ली जा रही है।

# परिवार परामर्श केंद्र द्वारा विवादित दंपत्ति का कराया समझौता

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र मुरादाबाद के अथक प्रयासों से पति-पत्नी के 03 विवादित जोड़ा आपसी कलह भुलाकर साथ रहने के हुए सहमत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के कुशल निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पर्यवेक्षण में प्रभारी नारी उत्थान केन्द्र अध्यक्षता तथा अनुभवी परामर्श दाता एम पी सिंह व डॉ पूनम बंसल के माध्यम से परिवार परामर्श केंद्र नारी उत्थान केंद्र पुलिस लाईन्स मुरादाबाद में मंगलवार को पति-पत्नी संबंधित पारिवारिक विवादों की काउंसलिंग के दौरान 03 प्रार्थना पत्रों में पक्षों की सहमति से सुलह समझौता कराया गया। पत्र में दोनों पक्षों की पारिवारिक समस्याओं को सुनते हुए आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा आपस में एक दूसरे को विश्वास दिलाया गया कि हम दोनों नवजीवन की नई शुरुआत करते हुए हंसी-खुशी अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श द्वारा जोड़ों को नवजीवन की शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि बीती बातों को लेकर विवाद नहीं करेंगे। और आपस में प्यार से रहेंगे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर ली गई शपथ, 31 जुलाई तक चलेगा अभियान

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




ठाकुरद्वारा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर शपथ ग्रहण समारोह किया गया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा. राजपाल ने कहां की संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा जिसमें साफ-सफाई अपने आए जाने के साथ ही जल भराव से बचाव करना चाहिए। जो सरकारी हैंड पंप का पानी पीने लायक नहीं है उन पर क्रॉस मार्किंग करें। फ्रिज कूलर आदि में पानी जमा नहीं होने देने विशेष ध्यान रखना चाहिए। 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा जिसमें आशा आंगनबाड़ी घर-घर जाकर बुखार टीवी कुष्ठ आदि के रोगों के बारे में जानकारी लेंगे अगर कोई भी व्यक्ति बीमार मिलता है तो उसकी सूचना तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर करेंगे। इस दौरान शपथ ग्रहण समारोह में आशीष कुमार शर्मा, अजय सक्सेना, नरेश सिंह, कुलवंत सिंह, आशू गुप्ता ,नरेंद्र सिंह रावत, कमल सिंह रावत, लीलावती, मोहम्मद दीन आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत शिविर का आयोजन

ठाकुरद्वारा। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जांच के बाद 22 गर्भवती महिलाओं को एचआरपी घोषित किया गया है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत शिविर लगाकर 122 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई जांच में 22 गर्भवती महिलाएं एचआरपी अति जोखिम प्रसव पाई गई। उनकी देखभाल की जिम्मेदारी क्षेत्र की आशा और एएनएम को दी गई है। जांच टीम में डाक्टर शाहीन परवीन, नर्स मेंटर सुनीता आर्य ,स्टाफ नर्स स्वाती आदि शामिल रहीं।

## खबरें फटाफट

### रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला अज्ञात शव मचा हड़कंप

मूंढापांडे। जनपद मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र दलपतपुर राइस मिल के पास रेलवे ट्रैक पर 25 वर्षीय अज्ञात शव मिलने पर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। जीआरपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी सूचना पाकर मौके पर सीओ हाईवे व थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा अपनीं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को शिनाख्त कराने का लोगों से प्रयास किया। मगर कोई सफलता नहीं मिली,मजबूरन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिएं ज़िला अस्पताल भेज दिया। कुछ लोगों का अनुमान है कि, 25 वर्षीय युवक की मौत ट्रेन से गिरकर हुई है। पुलिस ने युवक की जानकारी आसपास के थानों में दे दी है। ताकि शव की शिनाख्त हो सके। पुलिस ने बताया कि, मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता लग जाएगा।

### जमीनी बंटवारे को लेकर ढहाया मकान थाने में दी तहरीर

मूंढापांडे। मुरादाबाद के मूंढापांडे क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीरपुर थान गांव का मामला सामने आया है। जहां परिवार में जमीनी बंटवारे को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष का मकान गिरा दिया। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है, कि परिवार के अन्य लोग सारी जमीन कब्जाना चाहते हैं। जिस कारण मेरा बनाया हुआ मकान एक राय होकर गिरा दिया।

### पीएम सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत शिविर का आयोजन

ठाकुरद्वारा। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जांच के बाद 22 गर्भवती महिलाओं को एचआरपी घोषित किया गया है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के अंतर्गत शिविर लगाकर 122 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई जांच में 22 गर्भवती महिलाएं एचआरपी अति जोखिम प्रसव पाई गई। उनकी देखभाल की जिम्मेदारी क्षेत्र की आशा और एएनएम को दी गई है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू डीएम ने जागरूकता रैली को रवाना करके की शुरुआत

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




मुरादाबाद। मंगलवार को डीएम ने जागरुकता अभियान को शुभारंभ कर संचारी रोग नियंत्रण रैली की शुरुआत की। पूरे माह चलेगा अभियान 11 जुलाई से घर-घर जाकर जागरूक करेंगी आशाएं और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां 01 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत जिलाधिकारी अनुज सिंह ने जिला चिकित्सालय परिसर से जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की। जनपद स्तर पर आयोजित जन जागरूकता रैली जिला चिकित्सालय से शुरू होकर कंपनी बाग में सम्पन्न हुई। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर रैलियों का आयोजन करके लोगों को संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। जनपद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने लोगों को संचारी रोगों से बचाव हेतु सावधानी बरतने के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पूरे माह स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायती राज, आईसीडीएस, कृषि, उद्यान और खाद्य सुरक्षा सहित विभिन्न विभाग अपने स्तर से जागरूकता गतिविधियां आयोजित करेंगे। इन सभी विभागों द्वारा की जाने वाली दैनिक गतिविधियों की मॉनिटरिंग स्वास्थ्य विभाग द्वारा कंट्रोल रूम के माध्यम से की जाएगी। अभियान को सफल बनाने में आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों का पालन करने से बचेगी दुर्घटनाएं

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



ठाकुरद्वारा। यातायात एवं सड़क सुरक्षा के तहत पत्रकारों के साथ गोष्टी कर यातायात के नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करने पर जोर दिया गया।मंगलवार को एक्टिव प्रेस क्लब के अध्यक्ष नईम खान राजा ने भगतपुर और ठाकुरद्वारा के अपने पत्रकार साथियों के साथ एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जहां पर सभी पत्रकार साथियों से उन्होंने अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को यातायात एवं सड़क सुरक्षा के तहत लोगों को जागरूक करें। जितना लोगों को जागरूक किया जाएगा उतना ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि यदि आप घर से दो पहिया वाहन लेकर निकलते हैं तो हेलमेट अवश्य पहन कर निकलें। चौपहियां वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। ओवर स्पीड कभी न चले शराब पीकर कोई भी वहां ना चलाएं। नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने के लिए नहीं दें। कभी भी सड़क पर चलते समय अपने वाहन से कोई स्टंट बाजी करने की बिल्कुल कोशिश ना करें। गलत दिशा से ओवरटेक भी कभी ना करें। इस दौरान गोष्ठी में पत्रकार जाबिर हुसैन, मोहम्मद अली,वसीम कुरेशी, वसीम अब्बासी, शमशेर मलिक, अतीक उर्फ बिट्टू ,इस्लाम सलमानी आदि भारी संख्या में पत्रकारगण मौजूद रहे।

# यूपी में अगले तीन दिनों तक तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली का अलर्ट

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



लखनऊ, । उत्तर प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से लगातार अलग-अलग हिस्सों में बारिश हो रही है। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के अधिकतर जिलों में मंगलवार को बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया, जिससे लोगों को गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली। इस बारिश से किसानों के चेहरे भी खिले हैं।

लखनऊ मौसम विभाग के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने कहा कि यह बारिश खरीफ की फसल जैसे धान, मक्का और दालों के लिए अमृत के समान है। रूक-रूक कर हो रही बारिश से तापमान कम हुआ है। उन्होंने अगले तीन दिनों तक प्रदेश में हल्की से तेज बारिश की संभावना जताई है।

प्रयागराज में आज सुबह एवं दोपहर को मध्यम वर्षा हुई जो देर शाम तक जारी रही। इससे गंगा, यमुना समेत त्रिवेणी संगम में जल स्तर बढ़ा है। हालांकि अभी यहां बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है। यहां नदियों के खतरे का निशान 84.734 मीटर है जबकि गंगा का स्तर 76.79 मीटर और यमुना 75.62 मीटर तक पहुंच चुकी है। दोनों ही नदियों में तेजी से जलस्तर को बढ़ता देख फाफामऊ और नैनी में बाढ़ चौकियां अलर्ट मोड में हैं।

कानपुर में भी बारिश बीते 24 घंटे से रूक रूककर हो रही है। हालांकि मंगलवार को सुबह से बारिश नहीं हुई लेकिन मौसम सुहाना रहा। चंद्रशेखर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, जिले में आगामी पांच दिनों में हल्के बादल रहने के कारण मध्य तेज हवाओं, गरज़ चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा रहने की संभावना है। वहीं सिंचाई विभाग ने बताया कि चेतावनी बिंदु के नजदीक गंगा का जलस्तर अभी नहीं पहुंचा है। लेकिन गंगा बैराज से 17 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिला प्रशासन ने बाढ़ चौकियों को अलर्ट किया है।

# कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से होगी शुरू पुलिस प्रशासन की तैयारी जारी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता




मुरादाबाद। श्रावण मास की शुरूआत 11 जुलाई से हो रही है। इसके साथ ही कांवड़ यात्रा भी शुरू हो जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस व प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने मंगलवार को बताया कि उत्तराखंड के हरिद्वार और हापुड़ जिले के गढ़मुक्तेश्वर (बृजघाट) गंगा लाखों की संख्या में कांवड़िए कांवड़ व गंगाजल लेकर मुरादाबाद आते हैं। यहां से अन्य जनपदों के लिए गुजरते हैं। सावन मास के प्रत्येक सोमवार और मासिक शिवरात्रि पर हजारों की संख्या में प्राचीन सिद्धपीठ शिव मंदिरों और अन्य मंदिरों पर कांवड़ व गंगाजल चढ़ाया जाता है। सावन मास के अंतिम सोमवार पर मुरादाबाद में ब्रजघाट व हरिद्वार से लाखों की संख्या में लाईं गई कांवड़ चढ़ाईं जाती हैं। सावन मास के सभी सोमवारों पर जलाभिषेक के मद्देनजर दिल्ली रोड व हरिद्वार रोड पर पूरी तरह से रूट डायवर्जन कर दिया जाता है।

एसएसपी बताया कि कांवड़ के संबंध में जो पूर्व में जिले के सभी थानों पर जो त्यौहार रजिस्टर हैं, उनका अवलोकन किया गया है। उसके अंतर्गत जिस प्रकार की व्यवस्था बीते वर्षों में रही है, उसी के अनुरूप इस बार भी वही व्यवस्थाएं समुचित रूप से कराई जा रही हैं। कांवड़ यात्रा को लेकर एलआईयू इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट द्वारा जो अख्या दी गई है उसका भी अवलोकन कर लिया गया हैं। सभी थाना प्रभारी के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की मीटिंग भी कर ली गई है। मैंने जिलाधिकारी के साथ सभी कांवड़ मार्गों का निरीक्षण भी किया हैं, जो भी अव्यवस्थाएं मिली उनको संबंधित विभागों द्वारा सही कराया जा रहा है।

# सड़क हादसे में एक की मौत, पिता-पुत्र घायल

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



भोजपुर। मंगलवार की सुबह समय करीब सात बजे नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर मौहल्ला आंगा से वार्ड नं 04 के निवासी पुराने कबाड़ की फेरी के लिए निकले अब्दुल कयूम मियां, पूर्व सभासद मोहम्मद सज्जाद एवं उनके पुत्र सोहिल रामपुर से लौटते समय अचानक तीन पहिया टेंपो पलट गया। जिससे टेंम्पू दुर्घटना के कारण अब्दुल कयूम मियां पुत्र कलुआ की मृत्यु हो गई। दो लोग घायल हो गए। मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे रोज की तरह मंगलवार की सुबह अपने घर से पुराने प्लास्टिक की फेरी करके लौट रहे सिहोरा मुंडापांडे निकट अचानक टेंपो का टायर फटने से टेंपो पलट गया। जिससे गंभीर रूप से घायल अवस्था में अब्दुल कययूम मियां को तत्काल उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से भर्ती किया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना में पूर्व सभासद और उनके बेटे भी गंभीर रूप से घायल हो गए घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली परिवार में कोहराम मच गया और सभी का रो रो के बुरा हाल था।

दैनिक नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
Join our facebook Group fb/groups/ nationalexpressindia

### खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक संपन्न *अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# दुकानदारों के सेम्पलिंग की रिपोर्ट आने पर सार्वजनिक सूचना पट पर किया जाय चस्पा -जिलाधिकारी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




**गोण्डा ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, मिलावट रोकथाम, औषधियों की उपलब्धता, गुणवत्ता नियंत्रण एवं जन-जागरूकता संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन को शुद्ध व गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उत्पाद उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभाग नियमित जांच अभियान चलाएं और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया कि होटल, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, डेयरियों व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से सैंपलिंग कराई जाए तथा रिपोर्ट को समयबद्ध तरीके से प्रयोगशालाओं में भेजा जाए। इसके साथ ही उन्होंने सभी दुकानदारों को लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से दुकान में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नकली, अवैध व एक्सपायरी दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों के लाइसेंस की समीक्षा करने तथा नियमों के अनुसार कार्य कर रहे स्टोरों की सूची अपडेट करने को भी कहा।

बैठक में आमजन को जागरूक करने हेतु विद्यालयों, ग्राम सभाओं तथा शहरी क्षेत्रों में जागरूकता शिविरों एवं कार्यशालाओं के आयोजन का भी प्रस्ताव पारित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव शुद्ध खाद्य एवं औषधियों पर निर्भर करती है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, औषधि निरीक्षक, उद्योग प्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने फीस देने में असमर्थ सातवीं कक्षा की छात्रा को मदद का भरोसा दिया

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फीस दे पाने में असमर्थ कक्षा सात की एक छात्रा को भरोसा देते हुए मंगलवार को उससे कहा कि फीस वह देंगे और पढ़ाई रुकने नहीं दी जाएगी। आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

यहां कोतवाली क्षेत्र के पुरदिलपुर की निवासी छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में मदद की गुहार लगाई।

त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री से कहा, 'मैं पढ़ना चाहती हूं, लेकिन मेरा परिवार स्कूल की फीस देने में असमर्थ है।'' एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पढ़ने वाली पंखुड़ी ने बताया कि उसके पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है, मां मीनाक्षी एक दुकान पर नौकरी करती हैं और बड़ा भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है। छात्रा ने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण उसकी पढ़ाई छूटने की कगार पर है। योगी आदित्यनाथ ने छात्रा को आश्वासन दिया कि उसकी शिक्षा बाधित नहीं होगी।

# आईटीआई प्रवेश सत्र 2025-26 का प्रथम चयन परिणाम घोषित, 2 से 8 जुलाई तक होगा प्रवेश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- वेबसाइट और एसएमएस के माध्यम से दी जा रही है सूचना

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में सत्र 2025 (छः माह), सत्र 2025-26 (एक वर्षीय) एवं सत्र 2025-27 (दो वर्षीय) पाठ्यक्रमों हेतु प्रथम चरण का चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है।

मंत्री अग्रवाल ने बताया कि प्रथम चरण के लिए प्रवेश तिथि 2 जुलाई से 8 जुलाई 2025 तक (अवकाश सहित) निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने चयन की स्थिति की जानकारी http://www.scvtup.in अथवा http://www.upvesd.gov.in/dte वेबसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा को अधिकाधिक युवाओं तक पहुंचाना और उन्हें कौशलयुक्त बनाकर रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। संपूर्ण प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, तकनीक-सक्षम और सुगम बनाया गया है, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं अधिशासी निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि अभ्यर्थी वेबसाइट पर पंजीकरण संख्या एवं जन्मतिथि दर्ज कर बुलावा पत्र प्राप्त कर सकते हैं। चयन की स्थिति में बुलावा पत्र प्रदर्शित होगा, जिसे डाउनलोड कर संस्थान में प्रवेश लिया जा सकता है।

चयनित अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस द्वारा भी सूचना दी जा रही है। चयन न होने की स्थिति में अभ्यर्थी को उसकी रैंक दिखाई जाएगी एवं वह अगले चरण की प्रतीक्षा कर सकेगा।

चयनित अभ्यर्थियों को प्रवेश के समय बुलावा पत्र की प्रति, समस्त मूल प्रमाण-पत्र, उनकी एक-एक सत्यापित प्रति, आवेदन पत्र की प्रति और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ संबंधित आईटीआई संस्थान के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

बुलावा पत्र में अंकित जानकारी के अनुसार, अभ्यर्थियों को FREEZE (स्थिर) या FLOAT (विकल्प खुला रखने) में से एक विकल्प का चयन कर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी, ताकि आगे की अपग्रेडेशन प्रक्रिया में भी भाग ले सकें।

# संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया सपा मुखिया का जन्मदिन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




- प्रदेश सरकार नहीं मान रही शिक्षा अधिकार अधिनियम

**गोंडा** (करनैलगंज) । पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। करनैलगंज नगर के बहराइच मोड़ स्थित गोल्डेन रिजॉर्ट में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष फहीम अहमद पप्पू की अगुआई में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह रहे। सपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन को संकल्प दिवस के रूप मनाया।

पूर्व मंत्री ने कहा कि अखिलेश यादव का जन्मदिन हर सपा का कार्यकर्ता अपने जन्मदिवस की तरह मना रहा है। समाजवादी पार्टी की नीतियों को अखिलेश यादव के विकास को जनता को गिना रहे हैं। पूर्व मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं बेसिक शिक्षा मंत्री रह चुका हूं और बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि प्रदेश में 5000 विद्यालय बंद होने जा रहे हैं। जबकि सपा सरकार में हर गांव मजरों में स्कूल खोले गए थे। मौजूदा सरकार शिक्षक भर्ती न करके शिक्षक के अभाव में स्कूल बंद करके गांव के बच्चों को दूर के स्कूल में भेजना चाहती है। यही नहीं गरीब परिवार के बच्चों को शिक्षा से भी दूर कर रही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय खोलने का संकल्प लेते हैं उन्होंने कहा आरटीई एक्ट का यह नियम है कि किसी बच्चे को 1 किलोमीटर से दूर प्राथमिक शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़े। किसी बच्चे को जूनियर शिक्षा के लिए 3 किलोमीटर से दूर न जाना पड़े, सरकार ने उस आरटीई एक्ट को दरकिनार कर दिया है। उन्होंने करनैलगंज विधानसभा और नगर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा भ्रष्टाचार पर भी सरकार को जमकर कोसा। इस मौके पर राजकुमार सिंह, मोहम्मद साबिर, जमील रायनी, रज्जब अली, माधव सोनी, जुनैद आलम, आवेश रायनी, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर की गयी 'मॉक ड्रिल'

कुशीनगर, (भाषा) उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा के लिए सोमवार को 'मॉक ड्रिल' की गयी। अधिकारियों ने जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा सुरक्षा, संचालन और पर्यावरण प्रबंधन की समीक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की देखरेख में टर्मिनल बिल्डिंग के अंदर 'मॉक ड्रिल' की गई। अधिकारियों ने बताया कि विमान अपहरण रोधी और आपातकालीन प्रतिक्रिया अभ्यास में सुरक्षा बलों, हवाई अड्डे के कर्मचारियों और अन्य संबंधित विभागों के कर्मियों ने भाग लिया। इस अभ्यास का उद्देश्य अपहरण या अन्य आपात स्थितियों से निपटने की तैयारी और समन्वय का आकलन करना था। अधिकारियों के मुताबिक, इसके साथ ही एयरफील्ड पर्यावरण प्रबंधन बैठक में स्वच्छता और हवाई अड्डे के आसपास पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को कम करने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान की रैली को जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




- समन्वित प्रयासों से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव–डीएम
- संचारी रोगों की रोकथाम में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक–डीएम

गोण्डा । जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गाँधी पार्क गोण्डा से जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व यूनीसेफ के प्रतिनिधि, एससीपीएम कालेज के छात्र-छात्राएं, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।रैली के शुभारंभ से पूर्व जिलाधिकारी ने वहां उपस्थित सभी लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक रहने, स्वच्छता बनाए रखने, मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाने तथा अपने आस-पास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने की शपथ दिलाई।

उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। यदि हम सभी मिलकर स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बना लें, तो इन रोगों से आसानी से बचा जा सकता है।जिलाधिकारी ने बताया कि यह अभियान स्वास्थ्य विभाग, नगर निकाय, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग सहित विभिन्न विभागों के समन्वय से चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत गांवों व शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई, फॉगिंग, एंटी लार्वा स्प्रे, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, जन-जागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता व रैलियों का आयोजन किया जाएगा। रैली गाँधी पार्क से निकलकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए विभिन्न चौराहों से गुजरी, जिसमें प्रतिभागियों ने हाथों में स्लोगन युक्त तख्तियाँ लेकर नागरिकों को जागरूक किया।₹स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो₹, ₹मच्छर भगाओ, बीमारी मिटाओ₹, ₹घर-आंगन साफ रखो, बुखार दूर भगाओ₹ जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।

जिलाधिकारी ने रैली के सफल आयोजन हेतु सभी विभागों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे समन्वित प्रयासों से ही संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रश्मि वर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर जय गोविंद, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सीके वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल तिवारी, जिला मलेरिया अधिकारी सहित यूनीसेफ के प्रतिनिधी अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सर्वोदय विद्यालयों में नया सत्र शुरू, बच्चों में दिखा उत्साह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में आवासीय सुविधा संग मिल रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

लखनऊ। वंचित और ग्रामीण परिवेश के मेधावी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क आवासीय शिक्षा देने के संकल्प के तहत प्रदेश भर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। विद्यालयों में पहले दिन छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। शैक्षणिक सत्र के पहले दिन बच्चों के स्वागत के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरणात्मक सत्र आयोजित किए गए।

सभी शिक्षकों ने मिलकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। वहीं बच्चों में भी नए सत्र के प्रति काफी उत्साह देखने को मिला। विभाग द्वारा सभी विद्यालयों में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली और बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था की गई है। इसके अलावा छात्रावास व्यवस्था, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, नाश्ता और भोजन भी समय से उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा बेहतर शैक्षिक वातावरण देने के साथ ही स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय और अत्याधुनिक लैब के रखरखाव पर ध्यान भी दिया गया है। इसके अलावा सर्वांगीण विकास को लेकर इस सत्र में शैक्षणिक और खेलकूद, संगीत, कला समेत कई गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान देने की योजना बनाई गई है। समाज कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार ये विद्यालय बच्चों को मजबूत आधार प्रदान कर रहे।

**9 नए स्कूलों में भी पढ़ाई शुरू की गई :** मौजूदा समय में समाज कल्याण विभाग की ओर से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग व अन्य वर्गों के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में कुल 100 सर्वोदय विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। इस नए सत्र से 9 और नए विद्यालयों का संचालन की कार्यवाही प्रकियाधीन है। इनमें से 45 विद्यालयों में आवासीय सुविधाओं का विस्तार भी किया जा रहा है।

## 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत उत्तर प्रदेश में 97 हजार से अधिक मामलों में दोषसिद्धि

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश सरकार के 2023 में शुरू किए गए 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत इस साल जून के मध्य तक 97,000 से अधिक मामलों में दोषसिद्धि हुई है। एक आधिकारिक बयान में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अभियोजन दीपेश जुनेजा ने बताया, ''सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के तहत एक जुलाई 2023 से 15 जून 2025 तक 97,158 अपराधियों को विभिन्न श्रेणियों में सजा दिला दिलायी गयी।'' जुनेजा ने बताया कि 1,14,029 चिह्नित मामलों में से 74,388 मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान 68 आरोपियों को मृत्युदंड, 8,172 को आजीवन कारावास, 1,453 को 20 वर्ष से अधिक की सजा और 87,465 अपराधियों को 20 वर्ष से कम की सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार ने गंभीर अपराधों में त्वरित व प्रभावी न्याय सुनिश्चित किया है।

बयान में कहा गया कि संगठित अपराध को लक्ष्य करते हुए शीर्ष 10 अपराधियों से जुड़े 272 मामलों में 395 आरोपियों को दोषी ठहराया गया।

माफिया के खिलाफ कार्रवाई के तहत चिह्नित 69 माफियाओं में से 29 को सजा दिलाना प्रशासन की बड़ी सफलता है। यह दर्शाता है कि सरकार का उद्देश्य केवल छोटे अपराधियों पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि संगठित अपराध को जड़ से मिटाना है।

## झांसी के राधा कृष्ण एवं मनकामेश्वर मंदिर के पर्यटन विकास पर 58 लाख रु. खर्च होंगे : जयवीर सिंह

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ । बुंदेलखंड का झांसी जनपद विविधताओं से भरा हुआ है। वीरों की धरती झांसी धार्मिक पर्यटन में भी विशेष स्थान रखता है। जनपद के टौरिया नरसिंह राव क्षेत्र स्थित प्राचीन श्री श्री 1008 राधा कृष्ण एवं मनकामेश्वर मंदिर स्वयं में अनूठा है। श्री श्री 1008 राधा कृष्ण मंदिर को प्रेम की प्रतिमूर्ति के रूप में पूजा जाता है। उप्र पर्यटन विभाग मंदिर का पर्यटन विकास करने जा रही है, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत हुई है।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया, धार्मिक पर्यटन में प्रदेश नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। झांसी का श्री श्री 1008 राधा कृष्ण एवं मनकामेश्वर मंदिर अपनी ऐतिहासिकता और विशिष्ट धार्मिक पहचान की वजह से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस परियोजना के तहत स्थल के सौंदर्यीकरण, सुविधाओं के विकास, आगंतुकों के लिए आवश्यक संरचनाओं सहित अन्य कार्य किया जाएगा। इसके अलावा, मूलभूत सुविधाएं जैसे स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा सड़कों के सुदृढ़ीकरण आदि पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

श्री सिंह ने बताया कि झांसी जिले के ऐतिहासिक टौरिया नरसिंह राव क्षेत्र स्थित प्राचीन स्थल के पर्यटन विकास का कार्य शीघ्र ही आरंभ होने जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना पर कुल 57.95 लाख रुपए की लागत आएगी। मंदिर में भक्तों को भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी के दर्शन होते हैं। अपने आराध्य के दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर-दराज के इलाकों से आते हैं।

यहाँ प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक झांसी आते हैं। पर्यटकों में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की होती है जो मंदिर दर्शन को अवश्य जाते हैं। जन्माष्टमी सहित अन्य अवसरों पर प्राचीन श्री श्री 1008 राधा कृष्ण मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं। इसी तरह, मनकामेश्वर मंदिर का भी पर्यटन विकास होने जा रहा है। पर्यटक, रेल और सड़क मार्ग के जरिए आसानी से इन स्थलों तक पहुंच सकते हैं।

# यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन गौरा विधायक प्रतिनिधि को सौंपा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोण्डा । न्यूनतम छात्र संख्या के आधार पर विभिन्न परिषदीय विद्यालयों की पेयरिंग/मर्ज किये जाने के विरोध में यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन(यूटा) छपिया द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री जी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा गया।

विधायक के समक्ष शिक्षकों की पीड़ा को व्यक्त करते हुए डॉ मनोज कुमार सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा को सर्वसुलभ व सुगम बनाने के लिए भारतीय संसद द्वारा बनाये गये शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 में यह उल्लेख किया गया है प्रत्येक 300 की आबादी वाले मजरे/गाँवों में और प्रत्येक 1 किमी के दायरे पर प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की जायेगी।

किसी भी गॉव/मजरे में स्थापित प्राथमिक विद्यालयों को सिर्फ गिनती में समेटना गैर-संवैधानिक है।हमारे प्राथमिक विद्यालयों में समाज की मूल धारा से संबंधित बच्चों के अतिरिक्त वंचित शोषित कमजोर वर्ग संबंधित बच्चे भी शिक्षित होकर राष्ट्र के सजग प्रहरी बनने की ओर अग्रसर होते हैं। आबादी से निकटतम दूरी में विद्यालयों की स्थापना होने से बालिकाओं को आसानी के साथ भयमुक्त माहौल में शिक्षा प्राप्त करने का सुअवसर प्राप्त होता है।यदि छात्र संख्या के आधार पर विद्यालय बंद कर दिये जायेंगें तो तमाम बच्चे खासकर बालिकाएं शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित हो जायेंगी।

विद्यालयों की संख्या घटने से अत्यल्प मानदेय पर सेवा दे रहीं रसोइयों की छंटनी होने की आशंका है। शिक्षकों के नवीन पद भी कम हो जायेंगें जिससे कि तमाम पात्र डिग्रीधारक युवाओं के समक्ष बेरोजगारी का संकट भी बढ़ने की आशंका रहेगी।संगठन ने विधायक से पूर्ण विश्वास के साथ यह अपेक्षा की है वे अपने स्तर से हम शिक्षकों की पीड़ा को मुख्यमंत्री तक पहुँचाकर छात्र-शिक्षक-समुदाय के हित में विद्यालयों की पेयरिंग/मर्जिंग रोकवाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।ज्ञापन को स्वीकार करते हुए विधायक ने यह आश्वासन दिया है कि वे शिक्षकों व यूटा की माँग को मुख्यमंत्री तक पहुँचाकर यथोचित निर्णय कराने का प्रयास करेंगें।

ज्ञापन देते के लिए प्रतिनिधिमंडल में जग प्रसाद जायसवाल संस्थापक जैनेंद्र प्रताप सिंह संरक्षक विकास वर्मा ब्लॉक मंत्री रत्नेश कुमार वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष दया शंकर सिंह महासचिव अजीत पटेल कोषाध्यक्ष अजय कुमार संगठन मंत्री संजय कुमार वर्मा संगठन मंत्री विनय वर्मा मार्गदर्शक प्रवीण कुमार सिंह सचिव एवं प्रचार मंत्री अरविंद सिंह अजीत यादव राजेश पटेल विनोद यादव समेत संगठन के दर्जनों पदाधिकारी और शिक्षक मौजूद रहे।

# दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नगर निकायों की दुकानों में मिलेगा आरक्षण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार का महत्वपूर्ण कदम
- नगर निगम और सूडा को निर्देश, पुनर्वास योजना के तहत दिव्यांगजनों को मिलेगा दुकान संचालन का अवसर
- निर्धारित आरक्षण नीति के तहत किया जाएगा दुकानों और कीऑस्कों का आवंटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने नगर निगमों और नगर पंचायतों में बनने वाली दुकानों और कीऑस्कों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण लागू करने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत नगर निगम और सूडा (राज्य शहरी विकास प्राधिकरण) को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुनर्वास योजना के तहत दुकानों का आवंटन प्राथमिकता से दिव्यांगजनों को करें।

प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा में अपने कार्यालय में नगर निगम और सूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस योजना को मूर्त रूप देने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि दुकानों और कीऑस्कों का आवंटन निर्धारित आरक्षण नीति के तहत किया जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र दिव्यांगजनों तक जानकारी पहुंचाई जाए।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बैठक में जोर देकर कहा कि नगर निगम और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग संयुक्त रूप से एक नई योजना का प्रस्ताव तैयार करें, जिसके तहत शहरों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष रूप से दुकानें बनाई जाएं और उन्हें संचालन का अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का निर्देश है कि दिव्यांगजनों को न केवल शिक्षित किया जाए, बल्कि उन्हें स्वावलंबी और आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया जाए।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के तहत 1318 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 199 दिव्यांगजनों को 19.90 लाख रुपये व्यय कर लाभान्वित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, जनपद स्तर पर 766 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी समीक्षा कर शीघ्र ही आवंटन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### धूमधाम से मनाया वीर सिंह प्रधान का जन्मदिन



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूंडला । मंगलवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व वरिष्ठ समाजसेवी वीर सिंह प्रधान का उनके चाहने वालों ने धूमधाम से केक काटकर जन्मदिन मनाया तथा उनकी लंबी उम्र की कामना की । थाना टूंडला क्षेत्र में स्थित टेस्टी वाइट होटल पर मंगलवार को वरिष्ठ समाजसेवी तथा समाजवादी पार्टी के प्रदेश वीर सिंह प्रधान का जन्मदिन उनके समर्थकों एवं करीबी लोगों ने केक काटकर मनाया । इस दौरान लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए प्रधान जी की लंबी उम्र की कामना की । इस दौरान होटल के मालिक अनिल कुमार , भुवनेश चंद्रा शिक्षक नेता , विपिन कुमार पत्रकार /प्रधान प्रतिनिधि, शिवम प्रताप सिंह , नरेश कुमार, अनिल कुमार आदि लोग मौजूद रहे ।

### पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर किया पौधारोपण



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन जसराना में मनाया। कार्यकताओं ने केक काटा, फल एवं मिष्ठान का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा सरकार को जमकर कोसा।कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं ने अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार द्वारा कराए गए विकास कार्यों को याद किया। इस दौरान कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने पौधारोपण करते हुए उनके संरक्षण करने का संकल्प लिया। केक काटकर पदाधिकारियों ने कहा कि अखिलेश यादव की नेतृत्व क्षमता के चलते समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। उनके मुख्यमंत्री रहते उत्तर प्रदेश ने विकास के कई नए आयाम तय किए। इस अवसर पर सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष यादव आशू, श्यामपाल सिंह, केपी यादव, राधेश्याम यादव, सत्यनारायण गुप्ता, लालू यादव, किशनपाल, मानवेंद्र, नवीन बघेल समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गैंगस्टर एक्ट में वाँछित तीन आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान गैंगस्टर एक्ट में वाँछित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस ने थाना पर पंजीकृत गैगस्टर एक्ट में वाँछित यासीन पुत्र परवेज निवासी तीस फुटा रोड गली न0 2 थाना रसूलपुर, फईम कुरैशी पुत्र नईम उर्फ लल्ला निवासी लालपुर मण्डी टावर वाली गली, धोबी मोहल्ला, बारहबीघा थाना रामगढ़ और शमशाद कुरैशी पुत्र अजीम कुरैशी निवासी छपरिया थाना रामगढ़ को भारत टाकीज के पास बिजली घर सर्विस रोड के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। तीनो आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की करंट लगने से हुई मौत



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज। थाना नगला खंगर क्षेत्र के गांव खोरई अजनौरा में चारपाई पर सो रहे व्यक्ति को संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली का करंट लग गया । जिससे उसकी मौत हो गई । धर्मेंद्र कुमार पुत्र वीरेंद्र सिंह उम्र (46वर्ष) निवासी खोरई अजनौरा थाना नगला खंगर सोमवार देर शाम खाना खाने के बाद चारपाई पर सोने गया था । वह चारपाई पर सोने के लिए लेटा ही था, तभी संदिग्ध परिस्थितियों में युवक को बिजली का जोरदार करंट गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस कर घायल हो गया । परिजन इलाज के लिए ट्रामा सेंटर फिरोजाबाद ले गए जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मंगलवार शाम परिजनों ने गांव में अंतिम संस्कार कर दिया है। घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज संघ के केंद्रीय सहायक महामंत्री बने वी के गौतम



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/टूण्डला। ऑफिसर क्लब कानपुर में आयोजित नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज संघ की वर्किंग कमेटी व डिविजनल काउंसिल की बैठक संपन्न हुई। जिसमें नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज संघ के महामंत्री आर पी सिंह ने टूंडला से वी के गौतम सेवानिवृत्ति मेल गार्ड एवं पूर्व शाखा सचिव को नॉर्थ सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज संघ का केंद्रीय सहायक महामंत्री के पद पर निर्वाचित किया गया। एवं माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर टूंडला की तीनों शाखाओं द्वारा सहायक महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद को देने के लिए महामंत्री का आभार प्रकट किया है।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान पॉक्सो एक्ट में वांछित राहुल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना नसीरपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना पर पंजीकृत पोस्को एक्ट से सम्बन्धित वांछित राहुल उर्फ लालू पुत्र उम्मेद सिंह निवासी ग्राम सिरसाखास थाना सिरसागंज को गिरफ्तार किया गया। राहुल उर्फ लालू को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना फरिहा पुलिस ने चैकिंग के दौरान पॉक्सो एक्ट में वाछिंत राहिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में क्षेत्राधिकारी जसराना के नेतृत्व में थाना फरिहा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान वांछित राहिल पुत्र शमशुद्दीन निवासी ग्राम कमालपुर थाना फरिहा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने राहिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### प्रेम अतुल जिलाध्यक्ष के जन्मदिन पर दी बधाई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद । जनपद में भारतीय किसान यूनियन टिकैट संगठन के जिलाध्यक्ष व किसानों मजदूरों के लिए आवाज उठाने वाले जनता प्रिय संगठन के जिलाध्यक्ष प्रेम अतुल यादव का जन्मदिन संगठन के पदाधिकारियों तथा अन्य चाहने वालों ने धूमधाम से मनाया तथा जिलाध्यक्ष को बधाई दीं । वहीं उनके चाहने वालों ने शहर के टेस्टी वाइट होटल रेस्टोरेंट राजा का ताल पर जिलाध्यक्ष प्रेम अतुल यादव का माला पहनाकर तथा भगवान गौतम बुद्ध जी की तस्वीर भेंट कर जन्मदिन की बधाई दीं । इस दौरान भुवनेश चंद्रा शिक्षक नेता, विपिन कुमार (पत्रकार /प्रधान प्रतिनिधि) ,शिवम प्रताप सिंह, नरेश कुमार ₹ गोलू ₹ , अनिल कुमार आदि के साथ अन्य लोग मौजूद रहे ।


### वैधानिक सूचना

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2016 में सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण किया है, मेरा रोल नंबर 5046795 है। मेरे अंकपत्र व सहपत्र वास्तव में खो गए हैं। आनंद कुमार पुत्र भूपेंद्र निवासी नगला गंगा तहसील सिरसागंज जिला फिरोजाबाद ।


# वृक्षारोपण व रक्तदान कर मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन



सपा कार्यालय पर केक काटते सपा नेता



रक्तदान करते सपा नेता

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर उनके समर्थकों ने केक काटकर , वृक्षारोपण तथा रक्तदान कर उनका जन्मदिन मनाया । इस दौरान पार्टी के कार्यकताओं ने केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष की लंबी उम्र की कामना भी की तथा लोगों में मिष्ठान वितरण किया । इस दौरान मोहित राठौर यूथ जिलाध्यक्ष , अजीम भाई पूर्व विधायक , योगेश गर्ग प्रदेश सचिव , दिलीप यादव , वीर सिंह प्रधान,प्रदेश सचिव तथा अन्य सपा नेताओं ने रक्तदान किया । वहीं इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने वृक्षारोपण भी किया । इस दौरान पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने कहा कि इस बार पार्टी ने रणनीति तैयार की है हम लोग सरकार बनाने की ओर अग्रसर हैं । वहीं इस बार लोगों ने भी मौजूद सरकार को हटाने का मन बना लिया है । सरकार आज विकास के मुद्दे पर बात नहीं कर सकती । सरकार सिर्फ जातिवाद का जहर घोलने का काम कर रही है । युवा बेरोजगार है । महिलाओं की सुरक्षा नहीं हो पा रही है । वहीं उन्होंने कहा कि किसान इस सरकार में सबसे ज्यादा परेशान है । आवारा पशु किसान की फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं इनपर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई । इस दौरान रमेश चंचल पूर्व विधायक , रूमा यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा , राजीव यादव , श्यामपाल यादव , गुड्डू यादव आदि के साथ पार्टी के अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वायरल वीडियो का सच आया सामने, मिर्गी का मरीज निकला पंकज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



फिरोजाबाद। इटावा जिले के थाना जसवंतनगर क्षेत्र के जनकपुर गांव में 17 जून को हुए एक घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक को शराब के नशे में महिला के पास जाते हुए दिखाया गया है, जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर पीटा और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। लेकिन इस पूरे मामले की सच्चाई कुछ और ही सामने आई है। सूत्रों से पता चला है कि जांच में ये सामने आया है कि वायरल वीडियो में दिख रहा युवक इटावा का नहीं बल्कि फिरोजाबाद जिले के टूंडला कस्बे के एक गांव का रहने वाला पंकज उपाध्याय है। वह पेशे से एक धार्मिक प्रवक्ता हैं और भागवत कथा व हवन अनुष्ठान कराते हैं। पंकज उपाध्याय ने वृंदावन में कथा वाचकों से धार्मिक शिक्षा प्राप्त की है। परिजनों के अनुसार, पंकज 16 जून को जनकपुर गांव में कालीचरण नामक व्यक्ति से भागवत कथा के आयोजन को लेकर चर्चा करने गए थे। इससे पूर्व भी वे गांव में दो बार कथा कर चुके थे। 17 जून की रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्हें मिर्गी का दौरा पड़ा, जिससे वे अपनी सुध-बुध खो बैठे। इस अवस्था में वे अनजाने में एक चारपाई पर सो रही महिला के पास जा पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें नशे में समझा और छेड़खानी का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। पंकज उपाध्याय ने बताया कि वे बीते 10 वर्षों से मिर्गी की दवा ले रहे हैं और उनका इलाज दिल्ली एम्स में चल रहा है। उनका कहना है कि न तो वे शराब पीते हैं, न ही किसी प्रकार का नशा करते हैं। वायरल वीडियो में उनका नाम गलत रूप से 'पंकज मिश्रा' बताया गया है, जबकि उनका वास्तविक नाम पंकज उपाध्याय है। पंकज के माता-पिता ने इस घटना को लेकर गहरी चिंता जताई है। उनकी मां मंजू उपाध्याय का कहना है कि उनका बेटा बेहद अनुशासित जीवन जीता है, उसने कभी नशा नहीं किया और फिर भी दूसरे समाज के कुछ लोगों ने उसे पीटकर बदनाम कर दिया। उनके पिता राकेश उपाध्याय ने सरकार से अपील की है कि वीडियो वायरल करने और झूठे आरोप लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, क्योंकि वे वृद्ध हैं और न्याय के लिए अकेले लड़ने में असमर्थ हैं। गौरतलब है कि 17 जून की घटना के बाद अब तक न तो दूसरे पक्ष की ओर से और न ही पंकज उपाध्याय के परिवार की ओर से कोई एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी कारण पुलिस की ओर से भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## इंद्रप्रस्थम रेजीडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी ने किया वृक्षारोपण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । मंगलवार को इंद्रप्रस्थम रेजीडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक मनीष असीजा द्वारा गया । सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ अमरनाथ आर्य ने विधायक मनीष असीजा का स्वागत किया । इस दौरान सदर विधायक ने वृक्ष लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि आज वायु प्रदूषण बढ़ रहा है तथा हमें वातावरण को स्वच्छ बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाने चाहिए । वहीं उन्होंने कहा कि आज की मौजूदा सरकार विभिन्न योजना चलाकर हर ब्लॉक तथा ग्राम स्तर पर पेड़ लगवाने का काम कर रही है । वहीं लोगों का भी यह नैतिक कर्तव्य है कि उन्हें अपने आसपास खाली जगह में पेड़ लगाने चाहिए। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष सचिन बघेल , हरीबाबू, प्रवीण वर्मा , धर्मेंद्र कुमार , सत्येंद्र पाल सिंह , वीरेंद्र सिंह , दीपक मिश्रा के साथ सोसाइटी के अन्य लोग मौजूद रहे ।

## स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का हुआ शुभारंभ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।




फिरोजाबाद । मंगलवार को स्कूल चलो अभियान द्वितीय चरण कार्यक्रम का आयोजन बी०आर०सी० सिविल लाइन, फिरोजाबाद में किया गया। मनीष असीजा सदर विधायक , डॉ० लक्ष्मी नारायण यादव ब्लॉक प्रमुख , शत्रोहन वैश्य मुख्य विकास अधिकारी , राम बदन राम मुख्य चिकित्साधिकारी , आशीष कुमार पाण्डेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व ओम प्रकाश अकेला, खण्ड शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि सत्र 2025-26 में आर०टी०ई० के अन्तर्गत चार चरणों में सम्पन्न हुई । ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया में कुल 4358 छात्र-छात्राओं में से अद्यतन 4060 (93.16%) छात्र-छात्राओं का प्रवेश कराने में जनपद फिरोजाबाद प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है। सभी अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में अपने पाल्यों को बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा सचालित विद्यालयों में प्रवेश कराये जाने हेतु अपील की गयी। मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बैठने हेतु जिलाधिकारी की प्रेरणा से फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है। सभी विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। विधायक सदर द्वारा बेसिक शिक्षा में हुए परिवर्तन हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व में भी सुधार परिलक्षित हो रहा है। बेसिक में अध्ययनरत छात्र एक छोटे पौधे की तरह है, जिनको अधिक सभालने की आवश्यकता होती है। उनके द्वारा बच्चों को मेहनत के साथ पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चों को रोली टीका लगाते हुए माला से स्वागत किया गया। स्कूल चलो अभियान द्वितीय चरण का शुभारम्भ हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

## ट्रांसपोर्ट नगर विकसित टाउनशिप की बैठक हुई संपन्न




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता में फिरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में (यातायात नगर योजना) ट्रांसपोर्ट नगर में विकसित की जा रही टाउनशिप हेतु नगर आयुक्त रिषीराज, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार पाण्डेय एवं नगर निगम के अन्य एक्सईएन एवं कार्यदायी संस्थाओं की उपस्थिति में समीक्षा का बैठक का आयोजन हुआ । ट्रांसपोर्ट नगर टूंडला के मौजा नागऊ में विकसित किया जा रहा है, सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने ट्रांसपोर्ट नगर में बन रहे टाउनशिप के विभिन्न पहलुओं को लेकर समीक्षा की, इस क्षेत्र को नगर निगम के सहयोग से रेजिडेंशियल टूरिज्म के रूप में विकसित करने की योजना है, जिलाधिकारी ने कहा कि नियमित इस संबंध में संबंधितों के साथ बैठक कर इस योजना को जमीनी धरातल पर लाने का कार्य किया जाए, जिलाधिकारी ने कहा कि जो किश्त समय पर जमा नहीं कर रहे हैं उन्हें डिफाल्टर घोषित करें, साथ ही जिन लोगों ने 25 प्रतिशत से कम भुगतान किया है, उनका आवेदन निरस्त किया जाए, साथ ही जिनको प्लॉट आवंटित किया गया है, उनकी सहमति का प्रमाण पत्र अवश्य लें लिया जाए, जिससे भविष्य में कोई विवाद न खड़ा हो, साथ ही उन्होंने कहा यहां की सड़क 60 फीट से अधिक चौड़ी होनी चाहिए, जिससे वाणिज्यिक कार्यों के लिए प्रयुक्त भारी वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की कोई कठिनाई न हो, यहां पर वेयरहाउस 500 से 1000 वर्ग फीट में बने हो, साथ ही कमर्शियल प्लाट की संख्या और उनकी लंबाई और चौड़ाई भी अधिक हो, जिससे यहां पर होटल रेस्टोरेंट पेट्रोल पंप आदि अन्य सुविधाएं सहज रूप से विकसित हो सके। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया की अवांटियों द्वारा दिए गए वास्तविक सुझावों को ध्यान में रखते हुए मानचित्र में संशोधन किया गया, इस संशोधन के पश्चात आवंटी जिन्होंने लिखित में अपनी आपत्ति दी थी, उनको प्राधिकरण कार्यालय में बुलाकर संशोधित मानचित्र दिखाया गया, जिसमें लगभग सभी अवंटियों द्वारा अपनी लिखित सहमति दी गई, लिखित सहमति देने वाले अवंटियों की संख्या 114 है, जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट और उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि पचवान में शीघ्र सभी कास्तकारो से समन्वय बनाकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी की जाए, उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया की 523 कास्तकारो से समझौते होने हैं, जिसमें केवल 37 कास्तकारो से ही समझौता हो पाया है, जिलाधिकारी ने कहा कि कैंप लगाकर इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए, अन्यथा की स्थिति में निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

## कुत्ते और एंबुलेंस को बचाने के प्रयास में पेड़ से भिड़ी स्कॉर्पियो






नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।

जसराना । थाना क्षेत्र के एटा शिकोहाबाद मार्ग पर कुत्ते और एंबुलेंस को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई स्कॉर्पियो पेड़ से जा टकराई। स्कॉर्पियो से टकराने से पेड़ टूटकर गिर गया। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। घायल चालक को उपचार के लिए भेजा है।

थाना जसराना क्षेत्र के गांव खड़ीत निवासी हृदेश कुमार अपने किसी परिजन को लेकर दवा दिलवाने शिकोहाबाद जा रहा था। वहीं जसराना के महिला अस्पताल से जच्चा बच्चा को लेकर एंबुलेंस सराय मटियारी जा रही थी। एटा शिकोहाबाद मार्ग पर नगला इमलिया के पास स्कॉर्पियो के समक्ष कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में स्कॉर्पियो एंबुलेंस से टकराने के बाद पेड़ से जा भिड़ी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ की शाखा टूटकर गिर गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों में चीख पुकार मच गई। लोगों ने घायलावस्था चालक हृदेश को उपचार के लिए भेजा। जबकि दूसरी एंबुलेंस बुलाकर जच्चा बच्चा को घर भेजा। लोगों ने बताया गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

## विधायक मनीष असीजा ने किया संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ सदर विधायक मनीष असीजा द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी , मुख्य चिकित्सा अधिकारी , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम एवं समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में किया गया। विधायक जी ने आम जनमानस से अपील की कि डेंगू मच्छर जनित बीमारी है। यह मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलती है, एडीज एजिप्टी साफ पानी में पनपता है ऐसे में अपने घर के आस- पास और घर के अन्दर पानी जमा न होने दें। कूलर का पानी सप्ताह में दो बार अवश्य बदल दें डेंगू रोग की जागरूकता जनमानस में बहुत जरूरी है। जनमानस अपने घर के सभी कन्टेनरों का पानी हफ्ते में जरूर बदले क्योंकि मच्छर (एडीज एजिप्टी) साफ पानी में अण्डे रखते है, तथा मच्छरों को रोकने के लिये खिड़कियों पर जाली लगवायें, मच्छर दानी का प्रयोग करें, पानी की टंकी पूरी तरह से बन्द रखें, पूरी आस्तीन के कपडे पहने, घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारी / कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी लोग यह सुनिश्चित करें कि हम अपनी पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करेगें तथा लार्वा को पनपने नहीं देंगें, तथा संकामक रोगों को जिले में फैलने नही देगें सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर टीम भवना से कार्य करेगी।

## महिला के प्रेमी ने अपने साथ सहित महिला के पति पर किया सरिया से वार, दोनों आरोपी गिरफ्तार

● पति गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



आरोपी सूरज और ओकेश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

फिरोजाबाद। मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे के करीब एक प्रेमी ने अपने दोस्त के साथ मिलकर एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। मरणासन्न हालत में उसे छोड़कर भागने की कोशिश की तो लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घटना थाना नगला सिंघी क्षेत्र की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। टूंडला के गांव चुल्हावली निवासी विजय कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष चूड़ी का काम करते हैं। मंगलवार सुबह वह रामपुर बनकट में काम करने जा रहे थे। नगला सिंघी के गांव सदा का बास के पास सूरज और उसके दोस्त ओकेश ने विजय को घेर लिया। आरोपियों ने डंडे और सरिये से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया फिर उसे बाजरा के खेत में फेंक दिया। युवक का शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने प्रेमी और उसके दोस्त को पकड़ लिया। पिटाई करने वाले दोनों लोगों को ग्रामीणों ने जमकर पीटा। ग्रामीणों के मुताबिक ओकेश और उसका साथी सूरज विजय को घायल कर खेत में फेंक कर भाग रहे थे इसी दौरान ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उन्हें पकड़ लिया। मौके पर एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद, सीओ अमरीश कुमार और स्थानीय पुलिस पहुंची। पीड़ित के बेटे विनीत कुमार ने बताया कि छह महीने पहले उनकी मां आरोपी सूरज के साथ भाग गई थी। कुछ दिन बाद वह वापस आ गई तभी से आरोपी रंजिश रखने लगा था। पुलिस ने घायल विजय को अस्पताल भेज दिया है। एसपी सिटी के अनुसार दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। घायल के बयान दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिरोजाबाद के अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद के मुताबिक महिला पूनम और उसके प्रेमी के आपस में प्रेम संबंध है इस संबंध में वह 6 महीने पहले उसके साथ चली भी गई थी लेकिन पूनम के पति को उसके प्रेमी और उसके दोस्तों ने मिलकर पीटा है उसकी हालत गंभीर है जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है दोनों से पूछताछ जारी है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है।

# नीतीश कैबिनेट की बैठक में 24 एजेंडों पर लगी मुहर

## पुनौराधाम को विकसित करने में 883 करोड़ रुपए होंगे खर्च



**पटना (बिहार ब्यूरो चीफ)।** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक हुई।बैठक में 24 एजेंडों पर मुहर लगी है।सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम को अयोध्या की तरह पूरी तरह से विकसित करने के लिए एक बड़ी योजना बनाई गई है।इस काम पर करीब 883 करोड़ रुपए खर्च होंगे।सरकार ने इस योजना को मंजूरी दे दी है।इसमें पैसा कहां से आएगा,काम कैसे होगा और बाद में इसका देखभाल और संचालन कैसे होगा,इसकी भी पूरी तैयारी कर ली गई है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए चुनाव में इस्तेमाल होने वाले मतपत्र छापने के लिए बिहार सरकार ने तय किया है कि कोलकाता की सरस्वती प्रेस लिमिटेड को यह काम करने की इजाजत दी जाएगी।सरकार ने यह अनुमति बिहार वित्त नियमावली 2024 के नियम 131द के तहत दी है।इसके अलावा बिहार सरकार ने 'मुख्यमंत्री गुरू-शिष्य परंपरा योजना' शुरू की है।इस योजना का मकसद है राज्य की पुरानी और खत्म होती कलाओं को बचाना और आगे बढ़ाना।

इसके लिए 2025-26 में 1करोड़ 11 लाख 60 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे।इस योजना में युवाओं को ऐसी दुर्लभ कलाओं की ट्रेनिंग दी जाएगी।उन्हें इन कलाओं के जानकार गुरुओं से सिखाया जाएगा ताकि ये कला रूप आगे भी जीवित रहें।वहीं कलाकारों के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को स्वीकृति मिली है।इसके तहत बिहार राज्य के कलाकारों को 3 हजार रुपए का मासिक पेंशन दिया जाएगा।नेचुरल फार्मिंग योजना,2025-26 में नेचुरल फार्मिंग(प्राकृतिक खेती)योजना चलाने के लिए सरकार ने 36 करोड़ 35 लाख रुपये खर्च करने की मंजूरी दी है।कृषि विस्तार योजना(सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन)चौथे कृषि रोड मैप के तहत बामेती और आत्मा(जिला स्तर पर कृषि प्रबंधन संस्था)को वेतन,मानदेय और प्रशासनिक खर्च के लिए 80 करोड़ 99 लाख रुपये खर्च करने की मंजूरी मिली है।प्रधानमंत्री कृषि विकास योजना के तहत मिट्टी जांच प्रयोगशाला बनाने,जैव उर्वरक प्रयोगशाला बनाने और पुरानी मिट्टी जांच लैब को सुधारने के लिए 30 करोड़ 49 लाख रुपये खर्च करने की मंजूरी दी गई है।कृषि प्रशिक्षण योजना,कृषि विस्तार योजना के तहत बामेती और आत्मा को प्रशिक्षण,भ्रमण और संपर्क कक्षा चलाने के लिए 41करोड़ 2 लाख रुपये खर्च करने की अनुमति मिली है।भोजपुर के गोकुल जलाशय के विकास और देखरेख के लिए 2025 से 2029 तक 32.48 करोड़ रुपये खर्च करने की मंजूरी मिली है।

सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की भर्ती संविदा पर करने की अनुमति दी गई है।पंचायत और ग्राम कचहरी के चुने हुए जनप्रतिनिधियों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से पैसे देने की मंजूरी मिली है।सरकारी कर्मचारियों की प्रोन्नति के लिए जरूरी न्यूनतम सेवा अवधि में बदलाव किया गया है।बिहार विधानसभा सचिवालय के निदेशक राजीव कुमार का कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के बाद,उन्हें एक साल के लिए फिर से इसी पद पर रखा जाएगा।

# दरभंगा में पत्थरबाजी, पुलिस ने 41 लोगो को किया गिरफ्तार






मनोज कुमार

दरभंगा के बहेड़ा थाना क्षेत्र के पोहद्दी गांव में मोहर्रम को लेकर दो पक्षो के बीच झड़प हो गई।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एक समुदाय के बच्चे मोहर्रम का झंडा लेकर गलियों में घूम रहे थे।

उसी दौरान दूसरे समुदाय के बच्चों से कहासुनी हो गई।

देखते देखते दोनों समुदाय के बड़े लोग आमने सामने हो गए और दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। जिसमे 6 लोग घायल हो गए। जिसका इलाज सीएचसी में चल रहा है। वही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों समुदाय से 41लोगो को गिरफ्तार किया है। वही घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण एसपी आलोक कुमार, एसडीपीओ आशुतोष कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर, बहेड़ा थाना प्रभारी दलबल के साथ गांव पहुंचकर मामले को शांत किया। वही स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए प्रशासन ने मजिस्ट्रेट की तैनाती कर मोबाइल व्हीकल से लगातार निगरानी की जा रही है।

वही सीसीटीवी फुटेज और मोबाईल फुटेज के माध्यम से शेष असमाजिक तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है।वही पुलिस ने अब तक 41लोगों को गिरफ्तार किया है।दोनों समुदाय के लोग शामिल हैं।वही ग्रामीण एसपी आलोक ने कहा कि यह झगड़ा बच्चों से शुरू होकर बड़ों तक पहुंचा।पहले ऐसा नहीं होता था।दोनों समुदाय दशकों से साथ रह रहे हैं।त्योहार भी मिलजुल कर मनाते रहे हैं।इस बार छोटी बात को लेकर विवाद बढ़ा।उन्होंने कहा कि ऐसी सोच बदलने की जरूरत है। समाज के वरिष्ठ लोगों को सतर्क रहना होगा।बच्चों की गतिविधियों पर बड़ों की निगरानी जरूरी है।पुलिस और प्रशासन शांति बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।



# डीएम ने मतदाताओं को जागरूक किया, कहा- अफवाहों पर ध्यान नहीं दे

**पटना(बिहार ब्यूरो)।** विपक्ष के तमाम विरोध के बीच निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का कार्य जोर-शोर से शुरू कर दिया है।लखीसराय में भी जिला प्रशासन की टीम घर-घर जाकर मतदाताओं का वेरिफिकेशन करने में जुटी है।डीएम मिथलेश मिश्र खुद अधिकारियों के साथ घर-घर जाकर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर मतदाताओं को जागरूक किया।डीएम ने बताया मतदाता सूची सत्यापन को लेकर बीएलओ के साथ मजिस्ट्रेट लेवल के अधिकारी जुटे हैं।घर-घर जाकर वोटरों को सत्यापन किया जा रहा है।खासकर 1987 के बाद जन्म लेने वाले और 2003 के बाद के वोटर को अपना सत्यापन कराना है।डीएम मिथलेश मिश्र ने कहा कि तय समय में काम पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि किसी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान न दें और विशेष गहन पुनरिक्षण अंतर्गत एन्यूमरेशन फॉर्म जरूर भरें।

# भागलपुर दंगे के मुख्य आरोपी को लालू यादव ने दिया सम्मान

## पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम नीतीश कुमार ने किया : उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना (बिहार ब्यूरो चीफ)।** मंगलवार को जनता दल(यू)प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक अब्दुल कय्यूम अंसारी एवं परमवीर चक्र से सम्मानित अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद जी की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई।इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं मंत्री जनाब जमा खां सहित अन्य वरीय नेताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



इसी मौके पर बहुजन लोक दल का जनता दल(यू)में विधिवत विलय हुआ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीति एवं नेतृत्व में आस्था जताते हुए बहुजन लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तरकीब आलम अंसारी ने अपने अनेक पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जद(यू)की सदस्यता ग्रहण की।सभी को पार्टी की सदस्यता प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने दिलाई।कार्यक्रम की अध्यक्षता सलीम परवेज ने की,जबकि संचालन जनाब गुलाम गौस रईन ने किया।इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ,मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, इरशादउल्लाह,मेजर हैदर इकबाल हैदर, इरशाद अली आजाद,अबिद हुसैन,रेजा अली आलम,साबिर अली सिद्दीकी, ओसामा महबूब,शहीद आलम एवं नजीर अंसारी समेत कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह केवल दलों का विलय नहीं,बल्कि विचारधारा और विश्वास का संगम है,जो बिहार को विकास की नई दिशा देगा।उन्होंने कहा कि जो लोग स्वयं को अल्पसंख्यक समाज का सबसे बड़ा हितैषी बताने का दावा करते हैं,उनके 15 वर्षों के शासनकाल में अल्पसंख्यकों के सशक्तिकरण के नाम पर कोई ठोस कार्य नहीं हुआ।उन्होंने कहा कि बिहार का अल्पसंख्यक समाज आज भी नहीं भूला है कि भागलपुर दंगे के मुख्य आरोपी को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने न सिर्फ संरक्षण दिया,बल्कि सार्वजनिक मंच से सम्मानित कर समाज की भावनाओं को आहत किया।जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने न केवल दोषी को सजा दिलवाई, बल्कि पीड़तों के पुनर्वास एवं पेंशन योजना जैसे मानवीय कार्यों के माध्यम से उन्हें न्याय दिलाया।

वहीं विधान पार्षद ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से बिहार तेज़ी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में आने वाला समय बिहार के लिए स्वर्णिम युग साबित होगा। साथ ही यह भी कहा कि "नीतीश हैं,तो प्रदेश का हर नागरिक सुरक्षित है।

# एनडीए में सभी दल मजबूती से चुनाव लड़ेंगे: विजय कुमार चौधरी, मंत्री

**पटना (बिहार ब्यूरो चीफ)।** पटना के जदयू कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लगे पोस्टर पर बिहार सरकार में मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों की तस्वीर है,साथ होना इसमें कुछ भी और ऐसा नहीं है।

एनडीए में सभी घटक दल एक साथ मजबूती से चुनाव लड़ेंगे।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बराबर कहते हैं कि पिछले बात को भूल जाना चाहिए।अब हम लोग एक साथ मिलकर एनडीए एकजुट है और मजबूत है।इसीलिए विपक्ष हाथोंत्साहित है बिहार की जनता के दिलों में दोनों की तस्वीर है।तेजस्वी यादव के चुनाव आयोग के आरोप पर विजय कुमार चौधरी ने कहा यह साजिश कैसे हो सकती है।चुनाव आयोग बार-बार कह रहा है कि कोई सही मतदाता छूट नहीं,अगर गलत मतदाता है उसको हटाया जाएगा।चुनाव आयोग की तरफ से समय दिया गया है,अगर कमी रह जाएगी तो चुनाव आयोग ने पहले ही कहा है कि उसे पर विचार किया जाएगा।सभी राजनीति पार्टियों को इस कार्य में सहयोग करना चाहिए।अगर किसी पार्टी को कोई दिक्कत होगी तो चुनाव आयोग को जाकर वह जानकारी दे सकता है।चुनाव आयोग ने 2003 तक जिनका मतदाता सूची में नाम है,उनको कोई दिक्कत नहीं होगी।चुनाव आयोग ने 11डॉक्यूमेंट दिए हैं उसमें से कोई भी दे सकते हैं।प्रशांत किशोर ने कहा था कि जदयू को 25 से कम सीट आएंगे,इस पर विजय चौधरी ने कहा कि वह पहले भी कह चुके हैं वह कई बार भी लिख कर दे चुके हैं।तेजस्वी यादव वोटर लिस्ट को लेकर इतने आतंकित हो क्यों रहे हैं।

यह समझ में नहीं आ रहा,किस बात से डर रहे हैं।तेजस्वी यादव के बिल फाड़ने पर कहा की वह अभी भी बिल फाड़ सकते हैं।सरकार बनने की क्या जरूरत है।लागू होना ना होना उनको पता है कि उनकी सरकार बनने नहीं जा रही है।वक्फ संशोधन बिल पहले ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आश्वस्त किया है कि किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है और किसी की जमीन नहीं जा रही है।

# खेल एक्सप्रेस

## संक्षिप्त खबरें




### कैट ने चार जून की भगदड़ के लिये प्रथम दृष्टया आरसीबी को दोषी माना

**बेंगलुरू, ( भाषा )** केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) ने चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के लिये मंगलवार को प्रथम दृष्टया रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जिम्मेदार पाया । इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी । आरसीबी की पहली आईपीएल खिताबी जीत के बाद टीम द्वारा विधान सौधा से विजय परेड और स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ जश्न के कार्यक्रम की घोषणा के बाद स्टेडियम के पास एमजी रोड और कुब्बोन रोड इलाकों में लगभग ढाई लाख प्रशंसक उमड़ पड़े थे । कैट ने कहा,''इसलिए प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि लगभग तीन से पांच लाख लोगों के एकत्र होने के लिए आरसीबी जिम्मेदार है। आरसीबी ने पुलिस से उचित अनुमति या सहमति नहीं ली।'' कैट ने अपने अवलोकन में कहा, ''अचानक उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया जिसके परिणामस्वरूप लोग एकत्र हो गए।'' आरसीबी ने चार जून की सुबह की परेड और प्रशंसकों के कार्यक्रम के बारे में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया था और न्यायाधिकरण ने पाया कि पुलिस विभाग के पास इतने कम समय में इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए पर्याप्त समय नहीं था।

### हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिये 20 सदस्यीय भारत ए टीम का ऐलान किया

**नयी दिल्ली, (भाषा)** हॉकी इंडिया ने आठ से 20 जुलाई तक आठ मैचों के यूरोप दौरे के लिये 20 सदस्यीय भारत ए पुरूष टीम का ऐलान किया । यहां जारी एक बयान में हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिये आयोजित किया गया है । भारत ए टीम फ्रांस , आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक एक मैच खेलना है । हॉकी इंडिया ने कहा , ''इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा । वे सीनियर टीम के लिये भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे ।'' भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे । गोलकीपर अंकित मलिक , डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे । भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो आठ जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी।

### संन्यास से पहले भारत में टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं लियोन

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा), (भाषा)** आस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट श्रृंखला जीतना चाहते हैं । सैतीस वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने आस्ट्रेलिया के लिये 138 टेस्ट में 556 विकेट लिये हैं । भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाये हैं लेकिन भारत में कभी भी श्रृंखला नहीं जीत सके । आस्ट्रेलिया ने 2004 . 05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है । लियोन ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, '' मैं भारत में श्रृंखला जीतना चाहता हूं । मैं इंग्लैंड में भी श्रृंखला जीतना चाहता हूं ।'' उन्होंने कहा, '' हमारे पास यह मौका होगा लेकिन हमें टेस्ट दर टेस्ट रणनीति बनानी होगी ।

## खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी।

# भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने को खेलो भारत नीति को मंजूरी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है।



पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस नीति और मंत्रिमंडल के अन्य फैसलों के बारे में संवाददाताओं से कहा, ''हमने पिछले 10 साल के अनुभव का इस्तेमाल किया है और नयी नीति खेलों में सुधार की दिशा में काम करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल करना है।

यह हमारा मुख्य उद्देश्य है।'' भारत 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की इच्छा जता चुका है जिसके लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों को देश में लाने पर बड़े पैमाने पर जोर दिया गया है। प्रेस सूचना ब्यूरो के एक बयान में नयी नीति को केंद्रीय मंत्रालयों, नीति आयोग, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ), खिलाड़ियों, इस मामले के विशेषज्ञों और हितधारकों के साथ 'व्यापक विचार-विमर्श' का परिणाम बताया गया है। इसके तहत खेल को पर्यटन और आर्थिक विकास से जोड़ा जायेगा ।

वैष्णव ने कहा, ''बड़ी संख्या में लोग आईपीएल, फुटबॉल मैच देखने के लिए यात्रा करते हैं। इससे पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।'' यह दस्तावेज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ जुडने का प्रयास करता है, जिसमें खेलों को स्कूली पाठ्यक्रम का एक अभिन्न अंग बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि इसका उद्देश्य शिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को खेल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण से लैस करना है। इसके सूचीबद्ध लक्ष्यों में खेल प्रशासन के लिए एक मजबूत नियामक ढांचा स्थापित करना और पीपीपी (सरकारी और निजी क्षेत्रों की भागीदारी) और सीएसआर के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी सहित नवीन वित्तपोषण तंत्र का विकास करना शामिल है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इसे भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को नया आकार देने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम बताया।




### विंबलडन में भी मशीन ने संभाला लाइन जज का काम

**लंदन,(एपी)** दुनिया के कई प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंटों की तरह अब विंबलडन में भी इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने लाइन जज का काम संभाल लिया है। दुनिया का सबसे पुराना ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट सोमवार को जब शुरू हुआ तो सबसे बड़ा बदलाव यही देखने को मिला कि लाइन जज की छुट्टी कर दी गई है और उनकी जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन लाइन से बाहर पड़ने वाली गेंद के लिए पहले से रिकॉर्ड की गई आवाज में 'आउट' कह रही है। विंबलडन में तीन बार के विजेता और अब कॉमेंटेटर की भूमिका निभा रहे जॉन मैकेनरो ने भी इस बदलाव का स्वागत किया। उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों और प्रशंसकों को लाइन जज की आवाज की कमी खलेगी लेकिन अगर मशीन सटीक फैसला देती है तो यह अच्छा बदलाव है। कम से कम अब आपके दिमाग में फैसले को लेकर कोई संदेह तो नहीं रहेगा।''66 वर्षीय मैकेनरो ने मजाक में कहा, ''अगर पहले ऐसा होता तो मेरे बाल इतने सफेद नहीं होते, जितने अब हैं।'' दुनिया की प्रमुख टेनिस प्रतियोगिताओं में पहले ही लाइन जज की जगह इलेक्ट्रॉनिक मशीन ने ले ली है। केवल फ्रेंच ओपन अपवाद है जहां अब भी लाइन जज ही फैसला सुनाते हैं।

### स्मृति आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

**दुबई, (भाषा)** भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई । वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी । मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की । मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके कैरियर में सर्वोच्च हैं । वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है ।

## भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े

# इंग्लैंड के खिलाफ वापसी के लिये भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

**बर्मिंघम, (भाषा)** भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें ।

हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली ।

सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें ।

डोइशे ने कहा , '' रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर



देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहनीं । हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे ।'' उन्होंने कहा , '' टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है । इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है । हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं ।''बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है ।

इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी । पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं । इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी । यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा ।

पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले ।

नई दिल्ली, बुधवार 2 जुलाई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



''राष्ट्रपति जी देश की कोटि-कोटि मातृशक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। फर्श से अर्श की यात्रा, शून्य से शिखर की यात्रा कैसे होती है, वह उसकी एक विशिष्ट पहचान हैं।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



नद गोपाल गुप्ता नंदी ने जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

**मुरादाबाद में एक्सपोर्टर्स मीट का भव्य आयोजन**

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने निर्यातक 'डिजाइनको' ग्रुप के उत्पादों की सराहना की








नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद –पीतल नगरी के नाम से विश्व में विख्यात मुरादाबाद को हस्तशिल्प नगरी भी कहा जाता है,को विगत दिवस एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ जब देश के यशस्वी लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला पहली बार मुरादाबाद की धरती पर पधारे।

यह शुभ अवसर डिज़ाइन्को प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित एक्सपोर्टर्स मीट के रूप में साकार हुआ, जिसमें देश के कई प्रमुख राजनीतिक और औद्योगिक हस्तियों ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया।इस भव्य आयोजन के मुख्य अतिथि श्री ओम बिड़ला ने मुरादाबाद की लोकप्रिय निर्यातक कंपनी ''डिज़ाइन्को'' की उत्पादन इकाई का निरीक्षण किया और मुरादाबाद के विश्वप्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पादों की बारीकियों, गुणवत्ता और शिल्प कौशल की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद के कारीगरों की मेहनत, नवाचार और कला न केवल देश को गौरवान्वित करती है, बल्कि वैश्विक बाज़ार में भारत की अलग पहचान भी स्थापित कर रही है।इस अवसर पर केंद्र सरकार में राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद तथा भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह भी विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी सम्मानजनक और ऐतिहासिक बना दिया।

डिज़ाइन्को द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम न केवल संस्था के लिए, बल्कि सम्पूर्ण मुरादाबाद के हस्तशिल्प उद्योग के लिए एक नई ऊर्जा, प्रेरणा और आत्मगौरव का प्रतीक बनकर उभरा है। कारीगरों के प्रति सम्मान और निर्यात क्षेत्र में ''डिज़ाइन्को'' की गुणवत्ता और जवाबदेही पूर्ण व्यापार करने की भूमिका की सराहना स्वयं लोकसभा अध्यक्ष द्वारा किया जाना, मुरादाबाद के कारीगरों के लिए उत्साहवर्धक क्षण था।

डिज़ाइन्को के संस्थापक विनीत लोहिया परिवार ने समस्त अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे अपनी कला और परिश्रम को नई दिशा देने वाला अवसर बताया। कंपनी ने इसे ''वोकल फॉर लोकल'' अभियान की सच्ची अभिव्यक्ति बताया, जहां स्थानीय शिल्प को राष्ट्रीय मंच पर पहचान मिली।यह आयोजन मुरादाबाद की सांस्कृतिक और औद्योगिक पहचान को और अधिक सशक्त करता है, तथा भविष्य में ऐसे आयोजनों के माध्यम से शिल्पकारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध होगा।

कार्यक्रम में डिजाइनको समूह के सीएमडी विनीत कुमार लोहिया, विभोर कुमार लोहिया विपिन कुमार लोहिया और विनय कुमार लोहिया सहित वरिष्ठ अधिकारी व परिवारजन उपस्थित रहे तथा स्थानीय प्रमुख समाजसेवी शख्सियत भी इस दौरान उपस्थित थे।

## देश की करोड़ों महिलाओं के लिए आदर्श हैं राष्ट्रपति मुर्मू : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर**, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 'करोड़ों भारतीय महिलाओं के लिए प्रेरणा' और 'शून्य से शिखर' तक की यात्रा का प्रतीक बताते हुए मंगलवार को कहा कि उनका जीवन दर्शाता है कि कैसे दृढ़ संकल्प और राष्ट्र-प्रथम की भावना के साथ हम प्रतिकूल परिस्थितियों से ऊपर उठ सकते हैं।



राष्ट्रपति द्वारा गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में नयी शैक्षणिक सुविधाओं का उद्घाटन और एक बालिका छात्रावास की आधारशिला रखे जाने के अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा, ''राष्ट्रपति जी देश की कोटि-कोटि मातृशक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। फर्श से अर्श की यात्रा, शून्य से शिखर की यात्रा कैसे होती है, वह उसकी एक विशिष्ट पहचान हैं।''

आदित्यनाथ ने कहा, ''देश के लिए संघर्षों से जिन्होंने अपना रास्ता तैयार किया हो, विपरीत परिस्थितियों और आपदाओं का सामना करते हुए भी अपने स्वयं के संकट को कभी प्रगति के मार्ग में बाधा न मानते हुए उन्होंने हमेशा राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ पूरा जीवन समाज के वंचित तबकों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया है।'' उन्होंने कहा, ''मैं राष्ट्रपति जी का गोरखपुर के दो दिन प्रवास और उनका जो विशेष सानिध्य गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश को प्राप्त हुआ, उसका आभार व्यक्त करते हुए हृदय से उनका स्वागत करता हूं।'

मुख्यमंत्री ने गोरखपुर की दो दिवसीय यात्रा पर आईं राष्ट्रपति की सराहना करते हुए कहा, ''राष्ट्रपति जी जमीनी स्तर से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक की यात्रा का प्रतीक हैं। उनका जीवन दृढ़ संकल्प के साथ प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और राष्ट्र और वंचितों के कल्याण के लिए निस्वार्थ भाव से काम करने का एक जीवंत उदाहरण है।'' उन्होंने कहा कि खराब मौसम के बावजूद गोरखपुर में राष्ट्रपति का कार्यक्रम शिक्षा, सार्वजनिक सेवा और युवा सशक्तीकरण के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''राष्ट्रपति आज प्रातः काल से ही आयुष विश्वविद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में और इस दौरान छात्र-छात्राओं के साथ जगह-जगह सड़कों पर नजर आयीं। ऐसा पहली बार हुआ है जब भारत का कोई संवैधानिक प्रमुख सड़क पर छात्रों का अभिवादन करता हुआ बच्चों के साथ जाकर उनके साथ संवाद करे।

## योगी आदित्यनाथ, केशव मौर्य और मायावती समेत कई नेताओं ने अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई दी

**लखनऊ**, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को उनके जन्मदिन पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती समेत कई नेताओं ने बधाई दी और उनके दीर्घायु होने की कामना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई !'' योगी के बधाई संदेश पर सपा प्रमुख यादव ने उसी पोस्ट में जवाब देते हुए कहा, "आपकी शुभकामनाओं के लिए हार्दिक धन्यवाद !"

राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में लिखा, ''सपा प्रमुख, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद श्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं !'' मौर्य ने इसी पोस्ट में यादव के दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा, ''भगवान प्रभु श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव महादेव की कृपा से आपका स्वास्थ्य उत्तम और आप दीर्घायु हों।''



बसपा प्रमुख मायावती ने 'एक्स' पर बधाई संदेश में कहा, "समाजवादी पार्टी के प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में सांसद अखिलेश यादव जी को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई तथा उनके सुखी व दीर्घायु जीवन की भी ढेरों शुभकामनायें।" इस पोस्ट पर अपने जवाब में यादव ने लिखा, ''आपकी शुभकामनाओं के लिए हार्दिक धन्यवाद।''

कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं।'' राय ने कहा, ''बाबा श्री काशीविश्वनाथ जी महाराज से आपके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की प्रार्थना करता हूं। हर हर महादेव !''

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष एवं पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सपा अध्यक्ष को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। अपना दल (एस) की अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं माननीय सांसद अखिलेश यादव जी को समस्त अपना दल परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।"

पटेल ने कहा "ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करती हूं। आप जनसेवा के मार्ग पर निरंतर प्रगति व यश प्राप्त करते रहे।'' निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद) के अध्यक्ष एवं राज्य के मत्स्य मंत्री डॉ संजय निषाद ने भी सोशल मीडिया मंच पर अखिलेश यादव को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए, उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

सपा प्रमुख एवं कन्नौज के सांसद अखिलेश यादव शुक्रवार को 52 साल के हो गए। उनका जन्म एक जुलाई 1973 को इटावा जिले के सैफई में हुआ। वह समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मुलायम सिंह यादव के पुत्र हैं।

## कानपुर, अलीगढ़, बरेली मंडल की 8 कम्पनियों को मिलेगी 4.91 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



- औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने विभागीय प्रस्ताव को दी स्वीकृति
- उद्यमियों को नेट जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाएगी प्रोत्साहन राशि

**नई दिल्ली।** प्रदेश में निवेश को बढ़ाने, निवेशकों को अधिक से अधिक सहूलियत प्रदान करने एवं उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिए शुरू की गई उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत कानपुर मंडल की छह एवं अलीगढ़ व बरेली मंडल की एक - एक कम्पनियों को चार करोड़ 91 लाख 38 हजार 207 रूपए की नेट जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने मंगलवार को विभागीय प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की। अब जल्द ही कानपुर, अलीगढ़ एवं बरेली मंडल के इन उद्यमियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।मेसर्स मॉडर्न स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड जैनपुर कानपुर देहात को 35 लाख 93 हजार 883 रूपए, मेसर्स बजरंग बली स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड अकबरपुर कानपुर देहात को 26 लाख 21 हजार 102 रूपए, मेसर्स हिंगलाज फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड पनकी कानपुर को 9 लाख 38 हजार 148 रूपए, मेसर्स हाइटेक प्लास्ट इस्पात नगर कानपुर को 15 लाख 63 हजार 826 रूपए, मेसर्स रेज पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड उद्योग कुंज पनकी कानपुर को 55 लाख 98 हजार 854 रूपए, मेसर्स माधव पाइप्स चकेरी कानपुर को 21 लाख 90 हजार 978 रूपए की धनराशि नेट जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मंत्री नन्दी ने कहा कि इस प्रोत्साहन राशि से उद्योगों को और बढ़ाने में मदद मिलेगी। अलीगढ़ मंडल में मैसर्स स्टर्लिंग एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड कासगंज को दो करोड़ 50 लाख 51 हजार 416 रुपए और बरेली मंडल के मेसर्स कृष्णा कोरुगेटर्स बरेली को 75 लाख 80 हजार रुपए नेट जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।मंत्री नन्दी ने कहा कि 2017 से पहले जहां उत्तर प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था। वहीं योगी सरकार में उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है।

जहां निवेशकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन योजना नीति के तहत विशिष्ट नीतियां घोषित की है. इनके अंतर्गत सब्सिडी, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति एवं व्यवसायों के लिए अन्य वित्तीय प्रोत्साहनों का प्रावधान किया गया है. नए भारत का नया उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख गंतव्य बन कर उभरा है।

## आधुनिक भारत के चिंतक थे महर्षि दयानंद सरस्वती: आचार्य बालकृष्ण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**अजमेर**। पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार के अधिष्ठाता आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण महाराज ने आज जयपुर रोड स्थित सामाजिक क्रांति के अग्रदूत गुरुवर महर्षि दयानंद सरस्वती की निर्वाण स्थली भिनाय कोठी का दौरा किया। इस अवसर पर न्यास के संरक्षक व पूर्व विधायक डॉ॰ श्रीगोपाल बाहेती और मंत्री सोम रत्न आर्य ने बालकृष्ण का स्वागत किया।



भिनाय कोठी में अपने संबोधन में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि महर्षि दयानंद ने वेदों की ओर लौटने का आह्वान किया और कर्म का सिद्धांत, पुनर्जन्म तथा संन्यास को अपने दर्शन का आधार बनाया। उन्होंने सार्वभौमिक शिक्षा का समर्थन किया ताकि सभी वर्गों के लोग शिक्षित हो सकें और वेदों का अध्ययन कर सकें।

ऋषि दयानंद द्वारा लिखित कालजयी कृति सत्यार्थ प्रकाश में शिक्षा, विवाह, गृहस्थ जीवन, राजधर्म और सदाचार जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने यज्ञ के महत्व को बताते हुए कहा कि यह सनातन संस्कृति का महत्वपूर्ण अनुष्ठान है और यज्ञ विज्ञान के अनुसार अग्नि में डाली गई औषधि पर्यावरण को शुद्ध करती है और बीमारियों को कम करती है। उन्होंने सभी से स्वामी जी के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। भिनाय कोठी आने से पहले आचार्य बालकृष्ण ने जयपुर रोड स्थित ''स्टैच्यू ऑफ ट्रूथ'' का भी अवलोकन किया1

आचार्य बालकृष्ण के साथ डॉ. सलिल माहेश्वरी, डॉ. अनुराग वार्ष्णय, डॉ. संजीव माहेश्वरी, डॉ. श्याम भूतड़ा व पतंजलि के अन्य पदाधिकारीयों का भी स्वागत किया1 इस अवसर पर वैदिक विद्वान व न्यासी पंडित रामस्वरूप, महंत शिवरतन शरण जी, गौकृषि आदि रक्षिणी सभा के मंत्री गिरधारी लाल, न्यास के उप मंत्री जय किशन परवानी, तेज सिंह, प्रकाश किशोर खन्ना, डॉ॰ राम किशन गुर्जर, वंदना आर्य, यतीन्द्र शास्त्री, सौरभ सोनी, सुशांत ओझा, सारिका जैथलिया, रवींद्र मारोठिया, सत्यनारायण शर्मा, विश्वास पारीक और राहुल आर्य सहित कई आर्यजन उपस्थित थे।

## उत्तर प्रदेश में 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' अभियान की शुरुआत करें किसान : आनंदी बेन पटेल

**गोरखपुर**, (भाषा) उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को किसानों से 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' अभियान की शुरुआत करने की अपील की।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में अपने संबोधन में राज्यपाल पटेल ने किसानों से अपील की कि वे 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' अभियान की शुरुआत करें। उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के रूप में पूर्वांचल में आयुर्वेद का एक बड़ा केंद्र शुरू हो रहा है और इसके माध्यम से औषधीय खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

## तमिलनाडु के शिवकाशी में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट की घटना में आठ लोगों की मौत

**विरुधुनगर** (तमिलनाडु), (भाषा) तमिलनाडु के शिवकाशी स्थित एक पटाखा निर्माण इकाई में मंगलवार सुबह हुए धमाके में दो महिलाओं सहित कम से कम आठ श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने की घोषणा की है।

पुलिस ने बताया कि धमाके के बाद फैक्टरी में भीषण आग लग गई और कई लोग घायल हो गए। पटाखों के फटने से उठता धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था।

पुलिस तथा अग्निशमन एवं बचाव सेवा के कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

यह घटना शिवकाशी के पास स्थित चिन्नाकामनपट्टी गांव में एक निजी पटाखा निर्माण इकाई में सुबह साढ़े आठ बजे हुई। राजस्व अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं।

मृतकों की पहचान आर. महालिंगम, सी. चेल्लापांडियन, के. लक्ष्मी, आर. राममूर्ति, आर. पुन्यमूर्ति, के. रामजयं, एम. नागापंडी और जी. वैरामणि के रूप में हुई है।

पांच घायलों का इलाज शिवकाशी और मदुरै के सरकारी अस्पतालों में हो रहा है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, स्टालिन ने कहा कि गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये तथा मामूली रूप से घायल हुए लोगों को 50-50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। यह जानकारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में दी गई।

## शारदा अस्पताल में मनाया राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे, डॉक्टरों के योगदान और मानसिक स्वास्थ्य पर रहा जोर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा>** नॉलेज पार्क स्थित शारदा अस्पताल और शारदा केयर हेल्थसिटी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के अवसर पर एक भावनात्मक और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया, जिसमें डॉक्टरों के समर्पण, त्याग और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को सराहा गया।



स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च की डीन डॉ. निरुपमा गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि "डॉक्टर्स डे केवल उन्हें सम्मान देने का दिन नहीं है, बल्कि यह दिन हमें यह सोचने पर विवश करता है कि डॉक्टर भी इंसान हैं और उन्हें भी मानसिक और भावनात्मक सहयोग की उतनी ही आवश्यकता होती है जितनी दूसरों को।" उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टरों को बेहतर कार्य वातावरण, मानसिक स्वास्थ्य के लिए सपोर्ट सिस्टम और सामूहिक सराहना की आज विशेष जरूरत है।

शारदा केयर हेल्थसिटी के वाइस प्रेसिडेंट रिषभ गुप्ता ने डॉक्टरों की तुलना सीमाओं पर तैनात सैनिकों से की। उन्होंने कहा, "डॉक्टर सीमाओं पर नहीं, बल्कि अस्पतालों में हमारी जिंदगियों के लिए लड़ते हैं। कोविड-19, एड्स, इबोला, फ्लू जैसी गंभीर बीमारियों में जब सभी लोग पीछे हट जाते हैं, तब डॉक्टर ही सबसे पहले मोर्चा संभालते हैं।" डॉक्टरों का योगदान केवल चिकित्सा तक सीमित नहीं है, वे समाज में जीवन प्रत्याशा और विश्वास के सबसे मजबूत स्तंभ हैं।

शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमैन वाई.के. गुप्ता ने कहा कि डॉक्टरों की भूमिका केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि वे हर मरीज के लिए मानसिक संबल और भावनात्मक समर्थन का भी माध्यम बनते हैं। उन्होंने कहा— "डॉक्टर दिन-रात दूसरों की सेवा में लगे रहते हैं और कई बार अपनी सेहत की भी अनदेखी कर बैठते हैं। डॉक्टरों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती इसलिए उन्हें भगवान का दर्जा दिया गया है।" उन्होंने कहा कि डॉक्टर्स डे का उद्देश्य सिर्फ सम्मान देना नहीं है, बल्कि उनके लिए बेहतर कार्यस्थल, ज़रूरी सुविधाएं और सहयोगपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना भी है।

कार्यक्रम में अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. रामामूर्ति शर्मा, डेंटल कॉलेज के डीन डॉ. एम. सिद्धार्थ सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों ने अपने अनुभव साझा किए।

## दो दशक बाद मंच साझा करेंगे चचेरे भाई उद्धव और राज ठाकरे

मुंबई, (भाषा) त्रिभाषा नीति से संबंधित विवादित सरकारी प्रस्ताव वापस लिए जाने के उपलक्ष्य में शिवसेना (उबाठा) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की पांच जुलाई को होने वाली संयुक्त विजय रैली में 20 साल में पहली बार उद्धव और राज ठाकरे मंच साझा करते दिखाई देंगे।

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (उबाठा) और राज ठाकरे की अगुवाई वाली मनसे ने मंगलवार को वर्ली स्थित एनएससीआई डोम में आयोजित होने वाले ₹मराठी विजय दिवस₹ समारोह के लिए संयुक्त सार्वजनिक निमंत्रण जारी किया। 'मराठीचा आवाज' शीर्षक वाला संयुक्त निमंत्रण इस आयोजन की पहली आधिकारिक घोषणा है।

निमंत्रण में पार्टी का कोई चिन्ह या झंडा नहीं है, बस महाराष्ट्र की एक ग्राफिक तस्वीर दिखाई गई है। इसमें मेजबान के रूप में राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के नाम का उल्लेख है। शिवसेना (उबाठा) के सांसद संजय राउत ने पुष्टि की कि उद्धव और राज ठाकरे रैली में शामिल होंगे।



आने वाले महीनों में चर्चित मुंबई नगर निकाय और अन्य नगर निगमों के चुनाव होने वाले हैं, ऐसे में मराठी पहचान के संवेदनशील मुद्दे पर दोनों भाइयों के बीच संभावित सुलह पर राज्य के राजनीतिक हलकों में उत्सुकता से नजर रखी जा रही है। महाराष्ट्र के स्कूलों में कक्षा एक से हिंदी भाषा की पढ़ाई शुरू करने को लेकर विरोध के बीच मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को त्रिभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित दो जीआर (सरकारी प्रस्ताव) वापस लेने की घोषणा की।

मनसे और शिवसेना (उबाठा) ने त्रिभाषा नीति के माध्यम से हिंदी भाषा को ₹थोपे जाने₹ के खिलाफ विरोध मार्च का आह्वान किया था।

राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव वापस लिए जाने के तुरंत बाद, दोनों दलों ने मराठी लोगों की जीत का हवाला देते हुए, संयुक्त मार्च रद्द कर दिया।

बाद में उद्धव ठाकरे ने कहा कि पांच जुलाई को 'मराठी मानुष की एकता' का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

मंगलवार को जारी संयुक्त निमंत्रण ₹मराठी बहनों और भाइयों₹ को संबोधित किया गया है, तथा रैली को मराठी गौरव व एकता का उत्सव बताया गया है। निमंत्रण पर संदेश में लिखा है, ₹क्या हमने सरकार को झुका दिया ? हां ! यह जश्न आपका होगा और हम केवल आपकी ओर से लड़ रहे थे।₹

शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे ने उद्धव के साथ मतभेदों के कारण जनवरी 2006 में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। साल 2009 के विधानसभा चुनावों में (288 में से) 13 विधानसभा सीटें जीतने के बाद, मनसे ने धीरे-धीरे अपनी सियासी जमीन खो दी, और वर्षों से यह राज्य की राजनीति के हाशिये पर रही है।

राज ठाकरे ने कुछ महीने पहले एक साक्षात्कार के दौरान पुराने छोटे-छोटे मुद्दों को भूलने का संकेत दिया था। उद्धव ने भी अपने चचेरे भाई के साथ हाथ मिलाने की इच्छा भी जताई थी।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।